राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, रविवार, 24 मई 2026
वर्ष 07, अंक 228, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

बस्ती जिल में लाशों का मिलने का सिलसिला जारी पुलिस हत्याओं को रोकने में नाकाम..02

देर रात सड़कों पर बेखौफ घूम रहे अपराधी, विजय नगर में दो युवकों से मारपीट और तमंचे से धमकी..11

# माता-पिता आईएएस अधिकारी हों तो उनके बच्चे को आरक्षण क्यों?: सुप्रीम कोर्ट

● क्या आरक्षण का लाभ उठाकर आर्थिक और सामाजिक रूप से मजबूत हो चुके संपन्न परिवारों को आगे भी इस कोटे का फायदा मिलते रहना चाहिए?




**नई दिल्ली,** सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षण व्यवस्था में 'क्रीमी लेयर' (उन्नत वर्ग) को लेकर एक बार फिर गहरा सवाल उठाया है। न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्जल भुयान की पीठ ने गुरुवार को सुनवाई के दौरान टिप्पणी की, 'अगर दोनों माता-पिता आईएएस अधिकारी हैं तो उनके बच्चों को आरक्षण की क्या जरूरत? शिक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण के साथ सामाजिक गतिशीलता आती है। फिर बच्चों को आरक्षण देने की मांग क्यों? इससे हम कभी इस व्यवस्था से बाहर नहीं निकल पाएंगे।'

यह टिप्पणी कर्नाटक हाईकोर्ट के एक आदेश को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई के दौरान आई। याचिकाकर्ता राघवेंद्र फकीरप्पा चंद्रनावर ने ओबीसी आरक्षण का लाभ लेने से इनकार किए जाने के फैसले को चुनौती दी थी। उनके माता-पिता राज्य सरकार के कर्मचारी हैं और परिवार की वार्षिक आय आठ लाख रुपये से अधिक बताई जा रही है, जिसके आधार पर उन्हें 'क्रीमी लेयर' मानकर आरक्षण से वंचित रखा गया।

**### कोर्ट का तर्क**

पीठ ने मौखिक रूप से टिप्पणी की कि आरक्षण का उद्देश्य सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों को मुख्यधारा में लाना है। जब कोई परिवार आरक्षण का लाभ लेकर आईएएस-आईपीएस जैसी उच्च पदों तक पहुंच जाता है और आर्थिक रूप से मजबूत हो जाता है, तो अगली पीढ़ी को फिर आरक्षण का लाभ क्यों मिलना चाहिए? न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा, 'शिक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण के साथ सामाजिक गतिशीलता आती है। ऐसे परिवारों को आरक्षण व्यवस्था से बाहर निकलना चाहिए। 'कोर्ट ने इस मामले में केंद्र और संबंधित राज्यों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। यह टिप्पणी मात्र एक याचिका तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे देश में आरक्षण नीति पर चल रही व्यापक बहस को नई दिशा दे रही है।

**पृष्ठभूमि** भारत में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए 1992 के इंद्रा साहनी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने 'क्रीमी लेयर' सिद्धांत स्थापित किया था। इसके तहत सामाजिक और आर्थिक रूप से उन्नत लोगों को आरक्षण से बाहर रखा जाता है। वर्तमान में केंद्र सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार, ग्रुप ए या क्लास।अधिकारी (जैसे आईएएस, आईपीएस) के बच्चे सामान्यतः क्रीमी लेयर माने जाते हैं।

हालांकि, कई मामलों में व्याख्या को लेकर विवाद रहता है। मार्च 2026 में सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया था कि क्रीमी लेयर का निर्धारण केवल माता-पिता की आय पर नहीं, बल्कि उनकी पद-स्थिति और सामाजिक हैसियत को ध्यान में रखकर होना चाहिए।

राजनीतिक और सामाजिक प्रतिक्रियाएं इस टिप्पणी ने देशभर में चर्चा छेड़ दी है।

- **समर्थन:** कई विशेषज्ञों और सामाजिक कार्यकर्ताओं का कहना है कि यह टिप्पणी आरक्षण को वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंचाने की दिशा में सकारात्मक कदम है। वे तर्क देते हैं कि आरक्षण अनंतकाल तक नहीं चल सकता और इसे पीढ़ी दर पीढ़ी विस्तारित नहीं करना चाहिए।
- **विरोध:** कुछ दलित और पिछड़े वर्ग के संगठनों ने चिंता जताई है कि यह सामाजिक न्याय की नींव को कमजोर कर सकता है। उनका मानना है कि जातिगत भेदभाव अभी भी मौजूद है और आर्थिक स्थिति अकेले सामाजिक पिछड़ेपन को मिटा नहीं सकती।

विपक्षी दलों ने भी सरकार पर निशाना साधा है और कहा कि आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट के सवाल से साबित होता है कि केंद्र की नीतियां पिछड़े वर्गों के हितों की रक्षा नहीं कर पा रही हैं।

**व्यापक प्रभाव**

यह मामला केवल ओबीसी तक सीमित नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने पहले 2024 में एससी/एसटी आरक्षण में सब-क्लासिफिकेशन को मंजूरी दी थी और क्रीमी लेयर को इन श्रेणियों में लागू करने पर भी विचार किया जा रहा है। यदि यह सिद्धांत एससी/एसटी पर भी लागू होता है तो आरक्षण नीति में बड़ा परिवर्तन हो सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी आरक्षण को समय-समय पर समीक्षा करने और इसे अधिक न्यायसंगत बनाने का संकेत है। हालांकि, अंतिम फैसला आने में समय लग सकता है क्योंकि यह संवेदनशील मुद्दा है।

सरकार ने अभी तक औपचारिक प्रतिक्रिया नहीं दी है, लेकिन सूत्रों का कहना है कि केंद्र इस मामले पर सतर्कता से नजर रख रहा है और आवश्यक दस्तावेज कोर्ट में पेश करेगा। आरक्षण भारत की सामाजिक न्याय व्यवस्था का आधार स्तंभ रहा है। सुप्रीम कोर्ट का यह सवाल याद दिलाता है कि इसका उद्देश्य सशक्तिकरण है, न कि स्थायी विशेषाधिकार। अब देखना यह है कि इस बहस का अंतिम निष्कर्ष क्या निकलता है और इससे लाखों युवाओं के भविष्य पर क्या असर पड़ता है।

# विनेश फोगाट को दिल्ली हाईकोर्ट से राहत

● अयोग्य घोषित करने के फैसले पर कोर्ट ने डब्ल्यूएफआई को फटकारा

● विनेश फोगाट को दिल्ली हाई कोर्ट से बड़ी राहत मिली है, जिससे उन्हें 2026 एशियाई खेलों के चयन ट्रायल में भाग लेने की अनुमति मिल गई है।




**ब्यूरो प्रयागराज।** दिल्ली हाई कोर्ट ने शुक्रवार को भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) को फटकार लगाई। डब्ल्यूएफआई ने पहलवान विनेश फोगाट को घरेलू टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए अयोग्य घोषित कर दिया था। कोर्ट ने केंद्र सरकार से कहा कि वह फोगाट का मूल्यांकन करने के लिए एक विशेषज्ञ पैनल बनाए। चीफ जस्टिस डी.के. उपाध्याय और जस्टिस तेजस करिया की बेंच ने केंद्र सरकार से यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि फोगाट को आने वाले एशियन गेम्स के सिलेक्शन ट्रायल में हिस्सा लेने की इजाजत दी जाए। विनेश मातृत्व अवकाश के बाद खेल में वापसी करना चाहती हैं। पीठ ने टिप्पणी की कि डब्ल्यूएफआई का शीर्ष खिलाड़ियों को भाग लेने की अनुमति देने की पूर्व प्रथा पर नहीं चलना 'बहुत कुछ कहता है'।

पीठ ने इस बात पर जोर दिया कि देश में मातृत्व का जश्न मनाया जाता है और संघ को 'प्रतिशोध' की भावना से कार्य नहीं करना चाहिए। अदालत ने केंद्र से फोगाट का मूल्यांकन करने के लिए एक विशेषज्ञ पैनल गठित करने को कहा। हाईकोर्ट ने मौखिक रूप से कहा, 'विशेषज्ञों से उसकी संभावनाओं का मूल्यांकन करने को कहें। यह सुनिश्चित करें कि वह भाग ले सके।' इससे पहले 18 मई को हाई कोर्ट ने विनेश फोगाट को 30 और 31 मई को होने वाले एशियन गेम्स चयन ट्रायल में शामिल होने की अनुमति देने से इनकार कर दिया था। वहीं, डब्ल्यूएफआई ने हाल ही में विनेश को कारण बताओ नोटिस जारी किया था और जून 2026 तक घरेलू टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए अयोग्य घोषित किया था। विनेश ने इस नोटिस को चुनौती दी थी जिस पर हाई कोर्ट में आज सुनवाई हुई।

डब्ल्यूएफआई ने हाल ही में अनुशासनहीनता और डोपिंग विरोधी नियमों के उल्लंघन के आरोपों पर विनेश को नोटिस भेजा था।इतना ही नहीं विनेश जून 2026 तक घरेलू टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए अयोग्य घोषित की गई क्योंकि उन्होंने यूडब्ल्यूडब्ल्यू के डोपिंग रोधी नियम के तहत संन्यास से वापसी के बाद जरूरी छह महीने का नोटिस पीरियड नहीं दिया है। यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने अपने पत्र में यह भी स्पष्ट किया था कि यदि विनेश दोबारा कुश्ती में वापसी करना चाहती हैं, तो उन्हें आईटीए या इंटरनेशनल फेडरेशन को कम से कम छह महीने पहले सूचना देनी होगी और इस दौरान एंटी-डोपिंग टेस्टिंग के लिए उपलब्ध रहना होगा। 15 पन्नों के नोटिस में, डब्ल्यूएफआई ने आरोप लगाया था कि विनेश के आचरण ने राष्ट्रीय स्तर पर शर्मिंदा किया है जिससे भारतीय कुश्ती की छवि को नुकसान पहुंचा है। डब्ल्यूएफआई ने विशेष रूप से उल्लेख किया था कि विनेश इस वर्ष 26 जून तक किसी भी घरेलू प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पात्र नहीं हैं, जिसमें गोंडा में 10 से 12 मई तक होने वाला राष्ट्रीय ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट भी शामिल था।

## फोगाट के विकील ने क्या कहा?

फोगाट के सीनियर वकील ने बेंच से गुजारिश की कि उन्हें ट्रायल में हिस्सा लेने का मौका दिया जाए. वकील ने दलील दी कि 9 मई को फोगाट को एक 'कारण बताओ नोटिस' (show-cause notice) जारी किया गया था. यह नोटिस गोंडा में होने वाले एक घरेलू टूर्नामेंट में उनके हिस्सा लेने से ठीक एक दिन पहले जारी किया गया था। वकील ने कहा कि इस नोटिस से साफ ज़ाहिर होता है कि कोई उन्हें बाहर निकालने के लिए हर मुमकिन कोशिश कर रहा है। कोर्ट ने इस 'कारण बताओ नोटिस' पर अपनी नाराज़गी ज़ाहिर की. कोर्ट ने कहा कि पेरिस ओलंपिक्स में फोगाट का बाहर होना पूरे देश के लिए शर्म की बात थी. कोर्ट ने यह भी सवाल उठाया कि आखिर यह क्यों न मान लिया जाए कि WFI ने जान-बूझकर फोगाट को बाहर करने के लिए सिलेक्शन के नियमों में बदलाव किया है।

# संक्षिप्त ख़बरें

## चौरी खास में जल मिशन की सप्लाई ठप, भीषण गर्मी में ग्रामीण परेशान



**भदोही** जनपद के चौरी खास क्षेत्र में जल जीवन मिशन की पानी सप्लाई पिछले एक सप्ताह से बाधित है। जानकारी के अनुसार चोर पानी सप्लाई से जुड़ी केबल काटकर ले गए, जिसके चलते पूरे गांव में पानी की आपूर्ति बंद हो गई है। भीषण गर्मी में लगभग 5000 की आबादी को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रधान पति महबूब आलम ने बताया कि करीब दो माह पहले भी चोरों द्वारा केबल काट लिया गया था। काफी प्रयास और मरम्मत के बाद पानी सप्लाई दोबारा चालू हो सकी थी, लेकिन एक सप्ताह पूर्व फिर चोर तार काट ले गए, जिससे पूरे गांव की जलापूर्ति ठप हो गई है। ग्रामीणों का कहना है कि पानी की समस्या के कारण लोगों को दूर-दराज से पानी लाना पड़ रहा है। सिकंदर मंसूरी, हर्ष कुमार गुप्ता, पेशकार, मेहंदी लाल, छोटे लाल, राजन सहित अन्य ग्रामीणों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से जल्द से जल्द पानी सप्लाई बहाल कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि भीषण गर्मी के इस मौसम में सरकार के जल आपूर्ति संबंधी दावे पूरी तरह फेल नजर आ रहे हैं। लोगों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

## मंगलवार 26 मई को श्री राघव जी मंदिर में हनुमान जी का श्रृंगार व भंडारे का आयोजन



**चुनार, मीरजापुर।** गंगेश्वर नाथ स्थित श्री राघव जी हनुमान मंदिर में मंगलवार 26 मई को सायं सात बजे हनुमान जी का श्रृंगार व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। सभी श्रद्धालुओं से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करें।

# कप्तानगंज ब्लाक परिसर बना मयखाना, महंगी गाड़ियों से चेस करने पहुँच रहे जरूरतमंद

● कुछ ग्राम पंचायतों में कागजी हाजिरी का खेल बदस्तूर जारी, आखिर कब टूटेगी बीडीओ की रहस्यमयी चुप्पी सेवा के अंतिम पड़ाव में पहुँचे बीडीओ हिसाब- किताब में मस्त, विभाग की भूले मर्यादा




**बस्ती।** बस्ती जिले के विकास खंड कप्तानगंज में ऐसा अनोखा मामला देखने को मिल रहा है शाम होते ही सुरा का असली असर देखना हो तो कप्तानगंज विकास खण्ड मुख्यालय आ जाइए क्योंकि यहां पर 'जाम से जाम' लड़ाने का कोई निर्धारित समय नहीं है जब मन हुआ तभी जरूरतमंद शुरू हो जाते है जिसके कारण ब्लाक परिसर मयखाने में तब्दील हो गया है कहना अतिश्योक्त नही होगा। विकास के नींव की शुरुआत करने वाला विकास खण्ड कप्तानगंज का मुख्यालय खुद के ही विकास से अछूता रह गया क्यों कि यहाँ विकास की बातें दिवास्वप्न जैसी हैं। यहाँ के जिम्मेदार तो दिन ही से जाम लगाना शुरु कर देते हैं और परिसर मयखाने में तब्दील हो जाता है।

सेवा के अंतिम पड़ाव पर पहुंचे खण्ड विकास अधिकारी ब्लाक का विकास करने के बजाय खुद के विकास व लेखा- जोखा दुरुस्त करने में लगे हैं। दूसरों के विकास का जिम्मा संभालने वाले ब्लाक के कर्मचारी, ब्लाक क्षेत्र के विकास के बजाय खुद के विकास में मशगूल हैं।इसी बीच क्षेत्र की कुछ ग्राम पंचायतों में मनरेगा कार्यो को लेकर कागजी हाजिरी का खेल भी थमने का नाम नहीं ले रहा है, जहां धरातल पर कार्य की स्थिति और अभिलेखों में दर्ज विवरण में स्पष्ट अंतर पाया जा रहा है, जबकि कागजों में सब कुछ दुरुस्त दिखाया जा रहा है। वहीं बीडीओ की रहस्यमयी खामोशी भी लोगों के बीच तरह-तरह की चर्चाओं का विषय बना हुआ है। अब लोग पूछने लगे हैं कि आखिर इस खेल पर लगाम कब लगेगी क्योंकि यदि ब्लाक के किसी भी कर्मचारी मय बीडीओ की यदि सही तरीक से जाँच हो जाए तो लगभग बहुतों चेहरे बेनकाब हो जाना तय है। ब्लाक कर्मचारियों को अपनी असलियत यदि जानना है तो हिम्मत करके एक शिकायत पेटिका टंगवाकर देख लें जनता व पीड़ित उनकी कलई खोलकर रख देंगें। अब देखना यह है कि जनपद के तेजतर्रार सीडीओ व्यवस्था व कप्तानगंज ब्लाक मुख्यालय की कार्य प्रणाली में कुछ सुधार ला पाते हैं या ऐसे ही विभाग की इज्जत नीलाम होती रहेगी या फिर योजनाओं को छकाने और जाम से जाम लड़ाने का यह सिलसिला यूं ही चलता रहेगा।

# लखनऊ एक्सप्रेसवे के फतेहाबाद टोल प्लाजा पर आग, बिना टोल के निकलीं गाड़ियां

**फतेहाबाद (आगरा)।** लखनऊ एक्सप्रेसवे के फतेहाबाद टोल प्लाजा के कंट्रोल रूम में शुक्रवार रात आग लग गई। इससे पूरे सर्वर सिस्टम के साथ ही अन्य उपकरण भी जल गए। सर्वर और कंट्रोल सिस्टम ठप होने के कारण टोल प्लाजा कुछ समय के लिए पूरी तरह टोल फ्री हो गया। वाहन बिना टोल टैक्स दिए ही गुजरते रहे।

**सर्वर, कंप्यूटर और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जल गए**

लखनऊ एक्सप्रेस वे के फतेहाबाद टोल प्लाजा पर रात आठ बजे कंट्रोल रूम के एयर कंडीशन में शार्ट सर्किट होने से आग लग गई। कुछ ही देर में लपटों ने विकराल रूप ले लिया। देखते ही देखते भीषण लपटें सर्वर रूम तक पहुंच गई। जहां लगे सर्वर, कंप्यूटर और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जल गए। हादसे के बाद टोलकर्मियों में भगदड़ मच गई।दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

# बच्ची की मौत के मामले में प्रधानाचार्य गिरफ्तार, जर्जर स्कूली बस के टूटे फर्श से नीचे गिरकर हुआ था दर्दनाक हादसा

**गंगीरी (अलीगढ़)।** जर्जर बस के टूटे फर्श से बच्ची की मौत के मामले पुलिस ने अब स्कूल के प्रधानाचार्य अनिल कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। वह आगरा के सदर क्षेत्र स्थित मोहल्ला नैनाना जाट के हैं। हादसे के बाद वह स्कूल आए थे। रास्ते में गांव पकड़ लिया। इससे पहले बस चालक व स्कूल प्रबंधक जेल भेजे जा चुके हैं। बस मालिक प्रबंधन की पत्नी है। विवेचना के दौरान मुकदमे में इनका नाम शामिल किया गया, जो कि फरार हैं। दादों क्षेत्र के गांव भाय निवासी रवि कुमार का जनसेवा केंद्र हैं। गांव हुसैनुपर में रह रहे हैं। यहां से 12 किलोमीटर गांव भुड़िया स्थित माउंट देव इंटरनेशनल स्कूल में उनकी सात वर्षीय बेटी अनन्या यूकेजी में पढ़ती थी। बड़ा बेटा गोलू तीसरी कक्षा में पढ़ता था। स्कूल की बस नंबर यूपी 81-बीटी-8873 से आते-जाते थे। 28 फरवरी को भी इस बस से दोनों बच्चे स्कूल गए। छुट्टी होने पर बस 50 बच्चों को लेकर रवाना हुई। कासगंज में ढोलना क्षेत्र के गांव बिरहरा का चंद्रपाल बस चला रहा था।

वह ढोलना के गांव छिछोरा, किनावा, नगला भूड़ छोड़ते हुए दोनों भाई-बहन के घर के लिए गंगीरी आ रहा था। अनन्या कंडक्टर साइड की सीट थी। भाई दूसरी सहित छह बच्चे और बस में थे। दोपहर करीब ढाई बजे ढोलना के गांव नगला बंजारा के निकट ब्रेकर पर बस उछली तो अनन्या बस के टूटे फर्श के हिस्से में होकर नीचे जा गिरी और पिछले पहिये के नीचे आ गई। भाई के चीखने पर चालक ने बस रोकी। लहुलुहान अनन्या को लाकर सीट पर लिटा दिया। बस को गंगीरी क्षेत्र के मलसई गांव ले आया। इस दौरान रवि को फोन पर बच्ची के घायल होने की जानकारी दी। गांव मलसई में ही रवि का जनसेवा केंद्र है। इसके चलते बस तक पहुंचने में उन्हें समय न लगा। चालक बस छोड़कर भाग गया था, जिसे ग्रामीणों ने दबोच लिया था। इसके व स्कूल प्रबंधक अरविंद यादव के खिलाफ रवि ने गैर इरादतन हत्या का अभियोग पंजीकृत कराया था। कुछ दिन बाद ही दोनों को पुलिस ने जेल भेज दिया। विवेचना में प्रबंधक की पत्नी रीना व प्रधानाचार्य का नाम मुकदमे में जोड़ा गया। प्रधानाचार्य शुक्रवार को स्कूल जा रहे थे। रास्ते में गांव नौगवां के पास गिरफ्तार कर लिया गया।

# निजी स्कूलों की मनमानी पर डीएम सख्त

● मनमानी फीस ड्रेस व किताबों की बाध्यता पर कठोर होगी कार्यवाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** जिला अधिकारी अभिषेक पांडेय की अध्यक्षता मे कलेक्ट्रेट सभागार मे जिला शुल्क नियामक समिति की बैठक मे स्वपोषित स्कूलों व निजी स्कूलों मे मनमानी फीस वृद्धि और किताबों ड्रेस व अन्य सामाग्री की अनिवार्यता आदि पर जिला विद्यालय निरीक्षक ओंकार राणा को निर्देशित किया कि निजी स्कूलों की फीस वृद्धि से संबंधित जानकारी समिति के समक्ष प्रस्तुत की जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि यदि कोई विद्यालय अभिभावकों पर निर्धारित शुल्क से अधिक फीस वसूलता है अथवा किसी विशेष दुकान या स्वयं के स्कूल से किताबें ड्रेस जूते मोजे खरीदने का दबाव बनाता है तो उसके विरुद्ध तत्काल नोटिस जारी कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।डीएम ने सख्त लहजे मे कहा कि निजी स्कूलों को नए शैक्षणिक सत्र में प्रवेश प्रक्रिया शुरू होने से 60 दिन पहले वेबसाइट व विद्यालय के सूचना पट पर शुल्क विवरण सार्वजनिक करना अनिवार्य होगा,वहीं वर्तमान सत्र में यह प्रक्रिया 30 दिनों मे पूरी करें।डीएम ने यह भी आदेश दिया है कि कोई भी निजी स्कूल पांच साल के पहले ड्रेस व किताबों में परिवर्तन नहीं करेगा।जून माह के पहले सप्ताह मे सभी स्कूलों के प्रबंधकों की बैठक बुलाई जाए। डीएम ने यह भी आदेश दिया है कि यदि किसी छात्र,अभिभावक, शिक्षक संगठन की ओर से अधिक शुल्क वसूली आदि की शिकायत पर समिति जांच करेगी, दोषी पाने पर प्रथम बार अधिक शुल्क वसूली गई कि वापसी के साथ लाख का जुर्माना और दूसरी बार मे पांच लाख तक का जुर्माना और तीसरी बार में मान्यता रद्द कर दिया जाएगा। डीएम ने निजी स्कूलों को चेतावनी देते हुए आदेशित किया कि शुल्क विनियमन अधिनियम के निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करें।हालांकि बैठक में निजी स्कूलों की मनमानी की समीक्षा हुई,लेकिन जनपद मे प्रत्येक गली कूचों मे फर्जी गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों के सम्बन्ध मे कोई चर्चा नहीं हुई।बैठक मे डीआईओएस ओंकार राणा बीएसए भूपेन्द्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

# बादलों और आंधी ने दी थोड़ी राहत, नौतपा होने जा रहा है शुरू; अब आगरा में गर्मी रात-दिन नहीं लेने देगी चैन

**आगरा।** एक सप्ताह से भीषण गर्मी का सितम झेल रहे शहरवासियों को शनिवार को बादल छाने और आंधी आने से कुछ राहत मिली। अधिकतम तापमान में गिरावट आई। मौसम विज्ञान विभाग ने रविवार को गरज के साथ बौछार पड़ने और तापमान में वृद्धि का पूर्वानुमान जताया है। सोमवार से नौतपा की शुरुआत होगी, जिसमें शहरवासियों को सूरज की तीव्र किरणें झेलनी पड़ सकती हैं। उधर, प्रदेश के गर्म शहरों में शनिवार को आगरा 11वें स्थान पर रहा। शहर में शनिवार को सुबह से धूप निकली। दिन चढ़ने के साथ तापमान भी बढ़ता चला गया। सुबह 11 बजे के बाद हल्के बादल छाने से सूरज की किरणों की तपिश कम रही। दोपहर दो बजे के करीब बादल छा गए और सूरज उनकी ओट में छिप गया। शहर में 60 किमी प्रति घटा से अधिक की रफ्तार से आंधी आई। आंधी आने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। शहर में धूल के गुबार छा गए, जिससे राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इससे अधिकतम तापमान में गिरावट आई, जिससे गर्मी का असर कम हुआ। अधिकतम तापमान 43.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 28.3 डिग्री सेल्सियस रहा।

# पेट्रोल पंपों पर उमड़ा भारी भीड़, कहीं मारपीट तो कहीं लगा घंटों जाम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवा क्षेत्र के पेट्रोल पंपों पर डीजल पाने के लिए मची अफरातफरी और हाहाकार थमने का नाम नहीं ले रहा है। शनिवार को नौतनवा ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत सेखुआनी स्थित इंडियन ऑयल और परसा सुमाली स्थित इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप पर जैसे ही डीजल का वितरण शुरू हुआ वैसे ही हजारों की संख्या में लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। खेती-किसानी के सीजन में डीजल की किल्लत से परेशान किसान और वाहन चालक अपने-अपने ट्रैक्टर, गाड़ियां और हाथों में बड़े-बड़े गैलन लेकर सुबह से ही कतारों में खड़े हो गए। देखते ही देखते दोनों ही पेट्रोल पंपों पर भारी अव्यवस्था और अफरातफरी का माहौल उत्पन्न हो गया।

डीजल लेने की इस अंधी होड़ और अव्यवस्था का नतीजा यह हुआ कि परसा सुमाली स्थित पेट्रोल पंप पर कतार में आगे निकलने की बात को लेकर आपस में तीखी बहस शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि लोगों के बीच आपस में लात-घूंसे और मारपीट शुरू हो गई, जिससे पंप परिसर में अफरातफरी जैसी स्थिति बन गई। वहीं दूसरी ओर सेखुआनी स्थित इंडियन ऑयल पंप पर स्थिति और भी भयावह हो गई। पंप पर उमड़ी ट्रैक्टरों और अन्य वाहनों की लंबी कतारों के कारण मुख्य मार्ग पर जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। जाम की वजह से राहगीरों, स्कूली वाहनों समेत अन्य वाहनों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी लाइनें लग गई।

की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस बल के कड़ी मशक्कत और सूझबूझ के बाद जाम को खुलवाया और भीड़ को तितर-बितर कर स्थिति को नियंत्रण में लिया। इस पूरे घटनाक्रम ने प्रशासन के दावों और आपूर्ति व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी है। क्षेत्र में लगातार बन रहे ऐसे तनावपूर्ण हालातों को देखकर अब आम जनता के बीच रोष पनप रहा है।

क्षेत्रीय निवासी राजकिशोर सिंह, धीरज अग्रहरी, संतराज प्रसाद, राजू भारती, संजय तिवारी, धीरू सिंह, विजय कुमार चौधरी, राकेश अग्रहरी, मोल्हू गुप्ता, राजेन्द्र, गुलाम नबी, मोहम्मद शमी, राहुल अग्रहरी, सोनू समेत अन्य लोगों का कहना है कि सुबह दस बजे से लाईन में खड़े हैं लेकिन चार घंटे के इंतजार के बाद भी अभी मशीन के नोजल तक नहीं पहुंच पाए। ऐसे में अगर आपूर्ति पर्याप्त है तो सप्लाई होने वाला डीजल-पेट्रोल जा कहां रहा है, यदि आपूर्ति सामान्य है तो पेट्रोल पंपों पर यह किल्लत और ब्लैक में बिकने की अफवाहें क्यों गर्म हैं। किसानों का कहना है कि समय पर डीजल न मिलने से उनकी खेती का काम ठप पड़ा है, जबकि जिम्मेदार अधिकारी इस संकट पर मौन साधे हुए हैं। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस कृत्रिम किल्लत और जमाखोरी की जांच कर डीजल-पेट्रोल की आपूर्ति सामान्य करवाई जाए ताकि समय से खेती-बाड़ी का कार्य सम्पन्न हो सके।

## संक्षिप्त खबरें

### बलरामपुर के पांच गांवों में तेंदुए का खौफ:बच्चों को घरों में रहने की सलाह, 20 दिन से सक्रिय, ईंट भट्ठे पर दिखा

**बलरामपुर** के गौरा चौराहा क्षेत्र स्थित रतनपुर गांव में तेंदुए की मौजूदगी से ग्रामीणों में दहशत है। तुलसीपुर वन यूनिट के अंतर्गत आने वाले इस गांव में तेंदुआ पिछले लगभग 20 दिनों से एक ईंट भट्ठे के पास डेरा डाले हुए है।शुक्रवार देर शाम करीब पांच बजे रतनपुर स्थित मन्नू चौधरी के ईंट भट्ठे पर तेंदुआ खुलेआम बैठा देखा गया। यह लगभग एक घंटे तक वहीं बैठा रहा और आसपास जमा भीड़ को देखता रहा। तेंदुए के दिखने की खबर फैलते ही भट्ठे पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। भीड़ बढ़ने और अंधेरा होने पर तेंदुआ धीरे-धीरे भट्ठे के पास बनी गहरी होल और घनी झाड़ियों में छिप गया। बताया जा रहा है कि भट्ठे के चारों ओर फैली झाड़ियां उसके लिए सुरक्षित ठिकाना बन गई हैं। ग्रामीणों के अनुसार, तेंदुआ अब तक अलगू पाल की भेड़, बकरी, कुत्ता और सियार को अपना शिकार बना चुका है। इन घटनाओं के कारण रतनपुर, विजयनगर झौव्वा, जोगीडीह, ठाकुरडीह और चिवटिहवा समेत पांच गांवों के लोगों में भय का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि जहां तेंदुआ अक्सर दिखाई देता है, वहां से कुछ ही दूरी पर लोगों के घर हैं। इससे बच्चों और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। क्षेत्रवासियों ने वन विभाग से तत्काल पिंजरा लगाकर तेंदुए को पकड़ने की मांग की है। इस संबंध में वन दरोगा मनमोहन पांडे ने बताया कि सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम सक्रिय हो गई है। टीम ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को सतर्क रहने के लिए जागरूक किया है और तेंदुए की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए कैमरे लगाए जा रहे हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही पिंजरा लगाकर तेंदुए को पकड़ने की कार्रवाई की जाएगी।

### थाना समाधान दिवस में डीएम-एसपी ने सुनी फरियादियों की समस्याएं, समयबद्ध निस्तारण के दिए निर्देश

**तुलसीपुर थाना परिसर में आयोजित पीस कमेटी बैठक में सौहार्दपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने की अपील**



**तुलसीपुर/बलरामपुर।** जनपद में आयोजित थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन एवं पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने थाना तुलसीपुर पहुंचकर फरियादियों की शिकायतों एवं समस्याओं को गंभीरता से सुना। इस दौरान अधिकारियों को प्राप्त प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। डीएम एवं एसपी ने विशेष रूप से भूमि विवाद तथा कानून-व्यवस्था से जुड़े संवेदनशील मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर पहुंचकर जांच करे और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करे, ताकि विवादों का प्रभावी समाधान हो सके। जिलाधिकारी ने कहा कि थाना समाधान दिवस का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण करना है। शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संबंधित अधिकारी पूर्ण संवेदनशीलता, पारदर्शिता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। थाना परिसर में आयोजित पीस कमेटी की बैठक में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने क्षेत्र के गणमान्य लोगों के साथ संवाद किया। उन्होंने आगामी त्योहारों को आपसी भाईचारे एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील करते हुए कहा कि सामाजिक समरसता जनपद की पहचान है। साथ ही संबंधित अधिकारियों को त्योहारों को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। थाना समाधान दिवस एवं पीस कमेटी बैठक में राजस्व, पुलिस विभाग के अधिकारी तथा क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### सप्त दिवसीय रामकथा का भंडारे के साथ हुआ समापन


**राम रसपान पाने से हि व्यक्ति भव सागर से पार होता हैं : रामायनी**



**महरौनी।** ग्राम खिरिया लटकनजू स्थित खिरिया सरकार मंदिर प्रांगण में सप्त दिवसीय रामकथा का भंडारे के साथ समापन हो गया, कथावाचक राम अनुग्रह रामायनी प्रयागराज ने अपने मुखार विन्द से सभी भक्तो को राम रसपान कराया,कथावाचक ने कहाँ कि व्यक्ति राम रसपान पाने से हि भव सागर से पार होता हैं,कथा श्रवण करने के लिए सैंकड़ो भक्त गढ़ो ने उपस्थित रहकर रामकथा का आनंद लिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त ग्रामवासियों एवं क्षेत्रवासियो का विशेष सहयोग रहा।

# बस्ती जिल में लाशों का मिलने का सिलसिला जारी पुलिस हत्याओं को रोकने में नाकाम

**● रवई नदी एकटेकवा के बगल ढोणरहवाघाट में मिला मजदूर का शव, पुलिस जांच में जुटी**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले में सुरक्षा के नाम पर खाना पूर्ति हो रही है रात्रि गस्त की पोल खुल रही है बस्ती जिले में हत्याओं का दौर चल रहा है पुलिस अपने कर शैली से अलग भटक रही है वसूली के आगे आम जनमानस की सुरक्षा का ध्यान नहीं है पुलिस को आए दिन जिले में लाशों मिलनेका सिलसिला सिलसिला जारी है जनता का पुलिस से भरोसा उठ रहा है आए दिल लाशों का मिलना ग्रामीण जनता भयभीत नजर आ रही है बड़े साहब ऐसी में फरियाद सुनने के नाम पर प्रार्थना पत्र लेते हैं लेकिन कार्रवाई नहीं होती है बस्ती जिले के कोई ऐसा थाना होगा जो प्रार्थना पत्र पर जांच कर कारवाई किया होगा कोई ऐसा थाना नहीं दिखाई दे रहा है पुलिस की मनमानी पर सवाल उठ रहे हैं कई वर्षों से एक ही थाने पर जमें पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई क्यों नहीं हो रही है ताजा मामला बस्ती जिलेके थाना कप्तानगंज क्षेत्र अंतर्गत एकटेकवा के बगल ढोणरहवाघाट स्थित रवई नदी में शुक्रवार देर रात एक व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

सूचना मिलते ही दुबौला चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक विवेकानंद तिवारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की सहायता से शव को नदी से बाहर निकलवाया। पुलिस द्वारा शव की पहचान चंद्रभान उर्फ डिगुर भी (45 वर्ष) पुत्र पुरई निवासी ग्राम बघौड़ा, थाना कप्तानगंज, जनपद बस्ती के रूप में कराई गई। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। शव मिलने की खबर से गांव और आसपास के क्षेत्र में शोक का माहौल व्याप्त हो गया। ग्रामीणों एवं परिजनों के अनुसार मृतक मजदूरी का कार्य करता था तथा अत्यधिक नशा करने का आदी था। पुलिस प्रारंभिक जांच के आधार पर मामले की जांच कर रही है। सूचना पर थाना अध्यक्ष कप्तानगंज भी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई पूर्ण करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के वास्तविक कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। फिलहाल पुलिस द्वारा अन्य विधिक कार्रवाई नियमानुसार की जा रही है। घटना के बाद मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जुटी रही, हालांकि पुलिस की मौजूदगी में क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी हुई है।

### अज्ञात कारणों से आग लगी, मोटरसाइकिल सहित लाखों का सामान जलकर खाक



**बस्ती।** बस्ती जिले केछावनी थाना क्षेत्र के बाघानाला गांव में शुक्रवार की शाम लगभग 4 बजे अज्ञात कारणों से आग लग गई, जिसमें दो लाख की मोटरसाइकिल सहित लाखों रुपए का अन्य सामान जलकर खाक हो गया। जानकारी के अनुसार, बाघानाला गांव निवासी मिठाई लाल पुत्र दुखरन के घर के सामने बने रिहायशी छप्पर में अचानक आग भड़क गई। चिलचिलाती धूप में आग बेकाबू हो गई और जब तक आसपास के लोग आग पर काबू पाते, छप्पर सहित तमाम गृहस्थी का सामान जलकर नष्ट हो गया। गृहस्वामी मिठाई लाल ने बताया कि हाल ही में खरीदी गई लगभग पौने दो लाख की मोटरसाइकिल, एक साइकिल, दो भूसा के छप्पर और एक मवेशी भी बुरी तरह झुलस गई। मौके पर चौकी विक्रमजोत के उपनिरीक्षक राम विलास शर्मा, लेखपाल सपना सिंह और प्रधान बच्चाराम यादव पहुंचकर आर्थिक नुकसान का आकलन किया और रिपोर्ट तहसील को भेज दी।

## दलित महिला की कृषि भूमि कब्जाने का आरोप,अधिकारियों पर मिलीभगत के गंभीर आरोप!

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** बस्ती जिले में दबंगों का कहर बरकरार है ना तो जिला प्रशासन रोक पा रहा है और ना ही तहसील प्रशासन रोक पा रहा है जिले में दबंगों द्वारा की जा रही आप बहुत तरीके से कब्जा पुलिस विभाग भी ढीली रवैया के कारण गरीबों को नहीं न्याय मिल रहा है में अनुसूचित जाति की महिला की कृषि भूमि को कथित रूप से धोखाधड़ी कर सामान्य वर्ग के लोगों द्वारा अपने नाम कराने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। पीड़िता द्वारा जिलाधिकारी सहित कई अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं।

पीड़िता का आरोप पीड़िता विंदू देवी का कहना है कि उनकी कृषि भूमि को फर्जी तरीके से रजिस्ट्री कर कब्जाने की कोशिश की जा रही है। विरोध करने पर धमकी और दबाव बनाया जा रहा है।सूत्रों का बड़ा दावासूत्रों के अनुसार संबंधित लेखपाल शिवम यादव एवं कानूनगो पर विपक्षी पक्ष से मिलीभगत के आरोप लग रहे हैं। चर्चा है कि मामला दबाने के लिए अधिकारियों पर दबाव बनाया जा रहा है। प्रशासन पर उठे सवाललगातार शिकायतों के बाद भी कार्रवाई न होने से ग्रामीणों में आक्रोश है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते निष्पक्ष जांच नहीं हुई तो बड़ा विवाद खड़ा हो सकता है।

पीड़िता ने फर्जी दस्तावेज निरस्त कर भूमि पर अवैध कब्जा रोकने तथा दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की है।।

हकीकत माने तो डीएम बस्ती एसडीएम हरैया के आदेशों को रद्दी समझ मनमानी में जुटे हैं संबंधित लेखपाल/ रा. नि.पूरा मामला बस्ती जिले के तहसील हरैया अंतर्गत बभनान निकट मुंडेर गांव से जुड़ा है।

## ऑपरेशन 'चक्रव्यूह' के तहत शुक्ल बाजार पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**● गैंगेस्टर अभियुक्त तमंचा समेत गिरफ्तार**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**शुकुल बाजार, अमेठी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान 'ऑपरेशन चक्रव्यूह' के तहत थाना बाजारशुक्ल पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने एक शातिर हिस्ट्रीशीटर एवं गैंगेस्टर अभियुक्त को अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरुद्ध हत्या, हत्या के प्रयास, चोरी, गैंगेस्टर एक्ट, पॉक्सो एक्ट सहित गंभीर धाराओं में एक दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं।पुलिस अधीक्षक अमेठी सरवणन टी. के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में अपराधियों की धरपकड़ के लिए अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना बाजारशुक्ल पुलिस टीम संदिग्ध व्यक्ति, वाहन एवं क्षेत्र की चेकिंग कर रही थी।

चेकिंग के दौरान पुलिस ने रामहेत पुत्र स्वर्गीय जगरूप निवासी पूरे गुमान मजरे दक्खिन गांव थाना बाजारशुक्ल जनपद अमेठी, उम्र लगभग 47 वर्ष को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा तथा एक जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर थाना बाजारशुक्ल में आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त एक शातिर अपराधी है, जिसका लंबा आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ अमेठी एवं बाराबंकी जनपद के विभिन्न थानों में हत्या, हत्या के प्रयास, चोरी, मारपीट, गैंगेस्टर एक्ट, पॉक्सो एक्ट समेत कई गंभीर मामलों में कुल 12 मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी लंबे समय से पुलिस की निगरानी सूची में शामिल था।इस कार्रवाई में थाना अध्यक्ष बाजारशुक्ल विवेक सिंह, उपनिरीक्षक सुरेन्द्र सिंह, हेड कांस्टेबल रमेश चन्द्र, कांस्टेबल जंगबहादुर यादव चौहान एवं कांस्टेबल भूपेन्द्र सिंह की सक्रिय भूमिका रही। पुलिस की इस कार्रवाई को क्षेत्र में अपराध नियंत्रण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### मां कात्यायनी माता मन्दिर पर विधी विधान व मंत्रोच्चार के बीच हुआ हवन पूजन व भण्डारा

**ललितपुर।** मोहल्ला नेहरू नगर में स्थित मां कात्यायनी माता मन्दिर के पावन स्थान पर सात दिनों तक संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा वृन्दावन से पधारे कथा वाचक श्री प्रशांत कृष्ण जी महाराज की मधुर वाणी से श्रद्धालुओं को रसपान करने को मिली और श्रीमद् भागवत कथा का समापन दिन शुक्रवार को गया था सात दिनों तक श्रद्धालुओं में धार्मिक आस्था और भक्ति का माहौल देखने को मिला दिन शनिवार को आचार्य दीपक रिछारिया ने श्रद्धा और भक्ति के साथ बड़े ही विधी विधान व मंत्रोच्चार के बीच हवन पूजन का कार्यक्रम सम्पन्न कराया और बड़े ही भक्ति भाव व गाजे बाजे के साथ आरती भी सम्पन्न कराई जिससे पूरा मन्दिर परिसर भक्तिमय के वातावरण से गुंजायमान रहा मन्दिर पर आये हुये सभी श्रद्धालु भक्ति रस में सरोबार नजर आये और धर्म लाभ प्राप्त किया इसके बाद वृन्दावन धाम से पधारे कथा वाचक श्री प्रशांत कृष्ण जी महाराज की विदाई बड़े ही भक्ति भाव व गाजे बाजे के साथ की गई और देर रात्रि तक भव्य भण्डारे का कार्यक्रम चलता रहा इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मां कात्यायनी माता मन्दिर पर पहुंचकर भण्डारे का प्रसाद ग्रहण कर अपने मंगलमय जीवन को सफल बनाया मां कात्यायनी माता मन्दिर परिसर में भक्तिमय माहौल बना रहा इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## डीजल चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा, 25 हजार का इनामिया समेत तीन गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** बस्ती जिले केथाना छावनी पुलिस ने स्वाट, सर्विलांस और एसओजी टीम के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए हाईवे पर ट्रकों और ट्रेलरों से डीजल चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने 25 हजार के इनामी अभियुक्त समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी में इस्तेमाल होने वाले औजार, लगभग 100 लीटर चोरी का डीजल, नकदी, मोबाइल फोन और एक चार पहिया वाहन बरामद किया है। पुलिस के अनुसार 23 मई 2026 को पटखापुर तिराहा सर्विस लेन के पास संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिलने पर थाना छावनी पुलिस, स्वाट, सर्विलांस और एसओजी टीम ने संयुक्त घेराबंदी की। इस दौरान तीन संदिग्धों को पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान उनके पास से डीजल चोरी करने के उपकरण और चोरी किया गया लगभग 100 लीटर डीजल बरामद हुआ।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान भीम पाण्डेय पुत्र शीतल प्रसाद पाण्डेय निवासी मुस्तफाबाद थाना अहिरौली जनपद अम्बेडकरनगर, धीरज गोस्वामी पुत्र सत्यनारायण गोस्वामी निवासी उत्तेरथु गोसाई का पूरवा थाना इब्राहिमपुर जनपद अम्बेडकरनगर तथा मोहन पाण्डेय पुत्र जालंधर पाण्डेय निवासी मुस्तफाबाद थाना अहिरौली जनपद अम्बेडकरनगर के रूप में हुई है। इनमें भीम पाण्डेय पर 25 हजार का इनाम घोषित था और पुलिस लंबे समय से उसकी तलाश कर रही थी।

पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वे किराये के चार पहिया वाहन से विभिन्न इलाकों में घूमते थे और मौका मिलते ही हाईवे किनारे खड़े ट्रकों व ट्रेलरों की टंकियों का ताला तोड़कर डीजल चोरी करते थे। चोरी के लिए वे विशेष औजारों का इस्तेमाल करते थे और बाद में चोरी का डीजल बेचकर अवैध कमाई करते थे। पुलिस को आशंका है कि यह गिरोह लंबे समय से कई जिलों में सक्रिय था और इनके आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है। बरामदगी में तीन पिलास, तीन बड़े स्पैनर रिंच,1820 नकद, दो एंड्रॉयड मोबाइल फोन, एक होंडा सिटी कार संख्या UP32MH4055 तथा लगभग 100 लीटर चोरी का डीजल शामिल है। इस मामले में थाना छावनी पर मु0अ0सं0 107/2026 धारा 313 एवं 317(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर सभी आरोपियों को न्यायालय भेजा जा रहा है। इस कार्रवाई में थानाध्यक्ष चन्दन कुमार, उपनिरीक्षक सभाजीत मिश्रा, शोभा यादव, एसओजी प्रभारी विकास यादव, स्वाट/सर्विलांस प्रभारी शेषनाथ यादव सहित थाना छावनी, एसओजी, स्वाट और सर्विलांस टीम के कई पुलिसकर्मी शामिल रहे।

## तहसीलदार राहुल सिंह के नेतृत्व में बाजार थाना परिसर में आयोजित हुआ समाधान दिवस

**● 9 शिकायतों में 2 का मौके पर ही गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से हुआ निस्तारण**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**शुकुल बाजार, अमेठी।** जनसमस्याओं के त्वरित एवं पारदर्शी निस्तारण को लेकर शासन की मंशा के अनुरूप शनिवार को थाना शुकुल बाजार परिसर में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता तहसीलदार राहुल सिंह ने की। समाधान दिवस में बड़ी संख्या में फरियादी अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे, जहां राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों ने गंभीरता से उनकी शिकायतें सुनीं। तहसीलदार राहुल सिंह ने बताया कि समाधान दिवस के दौरान कुल 9 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 2 मामलों का मौके पर ही गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से निस्तारण कर दिया गया। उन्होंने कहा कि शेष शिकायतों के समाधान के लिए पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम गठित की गई है, जो मौके पर पहुंचकर जांच करेगी और निर्धारित समय सीमा के भीतर निष्पक्ष तरीके से शिकायतों का निस्तारण सुनिश्चित करेगी। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुना जाए तथा किसी भी शिकायत के निस्तारण में लापरवाही न बरती जाए। शासन की मंशा के अनुरूप आमजन को त्वरित न्याय दिलाना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। तहसीलदार ने कहा कि समाधान दिवस का उद्देश्य ग्रामीण एवं क्षेत्रीय जनता को एक ही स्थान पर प्रशासनिक सुविधा उपलब्ध कराना है, जिससे लोगों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।समाधान दिवस के दौरान भूमि विवाद, रास्ता विवाद, पैमाइश, कब्जा एवं अन्य राजस्व संबंधी मामलों की शिकायतें प्रमुख रूप से सामने आई। अधिकारियों ने संबंधित पक्षों से जानकारी



लेकर कई मामलों में तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।इस अवसर पर उपनिरीक्षक चंद्रशेखर, कानूनगो संतराम, कानूनगो अमरनाथ पांडे सहित थाना स्टाफ एवं राजस्व विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने फरियादियों को भरोसा दिलाया कि सभी शिकायतों का निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से निस्तारण कराया जाएगा।थाना समाधान दिवस के आयोजन से क्षेत्रीय लोगों में संतोष देखने को मिला। लोगों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से आमजन की समस्याओं का समाधान तेजी से संभव हो पाता है।

## प्रेम और भक्ति का प्रतिक है शिव- पार्वती विवाह- कथा व्यास

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पलिया पश्चिम।** बाबा काशी धाम बनारस मंदिर से आए पंडित चंद्रकांता जी महाराज ने बृहस्पतिवार को राजा परीक्षित व शिव-पार्वती विवाह का प्रसंग सुनाया कहा कलयुग का प्रवेश राजा परीक्षित के स्वर्ण मुकुट से हुआ। उन्होंने कहा कि द्वापर युग की समाप्ति के समय कलयुग राजा के राज्य में विचरण करने लगा। राजा परीक्षित को जब यह सूचना मिली तो वह उसे भगाने के लिए पहुंचे। उन्होंने देखा कि एक राजपुरूष गाय और बैल को मार रहा है। दोनों जानवर कातर होकर भाग रहे हैं। यह देख राजा ने राजपुरूष को रोककर मारने की चेष्टा की जिसपर व गिड़गिड़ाने लगा। राजा ने उसका परिचय कलयुग के रूप में प्राप्त किया। गाय पृथ्वी व बैल धर्म का प्रतीक था। उसके बाद राजा ने उसे स्वर्ण, द्यूत, हसा, मद्य आदि में रहने के लिए कहा। उसी समय कलियुग मौका देखकर राजा के मुकुट मे घुस गया और उनके मस्तिष्क को दूषित करने लगे। जिसके बाद राजा ने कलयुग के प्रभाव ऋषि शमीक का अपमान और उनके पुत्र श्रृंगी ऋषि के श्राप का कारण बने। शिव विवाह में कि भगवान शिव और देवी पार्वती का विवाह प्रेम, तपस्या और भक्ति का प्रतीक है।

सती ने अपने पिता दक्ष के यज्ञ में आत्मदाह कर लिया तो हिमालय के घर पार्वती के रूप में उनका पुनर्जन्म हुआ। पार्वती ने भगवान शिव को पति के रूप में प्राप्त करने के लिए कठोर तपस्या की। उनकी भक्ति और तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उन्हें स्वीकार किया। देवी पार्वती की तपस्या के दौरान देवताओं ने कामदेव को शिवजी का ध्यान भंग करने के लिया भेजा। शिवजी ने अपनी तीसरी आंख खोलकर कामदेव को भस्म कर दिया। इसके बाद नारद मुनि ने हिमालय को शिव-पार्वती विवाह का प्रस्ताव दिया। भगवान शिव और देवी पार्वती का विवाह धूमधाम से संपन्न हुआ। कथा के दौरान सर्व इच्छापूर्ति हनुमान मंदिर पूरे ठाकुर दुबे पलिया पश्चिम मेंशिव प्रकाश द्विवेदी, धर्मेंद्र कुमार द्विवेदी, शिवभूषण द्विवेदी, बब्बन, शशि भूषण द्विवेदी, गिरिजा प्रसाद द्विवेदी, माधव प्रसाद द्विवेदी, प्रदीप द्विवेदी, तन्नी, अनुराग द्विवेदी एवं हजारों भक्तगणों ने कथा का रसपान किया।

### बार थाना परिसर में आयोजित हुआ थाना दिवस, दो मामलों का मौके पर निस्तारण




**ललितपुर बार।** मई माह के चौथे शनिवार को बार थाना प्रांगण में थाना दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता तालबेहट तहसीलदार पीयूष भार्गव ने की। थाना दिवस में फरियादियों की समस्याएं सुनी गई, जिनमें अधिकतर मामले जमीन संबंधी रहे। थाना दिवस के दौरान कुल चार प्रकरण प्राप्त हुए, जिनमें से दो मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष मामलों के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा- निर्देश दिए गए। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक रमेश चंद्र मिश्रा व संबंधित गांवों के लेखपाल, कानूनगो तथा फरियादी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने राजस्व एवं पुलिस विभाग के कर्मचारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का निष्पक्ष एवं समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना।

## PWDबलरामपुर में जिंदा कर्मचारी को मृत दिखाया:रिकॉर्ड से छेड़छाड़, आरोपी बाबू पर अब तक कार्रवाई नहीं

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर** में लोक निर्माण विभाग (PWD) के प्रांतीय खंड में कर्मचारियों के अभिलेखों से कथित छेड़छाड़ और अवैध वसूली का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। विभागीय रिकॉर्ड और मानव संपदा पोर्टल पर एक कर्मचारी को 'मृत' दर्शाने के बावजूद 15 दिन बीत जाने पर भी आरोपी बाबू के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से कर्मचारियों में नाराजगी है। मामला मेट पद पर कार्यरत अनुरुद्ध प्रताप तिवारी से जुड़ा है। आरोप है कि उन्हें विभागीय रिकॉर्ड में मृत दिखाकर उनका वेतन रोक दिया गया था।जब रिकॉर्ड में गड़बड़ी का मामला सामने आया तो विभाग में हड़कंप मच गया। शिकायत उच्चाधिकारियों तक पहुंचने के बाद विभागीय स्तर पर जांच शुरू की गई। इस मामले में अधिशासी अभियंता कुमार शैलेंद्र ने बताया कि विभागीय अभिलेखों को सही कर दिया गया है और अनुरुद्ध प्रताप तिवारी का रुका हुआ वेतन भी जारी कर दिया गया है।



अधिशासी अभियंता ने बताया कि पूरे मामले की जांच के लिए गठित समिति अगले दो दिनों में अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि डीडीओ सहायक के पद पर कार्यरत वरिष्ठ सहायक मो. शफीक से भी स्पष्टीकरण मांगा गया है।विभागीय कर्मचारियों और कर्मचारी संगठन के पदाधिकारियों का आरोप है कि गंभीर मामले में अब तक सिर्फ जांच के नाम पर खानापूर्ति की जा रही है। उनका कहना है कि जिस स्तर से मानव संपदा पोर्टल पर गड़बड़ी की गई थी, उसी स्तर से बाद में रिकॉर्ड को सही भी कर दिया गया। इससे प्रथम दृष्टया जिम्मेदारी तय होती दिख रही है, लेकिन अब तक न तो किसी को निलंबित किया गया और न ही कार्यमुक्त।गौरतलब है कि अधीक्षण अभियंता कार्यालय ने भी मामले को गंभीर मानते हुए अधिशासी अभियंता को जांच कर तथ्यात्मक रिपोर्ट देने के निर्देश दिए थे। पत्र में उल्लेख किया गया था कि मानव संपदा पोर्टल पर कर्मचारियों के रिकॉर्ड से छेड़छाड़ कर धन उगाही किए जाने की शिकायतें मिली हैं।पीडब्ल्यूडी नियमित वर्कचार्ज कर्मचारी संघ का आरोप है कि विभाग में वर्षों से जमे कुछ बाबू जानबूझकर कर्मचारियों के डेटा में त्रुटियां डालते हैं और फिर उन्हें ठीक कराने के नाम पर वसूली करते हैं। संघ ने पूरे मामले में कठोर विभागीय कार्रवाई की मांग की है।अब सभी की नजर जांच कमेटी की रिपोर्ट पर टिकी है। विभागीय कर्मचारियों के बीच चर्चा है कि यदि इतने गंभीर मामले में भी दोषियों पर कार्रवाई नहीं होती, तो विभागीय भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाना मुश्किल होगा।

## रहमतगढ़ और पूरे भोजा तिवारी में विशाल भंडारे का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

शुकुल बाजार, अमेठी। ज्येष्ठ माह में पड़ रहे बड़े मंगलवार एवं शनिवार के अवसर पर क्षेत्र में धार्मिक आयोजनों और भंडारों की धूम देखने को मिल रही है। इसी क्रम में विकासखंड शुकुल बाजार क्षेत्र के रहमतगढ़ एवं पूरे भोजा तिवारी गांव में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जहां हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया और बजरंगबली का आशीर्वाद प्राप्त किया।

रहमतगढ़ गांव में पत्रकार दिनेश तिवारी के यहां आयोजित विशाल भंडारे में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। पूरे क्षेत्र में भक्ति और श्रद्धा का माहौल बना रहा। श्रद्धालुओं के लिए विधिवत पूजन-अर्चन के बाद प्रसाद वितरण का कार्यक्रम शुरू हुआ, जो देर शाम तक चलता रहा।इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता गिरीश चंद्र शुक्ला, वरिष्ठ पत्रकार एवं भारतीय जनता पार्टी अमेठी मीडिया विभाग के जिला सहसंयोजक सुशील कुमार मिश्रा, वरिष्ठ भाजपा नेता पंडित राम उंजेरे शुक्ला तथा उद्योगपति महेंद्र विजय सिंह सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण कर आयोजन की सराहना की।वहीं पूरे भोजा तिवारी स्थित धर्म, आस्था और विश्वास के केंद्र महावीर धाम हनुमान मंदिर पर भी विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। यह आयोजन देवा हॉस्पिटल के संचालक डॉ. विकास मिश्रा के सौजन्य से संपन्न हुआ। मंदिर परिसर में सुबह से ही भक्तों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। जय श्रीराम और बजरंगबली के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।भंडारे में वरिष्ठ भाजपा नेता गिरीश चंद्र शुक्ला, वरिष्ठ पत्रकार सुशील कुमार मिश्रा, एडवोकेट प्रमोद शुक्ला, त्रिलोचन पांडे, राजा पांडे, अनूप तिवारी, राजेंद्र मिश्रा सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक एवं हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। आयोजन समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए बैठने, पेयजल और प्रसाद वितरण की समुचित व्यवस्था की गई थी।ग्रामीणों ने बताया कि ज्येष्ठ माह में बड़े मंगलवार और शनिवार को भंडारे एवं धार्मिक आयोजनों की परंपरा वर्षों से चली आ रही है। ऐसे आयोजनों से जहां धार्मिक आस्था मजबूत होती है, वहीं सामाजिक समरसता और भाईचारे का संदेश भी मिलता है।

## संक्षिप्त खबरें

### साहब! मेरी आवंटन की मिली भूमि पर कर लिया कब्जा

**लेखपाल के माध्यम से पत्थरगड़ी की गई इसके बाद भी.**

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली परिसर में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस मौके पर सुरजीपुर मजरे कुम्भरोड़ा गांव के गोवर्धन ने शिकायती पत्र देकर बेचू का पुरवा गांव के रहने वाले एक व्यक्ति पर उसकी आवंटन की 10 बिस्वा भूमि पर कब्जा करने का आरोप लगाया। पीड़ित ने बताया कि आरोपी उसे जान से मार डालने की धमकी दे रहा है। बताया कि लेखपाल के माध्यम से पत्थरगड़ी की गई इसके बाद भी आरोपी उसकी जमीन नहीं छोड़ रहा है। पूरे राम गुलाम मजरे मदुरी गांव निवासी नंदकुमार ने बताया कि उसके ही गांव का रहने वाला एक व्यक्ति उसे खेत में जोतने बोने नहीं दे रहा है। गुंडई करता है। मारपीट करने पर आमादा होता है। बुजुर्ग ने बताया कि वह लंबे समय से चक्कर काट रहा है, लेकिन उसकी मदद नहीं हो पा रही है। पीड़ित बुजुर्ग ने आरोपी के अवैध हस्तक्षेप पर रोक लगाने की मांग की है। इस प्रकार प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें कुल 12 शिकायतें पंजीकृत की गई। जिनमें दो शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। अन्य शिकायतों के निस्तारण के लिए दरोगा व राजस्व की टीम बनाकर भेजा गया है।

### समर वेकेशन पार्टी में बच्चों ने की जमकर मस्ती पूल और झूले का उठाया लुफ्त

**रायबरेली।** सकल नारायण मेमोरियल पब्लिक स्कूल अटौरा बुजुर्ग रायबरेली में भीषण गर्मी के बीच बच्चों के चेहरे उसे समय खिल उठे जब विद्यालय में विशेष समर वेकेशन पार्टी का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में नर्सरी से पांचवी कक्षा तक के बच्चों ने भाग लिया पार्टी की शुरुआत मिक्की माउस झूला के साथ हुई ।जिस पर बच्चों ने जमकर मस्ती की इस दौरान बच्चों के लिए पूल पार्टी का भी इंतजाम किया गया था जहां उन्होंने ठंडा पानी में बॉल और गुब्बारों से खूब खेला विद्यालय के प्रबंधक संजय सिंह ने बताया की ऐसी गतिविधियों से बच्चों का मानसिक विकास होता है और वे पढ़ाई के तनाव से दूर होकर तरोताजा महसूस करते हैं इस कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के प्रभारी कौशलेंद्र सिंह ,नागेश सिंह, संतोष तिवारी ,सुरेंद्र यादव , अनामिका सिंह , रीमा मिश्रा , आकांक्षा सिंह , अंकिता पटेल, मंजू, शिवानी , सीतू सिंह, अन्नपूर्णा , शैल कुमारी , अम्बरीश श्रीवास्तव आदि ने किया तथा इस कार्यक्रम में समस्त अध्यापक व अध्यापिकाओं ने अपना भरपूर सहयोग प्रदान किया।

### पेट्रोल 87 तो डीजल 91 पैसे महंगा, 10 दिनों में तीसरी बार बढ़े दाम, CNG भी महंगी, कांग्रेस बोली- जनता को लूट रही मोदी सरकार




**ब्यूरो प्रयागराज।** मिडिल-ईस्ट में बढ़ते तनाव का असर अब भारत में आम लोगों की जेब पर साफ दिखाई देने लगा है। शनिवार को एक बार फिर पेट्रोल, डीजल और सीएनजी की कीमतों में बढ़ोतरी की गई। पेट्रोल के दाम में 87 पैसे प्रति लीटर, डीजल में 91 पैसे प्रति लीटर और सीएनजी में 1 रुपये प्रति किलो की बढ़ोतरी हुई है। बीते 10 दिनों में यह तीसरी बार है जब पेट्रोल और डीजल महंगे हुए हैं। इससे पहले 15 मई को पेट्रोल, डीजल और सीएनजी के दाम में 3-3 रुपये की बढ़ोतरी की गई थी। इसके बाद 19 मई को पेट्रोल 87 पैसे और डीजल 91 पैसे महंगा हुआ। लगातार बढ़ोतरी के चलते पिछले 10 दिनों में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में करीब 5 रुपये तक का इजाफा हो चुका है। वहीं, सीएनजी के दाम भी दूसरी बार बढ़ाए गए हैं। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 98.64 रुपये से बढ़कर 99.51 रुपये प्रति लीटर हो गई है। वहीं डीजल का दाम 91.58 रुपये से बढ़कर 92.49 रुपये प्रति लीटर पहुंच गया है। इसके अलावा सीएनजी अब 81.09 रुपये प्रति किलो के हिसाब से मिल रही है। लगातार बढ़ रहे तेल की कीमतों को लेकर कांग्रेस ने मोदी सरकार को घेरा है। कांग्रेस ने एक पर एक पोस्ट में लिखा है कि महंगाई मैन' मोदी ने पेट्रोल-डीजल पर 9 दिन में 5 रुपए बढ़ा दिए। आज फिर पेट्रोल 94 पैसे और डीजल 95 पैसे महंगा कर दिया गया। मोदी को बस तेल कंपनियों के फायदे की चिंता है. एक तरफ जहां दुनियाभर की सरकारें अपनी जनता को राहत दे रही हैं, मोदी सरकार जनता को ही लूटने में लगी है। कभी तो जनता के भले के बारे में सोच लो, कब तक पूंजीपतियों का फायदा कराते रहोगे?

# बांग्लादेश डिपोर्ट किए गए कुछ लोगों को वापस भारत लाया जाएगा,केंद्र सरकार का बड़ा ऐलान

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**ब्यूरो प्रयागराज-** केंद्र सरकार ने शुक्रवार को उच्चतम न्यायालय को बताया कि उसने निर्वासित करके बांग्लादेश भेजे गए कुछ लोगों को भारत वापस लाने का फैसला किया है और उसके बाद उनकी भारतीय नागरिकता के दावे की पुष्टि की जाएगी। केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ को बताया कि मामले के विशिष्ट तथ्यों और परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए और इसे अन्य मामलों में अनुकरणीय मिसाल न मानते हुए, सरकार ने उन्हें वापस लाने का निर्णय लिया है। मेहता ने न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की सदस्यता वाली पीठ से कहा कि सरकार उन्हें वापस लाएगी और उसके बाद उनकी स्थिति की जांच करेगी। परिणाम के आधार पर, हम तदनुसार कदम उठाएंगे। शीर्ष विधि अधिकारी ने कहा कि इन व्यक्तियों को भारत वापस लाने में 8-10 दिन लग सकते हैं। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई की तारीख जुलाई में तय की है। उच्चतम न्यायालय केंद्र सरकार की उस याचिका पर सुनवाई कर रहा था जिसमें कलकत्ता उच्च न्यायालय के 26 सितंबर, 2025 के उस आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें उच्च न्यायालय ने सुनाली खातून और अन्य को बांग्लादेश निर्वासित करने के केंद्र सरकार के फैसले को रद्द कर दिया था और इसे 'अवैध' करार दिया था। पिछले साल तीन दिसंबर को शीर्ष अदालत ने 'मानवीय आधार' पर खातून और उनके आठ वर्षीय बच्चे को बांग्लादेश भेजे जाने के महीनों बाद भारत में प्रवेश की अनुमति दी थी।अदालत ने पश्चिम बंगाल सरकार को बच्चे की देखभाल करने का निर्देश दिया था और बीरभूम जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी को गर्भवती खातून को मुफ्त प्रसव की सुविधा सहित हर संभव चिकित्सा सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया था। न्यायालय ने 24 अप्रैल को केंद्र सरकार को अंतिम अवसर दिया और उसके अधिवक्ता को इस मामले में निर्देश लेकर अदालत को अवगत कराने को कहा। खातून के पिता भोदु शेख की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और संजय हेगड़े ने कहा कि केंद्र सरकार का यह रवैया 'कुछ हद तक अनुचित' है, जिसने इस मामले में न्यायालय को अपने विचार नहीं बताए हैं। क्षेत्र के सेक्टर 26 में दो दशकों से अधिक समय से दिहाड़ी मजदूर के रूप में काम कर रहे इन परिवारों को पिछले साल 18 जून को बांग्लादेशी होने के संदेह में पुलिस ने हिरासत में लिया और बाद में 27 जून को सीमा पार धकेल दिया। कि निर्वासित किए गए छह नागरिकों को एक महीने के भीतर भारत वापस लाया जाए और आदेश पर अस्थायी रोक लगाने की सरकार की अपील को खारिज कर दिया था।

## गैस सिलेंडर संकट पर उपभोक्ताओं का हंगामा

**● एसडीएम-सीओ ने कमला गैस एजेंसी की जांच की**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**सुल्तानपुर-** कुड़वार कस्बे में गैस सिलेंडर की कमी को लेकर उपभोक्ताओं ने सुल्तानपुर-हलियापुर मार्ग जाम कर प्रदर्शन किया। सूचना मिलने पर प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाकर जाम समाप्त कराया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम सदर उत्तम तिवारी, सीओ नगर सौरभ सामंत और जिलापूर्ति अधिकारी जीवेश मौर्य ने कमला इंडेन गैस एजेंसी के गोदाम का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने गोदाम में स्टॉक का मिलान किया, जिसमें सब कुछ सही पाया गया। अधिकारियों ने एजेंसी संचालकों को निर्देश दिया कि नया लोड आते ही उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर का वितरण सुनिश्चित कराया जाए। गौरतलब है कि शुक्रवार को भी यहां उपभोक्ताओं ने हंगामा किया था और एजेंसी संचालक पर अभद्रता व कालाबाजारी का आरोप लगाया था। इसके बाद जिलाधिकारी के आदेश पर आज टीम जांच के लिए पहुंची थी। कुड़वार स्थित कमला इंडेन गैस एजेंसी पर उपभोक्ताओं ने मनमानी और कालाबाजारी का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा और धरना प्रदर्शन किया। उपभोक्ताओं का आरोप है कि गैस वितरण में अनियमितता की जा रही है तथा समय पर सिलेंडर नहीं दिए जा रहे हैं, जिससे उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सूचना मिलते ही कुड़वार थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया।

पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे लोगों को शांत कराते हुए उनकी समस्याएं सुनीं। उपभोक्ताओं ने प्रशासन से मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है। वहीं, पुलिस और संबंधित विभाग ने पूरे प्रकरण की जांच कर उचित कार्यवाही का भरोसा दिलाया है।

## आवंटित भूमि पर भू-माफिया अवैध कब्जा कर निर्माण कार्य करने का कर रहे प्रयास

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**महराजगंज/रायबरेली:** तहसील क्षेत्र के राजस्व गांव जनई में आवंटित भूमि पर अवैध कब्जे और जबरन निर्माण कराने के प्रयास का मामला सामने आया है। गांव निवासी राम बहादुर पुत्र राम औतार ने थाना दिवस में प्रार्थना पत्र देकर गांव के ही एक दबंग भू-माफिया पर उनकी आवंटित जमीन पर कब्जा करने और निर्माण कार्य की तैयारी करने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित ने प्रशासन से जमीन पर पुनः कब्जा दिलाने तथा आरोपी के खिलाफ कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। आपको बता दें कि, प्राप्त जानकारी के अनुसार, राजस्व गांव जनई स्थित गाटा संख्या 1219, जिसका रकबा 0.2530 हेक्टेयर है, पूर्व में गांव निवासी राम बहादुर पुत्र राम औतार के नाम आवंटित की गई थी। उक्त भूमि का नामांतरण राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। पीड़ित का आरोप है कि गांव के ही राजेश पंडित पुत्र श्याम वेद ने दबंगई के बल पर जमीन पर कब्जा करने की नीयत से वहां खरफूस की मड़हिया रख दी है और निर्माण कार्य शुरू कराने की तैयारी कर रहा है। राम बहादुर ने अपने शिकायती पत्र में बताया कि, हल्का लेखपाल द्वारा पूर्व में भूमि की पैमाइश कर सीमांकन किया जा चुका है तथा मौके पर मेड़ भी बांधी गई थी। आरोप है कि, आरोपी ने उक्त मेड़ को काटकर अपने खेत में मिला लिया और अवैध रूप से भूमि पर कब्जा जमा लिया। इतना ही नहीं, निर्माण कार्य कराने के उद्देश्य से मौके पर गिट्टी, मौरंग, सीमेंट और ईंट भी गिरवा दी गई है। पीड़ित ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि उसकी आवंटित भूमि को कब्जामुक्त कराकर उसे पुनः सुपुर्द किया जाए तथा दबंग एवं भू-माफिया प्रवृत्ति के लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में गरीबों की जमीन पर अवैध कब्जे की घटनाओं पर रोक लग सके। इस संबंध में थाना अध्यक्ष चंदापुर अरविंद सिंह ने बताया कि मामले की शिकायत प्राप्त हुई है। राजस्व विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों की मौजूदगी में जांच कर निष्पक्ष निस्तारण करेगी।

## गंगा एक्सप्रेसवे पर अनियंत्रित स्कॉर्पियो डिवाइडर में गिरी

**केदारनाथ जा रहा राजस्थान का परिवार घायल**

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र में गंगा एक्सप्रेसवे पर शनिवार सुबह बड़ा सड़क हादसा हो गया। चलती स्कॉर्पियो अचानक अनियंत्रित होकर क्रैश बैरियर तोड़ते हुए करीब 20 फीट नीचे डिवाइडर में जा गिरी। इससे स्कॉर्पियो में आग लग गई। हादसे में राजस्थान के एक ही परिवार के चार लोग घायल हो गए। राजस्थान के नागौर जनपद स्थित शिव कॉलोनी सदर निवासी श्रवणराम का परिवार दो वाहनों से 12 ज्योतिर्लिंगों के दर्शन यात्रा पर निकला था। परिवार काशी विश्वनाथ धाम में दर्शन करने के बाद केदारनाथ जा रहा था। शनिवार सुबह करीब छह बजे उमरामऊ गांव के पास देखते ही देखते वाहन अनियंत्रित हो गया और एक्सप्रेसवे के क्रैश बैरियर को तोड़ते हुए नीचे जा गिरा। हादसे के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई। हादसे में मोहित (16) पुत्र श्रवणराम, कनक (11) पुत्री श्रवणराम, भावना (13) पुत्री सुभाष और आरती (23) पुत्री पूनाराम समेत पांच लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने मोहित की हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रायबरेली रेफर कर दिया। अन्य घायलों की हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है।

## भीषण गर्मी और लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती से परेशान क्षेत्र के उपभोक्ता

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**महराजगंज/रायबरेली:** भीषण गर्मी और लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती से परेशान महराजगंज पावर हाउस क्षेत्र के उपभोक्ताओं का आक्रोश शनिवार को सड़क पर दिखाई दिया। ग्रामीणों और क्षेत्रीय उपभोक्ताओं ने महराजगंज पावर हाउस पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया तथा अधिशासी अभियंता संदीप कुमार का घेराव कर जवाब तलब किया।आपको बता दें कि, प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि, ग्रामीण क्षेत्रों में रात के समय लगातार 6 से 7 घंटे तक अंधाधुंध बिजली कटौती की जा रही है, जिससे आम जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। भीषण उमस और गर्मी के बीच लोगों का रात में घरों में रहना मुश्किल हो गया है। किसानों, छात्रों और छोटे व्यापारियों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आंदोलनकारियों ने विभागीय अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि, यदि मंगलवार तक अघोषित विद्युत कटौती पर प्रभावी रोक लगाकर नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित नहीं की गई, तो बुधवार को क्षेत्र के हजारों लोग बड़ा जनआंदोलन करने को बाध्य होंगे। इस दौरान अधिशासी अभियंता विद्युत संदीप कुमार ने उपभोक्ताओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि, बढ़ती गर्मी के कारण शहरों में बिजली की मांग अचानक बढ़ गई है, जिससे आपूर्ति व्यवस्था प्रभावित हुई है। विभाग लगातार स्थिति सुधारने के प्रयास में जुटा हुआ है। उन्होंने बताया कि, उच्चाधिकारियों के साथ लगातार ऑनलाइन बैठकें और तकनीकी वार्ताएं चल रही हैं तथा जल्द ही उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने संकट की इस घड़ी में उपभोक्ताओं से विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों का सहयोग करने की अपील भी की। प्रदर्शन के दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव, भाजपा नेता भोलू सिंह, युवा भाजपा नेता अमरेश कुमार अवस्थी उर्फ रिंकू, कांग्रेस नेता दिनेश मिश्रा, कांग्रेस नेता राहुल सिंह, अमरीश मिश्रा, रितेश द्विवेदी, रामू शुक्ल, राजकुमार शर्मा, शिवा सिंह, उज्वल अवस्थी, मो. समीम बीडीसी, संतलाल, योगेश शुक्ल, राजू तिवारी, रमाकांत मिश्रा, प्रकाश द्विवेदी, प्रदीप द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

## मलके गांव पावर हाउस पर ग्रामीणों का आक्रोश फूटा,बिजली कटौती को लेकर घेराव कर प्रदर्शन

**● रोस्टिंग के नाम पर पूरी रात गुल रहती बिजली, आक्रोशित ग्रामीणों ने पावर हाउस किया घेराव**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**लालगंज(रायबरेली)।**भीषण गर्मी के बीच बिजली कटौती को लेकर लोगों का गुस्सा अब सड़कों पर फूट पड़ा है।शनिवार को सरेनी क्षेत्र के मलके गाँव विद्युत उपकेंद्र पर ग्रामीणों ने हंगामा करते हुए बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।आरोप है कि रात में 5 से 6 घंटे तक अघोषित कटौती की जा रही है,जिससे लोगों का जीना मुश्किल हो गया है।मामला लालगंज विद्युत वितरण खंड के मलके गाँव पावर हाउस से जुड़ा है,जहां लगातार हो रही रात्रिकालीन बिजली कटौती से परेशान ग्रामीणों का सब्र जवाब दे गया।बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने विद्युत उपकेंद्र का घेराव कर प्रदर्शन किया और बिजली विभाग,ऊर्जा मंत्री व योगी सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।ग्रामीणों का आरोप है कि भीषण गर्मी में रातभर बिजली गायब रहती है।पंखे-कूलर बंद होने से बच्चों,बुजुर्गों और महिलाओं का हाल बेहाल है।जब शिकायत करने पावर हाउस पहुंचते हैं,तो विभागीय कर्मचारी यह कहकर पल्ला झाड़ लेते हैं कि कटौती ऊपर से हो रही है।प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने अधिशासी अभियंता लालगंज को संबोधित ज्ञापन अवर अभियंता को सौंपते हुए बिजली व्यवस्था तत्काल सुधारने की मांग की।ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द रात्रिकालीन कटौती बंद नहीं हुई तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा और विद्युत वितरण खंड कार्यालय का घेराव होगा।फिलहाल भीषण गर्मी में बिजली संकट को लेकर लोगों में भारी नाराजगी है।अब देखना होगा कि बिजली विभाग ग्रामीणों की समस्या का समाधान करता है या फिर यह विरोध प्रदर्शन आगे और उग्र रूप लेता है।इस संबंध में अवर अभियंता हेमंत मिश्रा का कहना है कि इमरजेंसी रोस्टिंग हो रही है।समस्या का शीघ्र समाधान किया जाएगा।इस मौके पर कौशलेन्द्र सिंह,शिव प्रताप सिंह उर्फ अंकित सिंह,दीपक सिंह,शिव कुमार (ग्राम प्रधान सैरापुर), विजय शंकर तिवारी,रामू सिंह, सौरभ सिंह, गौरव शुक्ला,सतीश त्रिवेदी, नवीन मिश्रा, धीरेन्द्र सिंह, अमित कुमार, राहुल रावत सहित दर्जनों उपभोक्ता मौजूद रहे।

## एक व्यक्ति की गोली लगने से संदिग्ध मौत

**● जबड़े में लगी गोली, दूसरी पत्नी से पूछताछ**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**सुल्तानपुर -** ओदरा गांव में शनिवार शाम एक 50 वर्षीय व्यक्ति की गोली लगने से संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है और मृतक की दूसरी पत्नी से पूछताछ की जा रही है। मृतक के जबड़े में गोली लगी थी। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के ओदरा निवासी मुफीद उर्फ बरसाती (50) को संदिग्ध अवस्था में गोली लगी। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर एसओ कोतवाली देहात धर्मवीर सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और जांच शुरू की। मुफीद गोसाईंगंज थाना क्षेत्र के इटकौली स्थित एक पेट्रोल पंप पर गार्ड की नौकरी करता था, जिसे उसने चार महीने पहले छोड़ दिया था। हाल ही में उसने लगभग 16 लाख रुपये की जमीन बेची थी। एक साल पहले उसकी पहली पत्नी का निधन हो गया था, जिससे उसके दो बेटे और एक बेटी हैं। उसने सैफुल्लागंज में दूसरी शादी की थी। सीओ लंभुआ ऋतिक कपूर ने बताया कि शाम करीब 5 बजे पुलिस को ओदरा गांव में मुफीद अहमद (50) द्वारा खुद को गोली मारकर आत्महत्या करने की सूचना मिली थी। पुलिस टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और उसे सुरक्षित किया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मुफीद की पहली पत्नी का दो साल पहले निधन हो गया था, जिसके बाद वह डिप्रेशन में रहता था। आठ महीने पहले उसने बच्चों की देखभाल के लिए दूसरी शादी की थी। पुलिस के अनुसार, मुफीद अक्सर बच्चों और अपनी दूसरी पत्नी के साथ मारपीट करता था। जांच में पाया गया कि उसने अपनी लाइसेंसी राइफल से अपने 10 वर्षीय बेटे के सामने खुद को गोली मार ली। फील्ड यूनिट को बुलाया गया है और पंचायतनामा की कार्रवाई पूरी कर ली गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## वकीलों पर लाठीचार्ज को लेकर भड़के अखिलेश यादव, भाजपा से पूछे आठ तीखे सवाल

**लखनऊ।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज को लेकर भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने शनिवार को एक्स पर सवाल पूछते हुए लिखा, 'वकील कह रहे हैं कि लगे हाथों भाजपाइयों के घर, दुकान, कार्यालय, प्रतिष्ठान के कागज-नक्शे मंगाकर उनकी वैधता की भी जांच ली जाए। भाजपा और उसके संगी-साथियों द्वारा निर्माणों, आयोजनों व आपदाओं के नाम पर जगह-जगह से बटोरे गए तरह-तरह के चंदे-फंड का हिसाब भी मांगा जाए और उनका ऑडिट हो। जनता ये भी पूछ रही है कि इस बात का भी कानूनी पहलू समझाया जाए कि 'अनरजिस्टर्ड' लोग जमीन किसके नाम से लेकर अपना निर्माण करते हैं और ये संपत्तियां कैसे बेनामी नहीं हैं?' उन्होंने आगे लिखा, जनता की जिज्ञासा है कि गुप्त-गतिविधियों में संलिप्त भाजपाई संगी-साथियों के ऐसे निर्माणों को 'कार्यालय' कहा जाए या 'अड्डा'? ?इन 'संगी-साथी' का खर्चा-पानी कौन उठाता है? ? ये तथाकथित स्वदेशी 'संगी-साथी', विदेश भ्रमण करने क्यों जाते हैं? ?ये 'संगी-साथी' औपनिवेशिक समय से किसकी कठपुतली हैं? ?इन 'संगी-साथियों' का इतिहास मुखबिरी का क्यों रहा है? ?ये 'संगी-साथी' सामाजिक सौहार्द क्यों बिगाड़ते हैं? ?वकील ये भी पूछ रहे हैं कि अब ये 'संगी-साथी' किस नई साजिश के तहत 'मानस के मान' पर लाठियां चलवा रहे हैं?

## लेखपाल परिवार थाने के सामने सड़क पर लेटा





**● पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**सुल्तानपुर -** लंभुआ कोतवाली के सामने शनिवार को लेखपाल राम जियावन अपने माता-पिता और बहन के साथ सड़क पर लेटकर प्रदर्शन करने लगे। परिवार ने पुलिस पर कार्रवाई न करने और बार-बार तहरीर बदलवाने का आरोप लगाया है। लेखपाल राम जियावन के अनुसार, 20 मई को गांव के कुछ लोगों ने उनके पिता राम खेलावन के साथ मारपीट की थी। उनकी बहन उर्मिला के साथ भी गाली-गलौज की गई थी। परिवार का आरोप है कि उनके भाई और भतीजे उनकी जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं। वे परिवार को धमकाते हुए मारपीट का प्रयास कर रहे हैं। राम जियावन ने बताया कि इस घटना के बाद से कई बार थाने में शिकायत दी गई, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उनका यह भी आरोप है कि शनिवार को भी पुलिस ने उनकी तहरीर कई बार बदलवाई, जिससे नाराज होकर परिवार ने सड़क पर प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शन की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस अधिकारियों ने परिवार को समझाकर थाने ले गए और मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद परिवार शांत हुआ। लंभुआ पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। प्राप्त तहरीर के आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## 'दे दे प्यार दे 2' का वर्ल्ड टेलीविज़न प्रीमियर, इस रविवार 24 मई दोपहर 12 बजे, सिर्फ ज़ी सिनेमा पर

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**दया शंकर त्रिपाठी**

**ब्यूरो प्रयागराज:** हँसी, प्यार और फैमिली एंटरटेनमेंट से भरे एक मजेदार सफर के लिए 'दे दे प्यार दे 2' अब अपने वर्ल्ड टेलीविज़न प्रीमियर के साथ, इस रविवार, 24 मई को दोपहर 12 बजे, सिर्फ ज़ी सिनेमा पर आने वाली है। कॉमेडी और ड्रामा का स्तर और बढ़ाते हुए, यह सीक्वल एक हल्की-फुल्की और मनोरंजक प्यार की कहानी पेश करता है, जिसमें माता-पिता को मनाने और उनकी मंजूरी पाने की कोशिश के दौरान कई मजेदार और अप्रत्याशित परिस्थितियाँ सामने आती हैं। जब प्यार परिवार की उम्मीदों से टकराता है, तो कहानी में ढेर सारी उलझनें, हँसी और जज़्बाती पल देखने को मिलते हैं। कॉमेडी, रोमांस और फैमिली ड्रामे का यह शानदार मेल दर्शकों को घर बैठे एक मजेदार सिनेमाई अनुभव देने वाला है। अंशुल शर्मा के निर्देशन में बनी 'दे दे प्यार दे 2' को टी-सीरीज़ के भूषण कुमार और कृष्ण कुमार, साथ ही लव फिल्म्स के लव रंजन और अंकुर गर्ग ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म में अजय देवगन, रकुल प्रीत सिंह, आर माधवन, मीज़ान जाफरी, जावेद जाफरी, इशिता दत्ता और गौतमी कपूर जैसे कलाकार नजर आएँगे। यह सीक्वल मूल फिल्म की खूबसूरती को बरकरार रखते हुए नए पहलू, नए टकराव और ढेर सारे मजेदार पलों को जोड़ता है, जो इसे एक बेहद दिलचस्प अनुभव बनाते हैं। अजय देवगन ने कॉमेडी में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। अपने सहज अंदाज़, शानदार कॉमिक टाइमिंग और सधी हुई एक्टिंग से उन्होंने हमेशा दर्शकों को खूब एंटरटेन किया है। सालों से वे इस जॉनर में अपनी बहुमुखी प्रतिभा साबित करते आए हैं और 'दे दे प्यार दे 2' उनके इसी मजेदार सफर में एक और शानदार फिल्म जोड़ती है। दे दे प्यार दे 2 भावनाओं, रिश्तों, उलझनों और अप्रत्याशित परिस्थितियों से भरी हुई फिल्म है, जो बेहद मनोरंजक तरीके से सामने आती है। यह ऐसी फिल्म है, जिसका आप अपने परिवार के साथ बैठकर पूरा आनंद ले सकते हैं और मैं उत्साहित हूँ कि अब दर्शक ज़ी सिनेमा पर इसके वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर के साथ इसे एक साथ एंजॉय करेंगे।' फिल्म् में एक पिता के तौर किरदार अपनी बेटी को लेकर बहुत प्रोटेक्टिव है, खासकर तब जब उसकी लव लाइफ उसे कई तरह से चौंका देती है। , ड्रामेटिक भी और अनजाने में मजेदार भी। रकुल प्रीत सिंह किरदार दो ऐसे लोगों के बीच फंस जाता है, जिन्हें लगता है कि वही उसके लिए सबसे सही फैसला ले सकते हैं और यहीं से पूरी मस्ती शुरू होती है। एक तरफ वह इंसान है जिससे वह प्यार करती है और दूसरी तरफ उसके पिता, लेकिन दोनों में से कोई भी पीछे हटने को तैयार नहीं है। इस फिल्म की सबसे खास बात यह लगी कि कॉमेडी के पीछे रिश्तों, जजमेंट और फैमिली एक्सेप्टेंस का एक बहुत रिलेटेबल जज़्बाती पहलू भी है। यह फिल्म मजेदार भी है, उलझनों से भरी भी और ऐसे पलों से भरी हुई है, जिनसे परिवार के लोग ज़ी सिनेमा पर देखते ही जुड़ाव महसूस करेंगे।' लेकिन, अपने पिता के साथ स्क्रीन शेयर करना इस अनुभव को और भी खास बना गया। परिवार के साथ काम करते वक्त एक अलग ही सहजता और मस्ती अपने आप आ जाती है और दर्शकों को हमारा साथ में डांस करना भी काफी पसंद आएगा। ज़ी सिनेमा पर दर्शकों के लिए यह पूरी तरह हँसी से भरा सफर होने वाला है। 'डायरेक्टर अंशुल 'दे दे प्यार दे 2 के साथ यह दिखाना चाहते थे कि जब रिश्तों में परिवार, उनकी राय और पीढ़ियों के अंतर शामिल होते हैं, तो प्यार किस तरह बदलता है। फिल्म सिर्फ एज गैप वाले रिश्ते की कहानी नहीं है, बल्कि उन असुरक्षाओं, प्रोटेक्टिव नेचर और जज़्बाती बोझ की भी कहानी है, जो हर किरदार अपने साथ लेकर चलता है। ' 'दे दे प्यार दे 2' में अजय देवगन द्वारा निभाया हँसी, मस्ती और हलचल से भरपूर इस फैमिली एंटरटेनर 'दे दे प्यार दे 2' के वर्ल्ड टेलीविज़न प्रीमियर के लिए इस रविवार, 24 मई को दोपहर 12 बजे, सिर्फ ज़ी सिनेमा पर।

# कॉकरोच जनता पार्टी और युवाओं का आभासी विद्रोह

भारत में राजनीति हमेशा केवल चुनाव, दलों और भाषणों तक सीमित नहीं रही। समय बदलने के साथ राजनीति की भाषा, उसके प्रतीक और विरोध के तरीके भी बदलते रहे हैं। कभी सड़कों पर नारे लगाकर विरोध दर्ज कराया जाता था, कभी कविताओं और व्यंग्य के माध्यम से व्यवस्था पर चोट की जाती थी और अब इंटरनेट तथा सोशल मीडिया के दौर में मीम, छोटे वीडियो और व्यंग्यात्मक अभियानों ने नई राजनीतिक अभिव्यक्ति का रूप ले लिया है। हाल के दिनों में 'कॉकरोच जनता पार्टी' नाम ने इसी नई राजनीति और डिजिटल असंतोष को सामने ला दिया है। पहली बार यह नाम सुनने वाला व्यक्ति इसे मजाक समझ सकता है, लेकिन जब इसके पीछे की परिस्थितियों, इसके प्रसार और इसके सामाजिक प्रभाव को देखा जाता है तो यह स्पष्ट होता है कि यह केवल मनोरंजन नहीं बल्कि एक बड़े मानसिक और सामाजिक असंतोष का प्रतीक बन चुका है।

सबसे पहले यह समझना आवश्यक है कि कॉकरोच जनता पार्टी अभी तक भारत निर्वाचन आयोग में पंजीकृत कोई औपचारिक राजनीतिक दल नहीं है। इसका कोई आधिकारिक चुनाव चिन्ह, राष्ट्रीय कार्यालय या स्थापित संगठनात्मक ढांचा सामने नहीं आया है। यह मूल रूप से सोशल मीडिया पर शुरू हुआ एक व्यंग्यात्मक अभियान है, जिसने बहुत कम समय में व्यापक लोकप्रियता प्राप्त कर ली। इंटरनेट पर सक्रिय युवाओं ने इसे एक प्रतीक के रूप में अपनाया और देखते ही देखते यह नाम लाखों लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया। कई सोशल मीडिया मंचों पर इसके नाम से पेज, पोस्टर, नकली घोषणापत्र और व्यंग्यात्मक संदेश फैलने लगे। कुछ ही दिनों में इसके वीडियो और चित्र इतने अधिक साझा किए गए कि मुख्यधारा के समाचार माध्यमों को भी इस पर चर्चा करनी पड़ी।

इस पूरे अभियान की पृष्ठभूमि में युवाओं की नाराजगी और सामाजिक निराशा दिखाई देती है। पिछले कुछ वर्षों में देश में बेरोजगारी, प्रतियोगी परीक्षाओं में गड़बड़ियां, नियुक्तियों में देरी, महंगाई और आर्थिक दबाव जैसे मुद्दों ने युवाओं के भीतर गहरी बेचैनी पैदा की है। लाखों छात्र वर्षों तक परीक्षाओं की तैयारी करते हैं, लेकिन कई बार परीक्षाएं रद्द हो जाती हैं, परिणामों में देरी होती है या भर्ती प्रक्रिया लंबे समय तक अटक जाती है। इससे युवाओं के भीतर यह भावना बढ़ी है कि उनकी मेहनत और संघर्ष को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा। इसी वातावरण में जब सार्वजनिक चर्चाओं में बेरोजगार युवाओं के लिए अपमानजनक शब्दों के उपयोग की चर्चा हुई, तब सोशल मीडिया पर तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिली। लोगों ने उसी अपमानजनक शब्द को व्यंग्य और प्रतिरोध के प्रतीक में बदल दिया। 'कॉकरोच' शब्द इसी प्रक्रिया में विरोध का माध्यम बन गया।

कॉकरोच को सामान्यतः ऐसा जीव माना जाता है जिसे लोग गंदगी, उपेक्षा और असुविधा से जोड़ते हैं। उसे बार बार खत्म करने की कोशिश की जाती है, लेकिन वह फिर भी जीवित रह जाता है। इस प्रतीक को आंदोलन से जोड़कर यह संदेश दिया गया कि व्यवस्था चाहे जितनी उपेक्षा करे, आम नागरिक और युवा पूरी तरह समाप्त नहीं होते। वे हर बार नए रूप में सामने आते हैं और अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हैं। यही कारण है कि इस नाम ने इंटरनेट पर गहरी प्रतीकात्मक शक्ति हासिल कर ली।

सोशल मीडिया ने इस अभियान को फैलाने में सबसे बड़ी भूमिका निभाई। आज इंटरनेट केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं रह गया है। यह जनमत निर्माण, राजनीतिक प्रचार और सामाजिक बहस का बड़ा मंच बन चुका है। पहले जहां किसी आंदोलन को फैलाने में महीनों लग जाते थे, वहीं अब कुछ घंटों में कोई विषय राष्ट्रीय चर्चा बन सकता है। कॉकरोच जनता पार्टी के साथ भी यही हुआ। हजारों युवाओं ने व्यंग्यात्मक चित्र, काल्पनिक घोषणापत्र और मजाकिया वीडियो बनाकर साझा किए। कई पोस्टों में बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार और राजनीतिक वादों पर तीखा व्यंग्य किया गया।




कुछ लोगों ने इसे 'डिजिटल विद्रोह' कहा तो कुछ ने इसे व्यवस्था से निराश युवाओं की सामूहिक अभिव्यक्ति कहा।

इस अभियान की लोकप्रियता का एक कारण यह भी है कि आज का युवा पारंपरिक राजनीतिक भाषा से जल्दी प्रभावित नहीं होता। लंबे भाषण और जटिल राजनीतिक चर्चाएं उसकी रुचि को उतना आकर्षित नहीं करतीं जितना कि संक्षिप्त, व्यंग्यात्मक और सीधे संदेश करते हैं। मीम संस्कृति ने इसी मानसिकता को मजबूत किया है। एक छोटा चित्र, दो पंक्तियों का व्यंग्य या कुछ सेकंड का वीडियो कई बार लंबी राजनीतिक बहस से अधिक प्रभाव डाल देता है। कॉकरोच जनता पार्टी ने इसी डिजिटल संस्कृति का इस्तेमाल किया। इसकी सामग्री में हास्य भी था, गुस्सा भी था और व्यवस्था पर कटाक्ष भी। यही मिश्रण इसे तेजी से लोकप्रिय बनाता गया। हालांकि इस अभियान को लेकर मतभेद भी कम नहीं हैं। कुछ लोग इसे युवाओं की वास्तविक समस्याओं की अभिव्यक्ति मानते हैं, जबकि कुछ इसे केवल इंटरनेट का क्षणिक मनोरंजन बताते हैं। आलोचकों का कहना है कि ऐसे अभियान गंभीर मुद्दों को हल्का बना देते हैं। उनके अनुसार बेरोजगारी और आर्थिक संकट जैसे विषयों पर ठोस राजनीतिक संवाद की आवश्यकता है, न कि केवल मीम और व्यंग्य की। दूसरी ओर समर्थकों का तर्क है कि जब पारंपरिक माध्यम युवाओं की आवाज को पर्याप्त महत्व नहीं देते, तब सोशल मीडिया ही उनके लिए सबसे प्रभावी मंच बन जाता है। वे मानते हैं कि हास्य और व्यंग्य भी लोकतांत्रिक अभिव्यक्ति का हिस्सा हैं और इनके माध्यम से व्यवस्था पर सवाल उठाना पूरी तरह वैध है।

इस पूरे घटनाक्रम का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि यह राजनीति के बदलते स्वरूप को सामने लाता है। पहले राजनीति मुख्यतः रैलियों, पोस्टरों और समाचार चैनलों तक सीमित रहती थी। अब इंटरनेट पर चलने वाले अभियान भी जनमत को प्रभावित करने लगे हैं। किसी हैशटैग, मीम या व्यंग्यात्मक वीडियो का प्रभाव कई बार बड़े राजनीतिक भाषणों के बराबर दिखाई देता है। इससे यह स्पष्ट होता है कि नई पीढ़ी अपनी बात रखने के लिए नए माध्यम और नई भाषा का इस्तेमाल कर रही है। वह सीधे टकराव की जगह व्यंग्य और प्रतीकों का सहारा लेती है। कॉकरोच जनता पार्टी इसी परिवर्तन का उदाहरण है। इस अभियान के दौरान कई अन्य व्यंग्यात्मक नाम और समूह भी सामने आए। कुछ लोगों ने इसके समर्थन में काल्पनिक घोषणापत्र जारी किए, तो कुछ ने विरोध में नए व्यंग्यात्मक संगठन बना दिए। इससे यह भी स्पष्ट हुआ कि इंटरनेट की राजनीति केवल एक दिशा में नहीं चलती। वहां समर्थन और विरोध दोनों समान तेजी से फैलते हैं। किसी भी विषय पर हजारों लोग अलग अलग दृष्टिकोण लेकर सामने आ जाते हैं। यही कारण है कि कॉकरोच जनता पार्टी केवल एक समूह का अभियान नहीं रह गई, बल्कि यह इंटरनेट पर चल रही व्यापक राजनीतिक व्यंग्य संस्कृति का हिस्सा बन गई। कई विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह के अभियान लोकतंत्र के भीतर बढ़ती सामाजिक दूरी का संकेत भी हैं। जब बड़ी संख्या में युवा यह महसूस करने लगते हैं कि उनकी समस्याओं को गंभीरता से नहीं सुना जा रहा, तब वे वैकल्पिक अभिव्यक्ति के रास्ते तलाशते हैं। कभी यह रास्ता सड़कों पर आंदोलन के रूप में दिखाई देता है और कभी सोशल मीडिया पर व्यंग्य के रूप में। कॉकरोच जनता पार्टी को इसी संदर्भ में समझा जाना चाहिए। यह संभव है कि कुछ समय बाद यह नाम इंटरनेट से गायब हो जाए, लेकिन जिस मानसिक स्थिति ने इसे जन्म दिया है, वह इतनी जल्दी समाप्त होने वाली नहीं दिखती।

यह भी ध्यान देने योग्य है कि सोशल मीडिया पर लोकप्रिय होना और वास्तविक राजनीतिक शक्ति हासिल करना दो अलग बातें हैं। इंटरनेट पर लाखों लोगों द्वारा किसी विषय को साझा करना यह साबित नहीं करता कि वह वास्तविक राजनीतिक संगठन बन चुका है। अभी तक कॉकरोच जनता पार्टी का कोई स्पष्ट राजनीतिक कार्यक्रम, नेतृत्व संरचना या चुनावी योजना सामने नहीं आई है। इसलिए इसे फिलहाल एक प्रतीकात्मक और व्यंग्यात्मक डिजिटल आंदोलन के रूप में ही देखा जाना चाहिए। फिर भी इसका प्रभाव इस बात में दिखाई देता है कि इसने राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा पैदा की और युवाओं की समस्याओं को नए तरीके से सामने ला दिया। इस पूरे प्रकरण ने भारतीय समाज के सामने एक महत्वपूर्ण प्रश्न भी खड़ा किया है। क्या नई पीढ़ी पारंपरिक राजनीति से निराश होकर व्यंग्य और मीम को अपनी नई राजनीतिक भाषा बना रही है? यदि इसका उत्तर हां है, तो यह केवल इंटरनेट का मनोरंजन नहीं बल्कि सामाजिक परिवर्तन का संकेत है। आने वाले समय में संभव है कि राजनीतिक दलों को भी युवाओं तक पहुंचने के लिए इसी नई डिजिटल भाषा को समझना पड़े। केवल भाषण और घोषणाएं अब पर्याप्त नहीं रह गई हैं। लोगों की भावनाएं, उनका गुस्सा और उनकी निराशा अब मीम और व्यंग्य के माध्यम से भी सामने आ रही हैं।

कॉकरोच जनता पार्टी की वास्तविकता यही है कि यह फिलहाल कोई औपचारिक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक सामाजिक और डिजिटल प्रतिक्रिया है। इसके भीतर गुस्सा भी है, हास्य भी है और व्यवस्था से असंतोष भी। यह आंदोलन चाहे अस्थायी साबित हो या भविष्य में किसी बड़े रूप में विकसित हो, लेकिन इसने यह स्पष्ट कर दिया है कि इंटरनेट का दौर केवल मनोरंजन का दौर नहीं है। यह वह समय है जब व्यंग्य भी राजनीतिक शक्ति बन सकता है और एक मीम भी राष्ट्रीय बहस को जन्म दे सकता है।

महेन्द्र तिवारी

# भारतीय समाज को जकड़े हुए है दहेज की जड़ें..

संपादक/लेखकः राजीव शुक्ला

**[एक प्राचीन बीमारी जो आधुनिक भारत को खोखला कर रही है]**



भारत में हर साल हजारों युवतियाँ दहेज की आग में जलकर राख हो जाती हैं। चाहे ट्वीशा शर्मा का मामला हो या देश के किसी कोने में रोज़ होने वाली अनगिनत रसोई में आग लगने या छत से गिरने की घटनाएँ – दहेज की समस्या एक व्यक्तिगत अपराध नहीं, बल्कि भारतीय समाज की गहरी जड़ों में बसी एक सामाजिक महामारी है। दहेज की प्रथा वैदिक काल से चली आ रही है, लेकिन उस समय यह कन्यादान और स्त्रीधन के रूप में लड़की को सुरक्षा देने का प्रतीक था। कालांतर में यह पितृसत्तात्मक समाज की सबसे बड़ी विडंबना बन गई। मुगल काल, ब्रिटिश काल और आजादी के बाद भी यह प्रथा न केवल बनी रही, बल्कि और मजबूत होती गई। आज यह समस्या सिर्फ ग्रामीण क्षेत्रों या अशिक्षित वर्ग तक सीमित नहीं है। शहरों के पढ़े-लिखे, उच्च मध्यम वर्ग और यहाँ तक कि एन आर आई परिवारों में भी यह प्रथा नए रूप ले चुकी है जैसे कार, फ्लैट, विदेश यात्रा, बिजनेस में निवेश और महंगे गिफ्ट्स व शादी का खर्च।

यह जकड़ क्यों नहीं छूट रही है, इसके कई कारण हैं। पितृसत्तात्मक मानसिकता में बेटे को कुल का वारिस माना जाता है, जबकि बेटी को पराए घर की संपत्ति। इसलिए बेटे की शादी में लाभ की अपेक्षा की जाती है। सामाजिक प्रतिष्ठा का बोझ भी कम नहीं है। शादी आजकल रिश्ता नहीं, सोशल स्टेटस का प्रदर्शन बन गई है। समाज लड़के वाले परिवार को माँगने का अधिकार देता है और लड़की वाले को देने का दबाव। आर्थिक असमानता भी इसमें बड़ा योगदान दे रही है। बेटे के माता-पिता सोचते हैं कि उन्होंने बेटे को पढ़ाया-लिखाया है, इसलिए अब रिटर्न चाहिए। लड़की के माता-पिता जीवन भर की कमाई और कर्ज लेकर इस सौदे को पूरा करते हैं। कानून का कमजोर क्रियान्वयन भी समस्या को बढ़ावा दे रहा है। दहेज निषेध अधिनियम 1961 के बावजूद पुलिस, अदालतें और समाज अक्सर परिवार की इज्जत के नाम पर मामलों को दबाने या समझौता कराने में लगे रहते हैं।

इसका असर समाज पर गहरा पड़ रहा है। युवतियों में आत्महत्या की दर लगातार ऊँची है। लड़कियों की शिक्षा और करियर पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है क्योंकि शादी का खर्च बचाना पड़ता है। बेटी जन्म पर परिवार में उदासी का माहौल बन जाता है और नए जोड़ों में शुरू से ही तनाव और अविश्वास घर कर लेता है। सबसे खतरनाक पहलू यह है कि यह प्रथा अब अंतरपीढ़ी हो गई है। माताएँ, जो खुद दहेज का शिकार रही हैं, बहुओं से वही अपेक्षा रखती हैं। इस तरह यह जहर पीढ़ी दर पीढ़ी फैलता जा रहा है। दहेज की जड़ें इतनी गहरी हैं कि केवल कानून से नहीं कटेंगी। इसके लिए सामाजिक बहिष्कार जरूरी है ताकि दहेज लेने वाले परिवारों को सामाजिक रूप से अलग-थलग किया जा सके। शादी की सादगी अभियान चलाना चाहिए जिसमें सरकार, सिनेमा, सोशल मीडिया और धर्मगुरु मिलकर सिंपल मैरिज को प्रतिष्ठित करें। लड़कियों की आर्थिक स्वतंत्रता पर जोर देना होगा ताकि हर लड़की कम से कम 25 वर्ष की उम्र तक आर्थिक रूप से स्वावलंबी बने। शिक्षा में सुधार के तहत स्कूलों में पितृसत्ता, जेंडर समानता और दहेज के दुष्परिणामों पर अनिवार्य पाठ्यक्रम शामिल करना चाहिए। नई पीढ़ी को इस प्रथा को खारिज करने का साहस दिखाना होगा। दहेज भारतीय समाज की वह जकड़ है जो हमारी प्रगति को पीछे खींच रही है। जब तक हम बेटी को बोझ समझते रहेंगे और बेटे को संपत्ति, तब तक यह समस्या बनी रहेगी। समय आ गया है कि हम इस प्रथा को सिर्फ कानूनी अपराध नहीं, बल्कि सामाजिक पाप घोषित करें। जब तक दहेज की जड़ें समाज से नहीं उखड़ेंगी, भारत विकसित राष्ट्र बनने का सपना अधूरा ही रहेगा। दहेज मुक्त भारत सिर्फ नारा नहीं, एक जरूरी क्रांति होनी चाहिए।

# सुरक्षा व्यवस्था के लिए चुनौती बन रही केदारनाथ यात्रियों की बढ़ती भीड़

भीषण गर्मी और स्कूली बच्चों की छुट्टियों के इस दौर में देशभर के मैदानी इलाकों के लोग ठंडक, प्राकृतिक सौंदर्य और बर्फ का आनंद लेने के लिए कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड की ओर रुख कर रहे हैं। इन दिनों तीनों पर्वतीय राज्यों में पर्यटकों और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी है। राष्ट्रीय राजमार्गों पर वाहनों की लंबी कतारें और घंटों तक लगने वाले जाम की तस्वीरें देशभर में चर्चा का विषय बनी हुई हैं। विशेष रूप से देवभूमि उत्तराखंड की स्थिति हिमाचल और जम्मू-कश्मीर से भी अधिक चिंताजनक दिखाई दे रही है। गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम के दर्शन के लिए प्रतिवर्ष लाखों श्रद्धालु उत्तराखंड पहुंचते हैं। इस वर्ष श्रद्धालुओं की संख्या ने अब तक के कई रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। वर्तमान में बीस लाख से अधिक श्रद्धालु चारधाम यात्रा पर हैं। इनमें सबसे कठिन और दुर्गम यात्रा केदारनाथ धाम की मानी जाती है। हालात यह हैं कि लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ को पंजीकरण और टोकन व्यवस्था के बावजूद नियंत्रित करने में प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों को भारी मशक्कत करनी पड़ रही है। गौरीकुंड से केदारनाथ धाम तक लगभग 16 किलोमीटर की यात्रा पैदल, घोड़े और पालकी के माध्यम से पूरी की जाती है। धाम के कपाट केवल छह माह के लिए खुलते हैं, इसलिए प्रतिदिन हजारो लाखो श्रद्धालु गौरीकुंड में अपने नंबर की प्रतीक्षा करते दिखाई देते हैं। स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि महंगे ऑनलाइन टिकट और विशेष व्यवस्थाओं के बावजूद श्रद्धालुओं को घोड़े और पालकी तक आसानी से उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं। पैदल यात्रियों की बढ़ती संख्या के कारण पूरी यात्रा मार्ग पर दिन रात भीड़ बनी हुई है। यात्रा व्यवस्था में लगे सुरक्षाकर्मियों और प्रशासनिक अमले के लिए श्रद्धालुओं को सुरक्षित दर्शन करवाना किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं है। केदारनाथ धाम में होटल संचालकों और स्थानीय व्यापारियों के लिए भी ऊंचाई वाले क्षेत्र में भारी भीड़ के बीच खानपान और आवश्यक वस्तुओं की व्यवस्था करना कठिन होता जा रहा है। हरिद्वार से लेकर चारधाम यात्रा मार्ग तक जगह-जगह जाम की स्थिति बनी हुई है। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि अव्यवस्था और प्रतीक्षा से परेशान कुछ श्रद्धालु ड्यूटी पर तैनात जवानों और कर्मचारियों से विवाद भी कर बैठते हैं, जो धार्मिक यात्रा की गरिमा के विपरीत है। चारधाम यात्रा, विशेषकर केदारनाथ और बद्रीनाथ जाने वाले श्रद्धालुओं से विनम्र निवेदन है कि वे यात्रा पर निकलते समय वापसी का टिकट जल्दबाजी में निर्धारित तिथि का लेकर न आएं। यदि टिकट कराना आवश्यक हो तो कम से कम एक सप्ताह का अंतर अवश्य रखें, ताकि भारी भीड़ के बावजूद यात्रा सुगमता और शांति से पूरी की जा सके। यह यात्रा केवल पर्यटन नहीं, बल्कि आस्था, श्रद्धा और आत्मिक शांति का मार्ग है। इसे मौज मस्ती और दिखावे की यात्रा बनाने से बचना चाहिए। देवभूमि उत्तराखंड के चारों धाम सदियों से आस्था और आध्यात्मिक चेतना के प्रतीक रहे हैं। श्रद्धालुओं को चाहिए कि वे पवित्र भाव, संयम और अनुशासन के साथ यात्रा करें तथा ईश्वर के साक्षात अनुभव का प्रयास करें। वर्ष 2013 की भीषण केदारनाथ त्रासदी आज भी देश के मानस में ताजा है। प्रकृति और धार्मिक स्थलों के प्रति लापरवाही कितनी भयावह हो सकती है, इसका दर्दनाक उदाहरण पूरी दुनिया देख चुकी है। अतः देवभूमि उत्तराखंड की यात्रा पर जाने वाले सभी श्रद्धालुओं से आग्रह है कि वे अपने मन, कर्म और वचन से देवों के देव महादेव का स्मरण करें और उनके होने का एहसास करे। श्रद्धा, धैर्य, अनुशासन और प्रकृति के सम्मान के साथ की गई यात्रा ही वास्तव में पुण्यदायी और जीवन को आनंदमय बनाने वाली होती है। अरविंद रावल

# मन में यह प्रश्न आ सकता हैं कि क्या जीवन में अनुशासन आवश्यक है

आत्मानुशासन > हमारे मन में यह प्रश्न आ सकता हैं कि क्या जीवन में अनुशासन आवश्यक है? तो इसके उत्तर में कहा जा सकता हैं कि हां, जीवन में अनुशासन बहुत ज़रूरी है। अनुशासन से ही व्यक्ति सफलता पा सकता है। अनुशासन दो शब्दों- अनु+ शासन से मिलकर बना है। अनु का अर्थ पालन है और शासन का अर्थ नियमो का पालन करना होता है। हम अपनी आत्मा का संयम करें क्योंकि आत्मा का संयम करना बहुत मुश्किल काम होता हैं। दमितात्मा ही इहलोक और परलोक में सुखी होता हैं। वह जिसमें संतोष, सकरात्मक सोच और आत्मानंद के साथ आत्मानुशासन से भरा अध्यात्म रुपी खजाना होता है। उसको सब कुछ हासिल होता है। अनुशासन हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण है, यह हमें नियमों का पालन करना सिखाता है। आत्मनियन्त्रण, संयम, आत्मानुशासन इसके पर्याय हैं। हम मनुष्य सामाजिक प्राणी है, जो हम समाज में रहते है, और हमको इसमें रहने के लिए अनुशासन की आवश्यकता होती है।

> आत्मानुशासन बहुत महत्त्वपूर्ण तत्त्व है। शास्त्र में कहा गया है कि श्रेष्ठ वही है, जो आदमी स्वयं अपनी आत्मा पर अनुशासन कर ले। संयम और तप आदि के द्वारा स्वयं पर शासन करने का प्रयास हमको करना चाहिए। प्रश्न हो सकता है कि आत्मा पर अनुशासन कैसे हो? आत्मा अमूर्त है तो उस पर अनुशासन अथवा अपने पर अनुशासन कैसे हो सकता है? उत्तर देते हुए बताया गया कि आदमी पहले स्वयं की वाणी पर नियंत्रण करे। आदमी के पास बोलने की शक्ति होती है तो वह अच्छा और बुरा भी बोल सकता है। आदमी को अपनी जुबान पर लगाम लगाने का प्रयास करना चाहिए। आदमी को झूठ, कटु व बेमतलब आदि बोलने से बचने का प्रयास होना चाहिए। इसके द्वारा आदमी अपनी वाणी को साध सकता है। अनुशासन से हमारे जीवन में सही से स्थिरता, सफलता और आत्मविश्वास आदि का विकास होता है। अनुशासन राष्ट्र की उन्नति का मूल आधार है। अनुशासन हमारे द्वारा सुधारात्मक होना चाहिए न कि दंडात्मक। अनुशासन में रहने वाले को हम अनुशासित कहते हैं। अनुशासन काम (कार्य) को योजनाबद्ध तरीके से करने में मदद करता है।

> वचन पर अनुशासन है तो आत्मा पर अनुशासन का एक अंग आदमी को प्राप्त हो जाता है। आदमी को अपने शरीर को भी साधने का प्रयास करना चाहिए। आदमी को कुछ देर अपने शरीर को स्थिर रखने की साधना हो। आदमी अपने शरीर से किसी दूसरे को कष्ट देने से बचने का प्रयास करना चाहिए। किसी जानवर को भी बिना मतलब तकलीफ देने से बचने का प्रयास करना चाहिए। आदमी को मन पर अनुशासन करने का प्रयास करना चाहिए। आदमी अपने मन में अच्छे मंत्र के जप का प्रयास करे। आदमी सबके कल्याण व भले के विषय में सोच रखे। सभी प्राणी सुखी हों, सभी आत्मिक सुखों को प्राप्त करें। किसी को कष्ट न हो। मन में एकाग्रता बढ़े। इसके लिए आचार्यश्री महाप्रज्ञजी प्रेक्षाध्यान के प्रयोग के अंतर्गत कायोत्सर्ग कराते थे। आदमी को अपनी इन्द्रियों पर अनुशासन रखने का प्रयास करना चाहिए। आदमी बुरा सुने नहीं, बुरा देखे नहीं, बुरा बोले नहीं और बुरा किसी का करे नहीं। आदमी आर्ष और आगमवाणी को सुनने का प्रयास करे। इस प्रकार वचोनुशासन, कायानुशासन, मनोनुशासन और इन्द्रियानुशासन को साध लेने से आदमी आत्मानुशासन कर सकता है। चार अवयवों वाला आत्मानुशासन होता है। आदमी अपने पर अपना अनुशासन रखे, यह मानव जीवन की अच्छी निष्पत्ति हो सकती है। इस प्रकार आदमी को संयम और तप आदि के द्वारा अपनी आत्मा को साधने का प्रयास करना चाहिए। अनुशासन एक ऐसा गुण है जिसकी हम मनुष्य को जीवन के हर क्षेत्र में जरूरत पड़ती है- घर-परिवार में अनुशासन का विशेष महत्व है। खिलाड़ियों और विद्यार्थियों के जीवन में अनुशासन का विशेष महत्व है। इसके बिना सफलता मिलना संदेहास्पद रहती है। अनुशासन से व्यक्ति विकर्षणों से बच पाता है। अनुशासन से व्यक्ति अपने व्यवहार में बदलाव ला सकता है और अपनों का चहेता बन सकता है। अनुशासन-लक्ष्य और उपलब्धि के बीच का पुल है, इसलिए यह सफलता की कुंजी है। निज पर शासन, फिर अनुशासन को धारण करने वाला कुशल अनुशास्ता होता है। तेरापंथ धर्मसंघ में वर्तमान अनुशास्ता इसके आदर्श हैं। उन्होंने कहा- अनुशासन करना बड़ी बात नहीं है, महत्वपूर्ण है, अनुशासन के प्रति निष्ठा पैदा करना। वह जो आत्मानुशासन की चेतना को जागृत करे, वह अनुशासन सार्थक होता है। जहां आज्ञा, मर्यादा, व्यवस्था के प्रति दृढ़ निष्ठा आदि होती है, वहीं अनुशासन फलता-फूलता और चलता है। आत्मानुशासन से आत्मगुणो में विराम नहीं लगता हैं। वह इससे हमारे समता और सहिष्णुता का विकास होता है। विनय का बहुमूल्य वरदान है तभी तो अहंकार का विनाश हो जाता हैं। वह जहां संयम रहता हैं वहां शान्ति से प्रगतिशीलता की राह आगे बढ़ने की बनती हैं। अपनी आत्मा पर अनुशासन का कठिन काम जो करता हैं। वह व्यक्ति सुखी बनता हैं। वह इसलोक में भी सुखी होता हैं और अगले जीवन में भी सुखी बनता हैं। इसलिए हमको सदैव सही से आत्मानुशासन का प्रयास करना चाहिए। यही हमारे लिए काम्य हैं।

› प्रदीप छाजेड़

# हरित ऊर्जा की असली ताकत बनेगा मजबूत सुपर ग्रिड, भारत को भविष्य की ऊर्जा जरूरतों के लिए चाहिए नई ट्रांसमिशन क्रांति


भारत तेजी से बदलती वैश्विक अर्थव्यवस्था के बीच ऊर्जा क्षेत्र में एक बड़े परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। देश की बढ़ती आबादी औद्योगिक विस्तार शहरीकरण और डिजिटल तकनीकों के बढ़ते उपयोग ने बिजली की मांग को अभूतपूर्व स्तर तक पहुंचा दिया है। दूसरी ओर पर्यावरण संरक्षण और कार्बन उत्सर्जन कम करने की वैश्विक प्रतिबद्धताओं के कारण भारत तेजी से हरित ऊर्जा की ओर बढ़ रहा है। सौर ऊर्जा पवन ऊर्जा ग्रीन हाइड्रोजन और बैटरी स्टोरेज जैसे क्षेत्रों में भारी निवेश हो रहा है। भारत ने वर्ष 2030 तक 500 गीगावॉट गैर जीवाश्म ऊर्जा क्षमता हासिल करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य तय किया है। यह लक्ष्य केवल ऊर्जा उत्पादन का नहीं बल्कि ऊर्जा सुरक्षा और आर्थिक आत्मनिर्भरता का भी प्रतीक है। लेकिन इस पूरी योजना के सामने सबसे बड़ी चुनौती ट्रांसमिशन नेटवर्क की बनकर उभर रही है।

देश में सौर और पवन ऊर्जा परियोजनाएं तेजी से तैयार हो रही हैं लेकिन उस बिजली को जरूरत वाले क्षेत्रों तक पहुंचाने के लिए पर्याप्त ट्रांसमिशन व्यवस्था अभी विकसित नहीं हो सकी है। कई बार सौर ऊर्जा पार्कों में बिजली उत्पादन होने के बावजूद उसे ग्रिड में शामिल नहीं किया जा पाता और उत्पादन कम करना पड़ता है। यही वह स्थिति है जिसने भारत के सामने सुपर ग्रिड जैसी आधुनिक व्यवस्था की आवश्यकता को और अधिक स्पष्ट कर दिया है।

भारत में बिजली की मांग लगातार नए रिकॉर्ड बना रही है। गर्मी के मौसम में एयर कंडीशनर और कूलिंग सिस्टम का उपयोग तेजी से बढ़ा है। इसके अलावा डेटा सेंटरों की संख्या में वृद्धि मेट्रो शहरों का विस्तार और डिजिटल सेवाओं का बढ़ता उपयोग बिजली की खपत को लगातार ऊपर ले जा रहा है।

देश में इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या भी तेजी से बढ़ रही है। आने वाले वर्षों में लाखों इलेक्ट्रिक वाहन सड़क पर होंगे जिनके लिए बड़े स्तर पर चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करना होगा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित डेटा सेंटर भी भारी मात्रा में बिजली की मांग पैदा कर रहे हैं। पिछले कुछ दिनों से भारत में बिजली की मांग लगातार अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर बनी हुई है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगले दशक में भारत दुनिया का सबसे बड़ा ऊर्जा बाजार बन सकता है। ऐसे में यदि ट्रांसमिशन नेटवर्क को समय रहते मजबूत नहीं किया गया तो ऊर्जा आपूर्ति पर गंभीर दबाव पड़ सकता है।

हरित ऊर्जा क्षेत्र में भारत तेजी से बढ़ रहा है।भारत ने पिछले दशक में नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। राजस्थान गुजरात तमिलनाडु और कर्नाटक जैसे राज्यों में विशाल सौर और पवन ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित की गई हैं। देश की स्थापित सौर और पवन ऊर्जा क्षमता करीब 257 गीगावॉट तक पहुंच चुकी है। भारत दुनिया के उन देशों में शामिल हो चुका है जहां सौर ऊर्जा उत्पादन की लागत सबसे कम है। यही कारण है कि वैश्विक निवेशक भी भारतीय ग्रीन एनर्जी सेक्टर में बड़े स्तर पर निवेश कर रहे हैं। सरकार का लक्ष्य वर्ष 2030 तक गैर जीवाश्म ऊर्जा क्षमता को बढ़ाकर 500 गीगावॉट तक पहुंचाना है। इसके लिए बड़े पैमाने पर सौर पार्क पवन ऊर्जा परियोजनाएं और ग्रीन हाइड्रोजन मिशन पर काम किया जा रहा है। लेकिन उत्पादन क्षमता में वृद्धि के साथ एक गंभीर समस्या भी सामने आ रही है। कई बार बिजली उत्पादन होने के बावजूद उसे राष्ट्रीय ग्रिड तक नहीं पहुंचाया जा पाता क्योंकि ट्रांसमिशन नेटवर्क पर्याप्त नहीं होता। ट्रांसमिशन नेटवर्क की कमी सबसे बड़ी बाधा बन रही है।



भारत में सौर और पवन ऊर्जा परियोजनाएं अधिकतर उन क्षेत्रों में स्थापित की जाती हैं जहां प्राकृतिक संसाधन भरपूर उपलब्ध हों। उदाहरण के तौर पर राजस्थान और गुजरात में विशाल सौर पार्क हैं जबकि तमिलनाडु और कर्नाटक पवन ऊर्जा के बड़े केंद्र हैं। दूसरी ओर बिजली की सबसे अधिक मांग दिल्ली मुंबई बेंगलुरु चेन्नई और औद्योगिक राज्यों में होती है। ऐसे में हजारों किलोमीटर दूर तक बिजली पहुंचाने के लिए अत्यधिक शक्तिशाली ट्रांसमिशन नेटवर्क की आवश्यकता होती है। भारत का वर्तमान ट्रांसमिशन ढांचा अभी मुख्य रूप से 765 केवी एसी क्षमता तक सीमित है। यह नेटवर्क तेजी से बढ़ती हरित ऊर्जा जरूरतों के लिए पर्याप्त नहीं माना जा रहा।

जब उत्पादन अधिक होता है और ट्रांसमिशन लाइनें सीमित होती हैं तब ग्रिड पर दबाव बढ़ जाता है। ऐसी स्थिति में बिजली उत्पादन को कम करना पड़ता है जिसे कर्टेलमेंट कहा जाता है। यह स्थिति न केवल तकनीकी चुनौती है बल्कि आर्थिक नुकसान भी है क्योंकि तैयार बिजली का उपयोग नहीं हो पाता। सौर बिजली कटौती गंभीर संकट बन रहा है।एनर्जी थिंक टैंक एम्बर की रिपोर्ट ने इस समस्या को बेहद गंभीर रूप में सामने रखा है। रिपोर्ट के अनुसार मई से दिसंबर 2025 के बीच भारत में लगभग 2.3 टेरावॉट घंटा सौर बिजली की कटौती हुई। अकेले अक्टूबर 2025 में लगभग 0.9 टेरावॉट घंटा सौर बिजली ग्रिड तक नहीं पहुंच सकी। यह बिजली लाखों घरों की जरूरत पूरी कर सकती थी।

मई से दिसंबर 2025 के दौरान आपात ग्रिड प्रबंधन के तहत औसत मासिक सौर उत्पादन का लगभग 18 प्रतिशत हिस्सा कटौती की चपेट में आया। दिसंबर 2025 में ट्रांसमिशन नेटवर्क की कमी के कारण लगभग 4 गीगावॉट सौर क्षमता को सीमित करना पड़ा। यह स्थिति बताती है कि यदि ट्रांसमिशन ढांचे को तेजी से मजबूत नहीं किया गया तो हरित ऊर्जा परियोजनाओं का पूरा लाभ देश को नहीं मिल पाएगा। इससे निवेशकों का भरोसा भी प्रभावित हो सकता है।

चीन ने कई वर्ष पहले ही यह समझ लिया था कि भविष्य की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए केवल बिजली उत्पादन बढ़ाना पर्याप्त नहीं होगा। इसलिए उसने ट्रांसमिशन नेटवर्क पर बड़े स्तर पर निवेश शुरू किया। चीन ने अल्ट्रा हाई वोल्टेज यानी यूएचवी आधारित सुपर ग्रिड विकसित किया है। आज उसके पास 60 हजार किलोमीटर से अधिक यूएचवी ट्रांसमिशन लाइनें हैं। इन लाइनों की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वे हजारों किलोमीटर दूर तक बेहद कम ऊर्जा नुकसान के साथ बिजली पहुंचा सकती हैं। चीन एक बार में 8 से 12 गीगावॉट तक बिजली ट्रांसफर करने में सक्षम है। चीन के पश्चिमी हिस्सों में स्थित विशाल सौर और पवन ऊर्जा परियोजनाओं से बिजली पूर्वी औद्योगिक क्षेत्रों तक इसी सुपर ग्रिड के जरिए पहुंचाई जाती है। चीन की कुल सौर और पवन ऊर्जा क्षमता लगभग 1840 गीगावॉट तक पहुंच चुकी है और इसका कुशल उपयोग मजबूत ट्रांसमिशन नेटवर्क के कारण संभव हो पाया है।

भारत की भौगोलिक स्थिति और तेजी से बढ़ती ऊर्जा जरूरतें अब सुपर ग्रिड जैसी व्यवस्था की मांग कर रही हैं। देश के एक हिस्से में पैदा होने वाली अतिरिक्त बिजली को दूसरे हिस्से तक तुरंत पहुंचाना भविष्य की सबसे बड़ी जरूरत बनने जा रहा है। यदि भारत आधुनिक सुपर ग्रिड विकसित करता है तो सौर और पवन ऊर्जा की बर्बादी काफी हद तक रोकी जा सकती है। इससे कोयले पर निर्भरता कम होगी और कार्बन उत्सर्जन में भी बड़ी कमी आएगी। सुपर ग्रिड की मदद से बिजली आपूर्ति अधिक स्थिर और सुरक्षित बनेगी। किसी क्षेत्र में बिजली संकट होने पर दूसरे क्षेत्र से तुरंत बिजली भेजी जा सकेगी। इससे राष्ट्रीय ग्रिड की विश्वसनीयता भी बढ़ेगी। यह प्रणाली भविष्य में ग्रीन हाइड्रोजन मिशन इलेक्ट्रिक वाहन नीति और स्मार्ट सिटी परियोजनाओं के लिए भी मजबूत आधार तैयार करेगी। हाल के वर्षों में पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और वैश्विक ऊर्जा संकट ने दुनिया को यह सिखाया है कि तेल और गैस पर अत्यधिक निर्भरता जोखिम भरी हो सकती है।

भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात करता है। यदि अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल और गैस की कीमतें बढ़ती हैं तो इसका सीधा असर देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। इसी कारण अब ऊर्जा स्रोतों के विविधीकरण पर जोर दिया जा रहा है। सौर ऊर्जा पवन ऊर्जा और ग्रीन हाइड्रोजन को भविष्य का समाधान माना जा रहा है। लेकिन इन सभी योजनाओं की सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि देश का ट्रांसमिशन नेटवर्क कितना मजबूत है।

भविष्य की जरूरतों के अनुसारतैयारी करनी होगी। ऊर्जा विशेषज्ञों का मानना है कि भारत को ट्रांसमिशन क्षमता के लक्ष्य को तेजी से बढ़ाना होगा। वर्तमान लक्ष्य लगभग साढ़े छह लाख सर्किट किलोमीटर का है लेकिन भविष्य की जरूरतों को देखते हुए इसे बढ़ाकर दस लाख सर्किट किलोमीटर तक ले जाने की आवश्यकता है। इसके लिए सरकार को बड़े निवेश करने होंगे। निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ानी होगी और नई तकनीकों पर अनुसंधान को प्रोत्साहन देना होगा।

यूएचवी तकनीक स्मार्ट ग्रिड बैटरी स्टोरेज और डिजिटल ग्रिड मैनेजमेंट जैसी आधुनिक प्रणालियों को तेजी से अपनाना होगा। राज्यों और केंद्र सरकार के बीच बेहतर समन्वय भी जरूरी होगा। भारत के पास अपार सौर ऊर्जा संसाधन हैं और दुनिया का सबसे बड़ा युवा बाजार भी। यदि देश मजबूत ट्रांसमिशन नेटवर्क तैयार कर लेता है तो वह आने वाले वर्षों में हरित ऊर्जा महाशक्ति बन सकता है। भविष्य की ऊर्जा क्रांति केवल सौर पैनलों और पवन चक्कियों से नहीं बल्कि उन सुपर ग्रिड लाइनों से तय होगी जो इस ऊर्जा को देश के हर घर उद्योग और गांव तक पहुंचाएंगी।

कांतिलाल मांडोत

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# संक्षिप्त खबरें

## विवादित भूमि पर मिट्टी पटवाकर खड़ंजा लगाने का आरोप, कार्रवाई की मांग

**गोलाबाजार, गोरखपुर।** गोला थाना क्षेत्र के ग्राम कालानी निवासी एक व्यक्ति ने विवादित भूमि पर दबंगों द्वारा जबरन मिट्टी पटवाकर खड़ंजा लगवाने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित ने मामले में थाना गोला में तहरीर देकर विपक्षियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। ग्राम कालानी निवासी रामसिंहासन पुत्र रामवृक्ष ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि गाटा संख्या 162 उनकी पुश्तैनी भूमि है, जिसमें कई हिस्सेदार हैं। उक्त भूमि का मामला वर्तमान में दीवानी न्यायालय बांसगांव में विचाराधीन है और भूमि को लेकर विवाद चल रहा है। आरोप है कि इसी बीच गांव के कुछ लोगों ने दबंगई दिखाते हुए विवादित जमीन पर मिट्टी पटवा दी और खड़ंजा लगवा दिया। पीड़ित का कहना है कि जब उन्होंने इसका विरोध किया तो आरोपितों ने उन्हें धमकाया और जान से मारने की धमकी देते हुए दौड़ा लिया। पीड़ित ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

## आंधी-तूफान से फसलों को नुकसान, किसान तुरंत दें सूचना

**देवरिया।** हाल ही में आए आंधी-तूफान से उद्यान फसलों और बागों को हुए नुकसान को लेकर जिला उद्यान अधिकारी ने किसानों से जल्द सूचना देने की अपील की है। उन्होंने कहा कि जिन किसानों की फसलों या बागों में 33 प्रतिशत या उससे अधिक क्षति हुई है, वे जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय, भुजौली कॉलोनी देवरिया में सूचना उपलब्ध कराएं। अधिकारी ने बताया कि यदि किसी बाग में बड़ी संख्या में पेड़ गिर गए हों या पौधों को भारी नुकसान हुआ हो तो किसान फोटो सहित आवेदन जमा करें। प्राप्त सूचनाओं के आधार पर विभागीय टीम मौके पर जाकर सर्वे करेगी और शासन की मंशा के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। जिला उद्यान अधिकारी ने कहा कि प्रभावित किसानों को राहत दिलाने के लिए विभाग पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रहा है। किसानों से अपील की गई है कि वे बिना देरी किए नुकसान से जुड़ी जानकारी कार्यालय में उपलब्ध कराएं, ताकि सहायता प्रक्रिया तेजी से पूरी की जा सके।

## वांछित आरोपी गिरफ्तार

**देवरिया।** जनपद के भलुअनी थाना क्षेत्र में हत्या के प्रयास के मामले में पुलिस ने एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत भलुअनी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी ब्रह्मा सिंह को मस्टोडरगिरी मठिया गांव के मोड़ के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार 20 मई को लीची के पेड़ से फल तोड़ने को लेकर विवाद हुआ था। आरोप है कि विरोध करने पर आरोपी पक्ष ने धीरज सिंह के माता-पिता के साथ मारपीट की, जिसमें उन्हें गंभीर चोटें आईं। इस मामले में थाना भलुअनी में विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विवेचना की जा रही है। गिरफ्तार आरोपी ब्रह्मा सिंह, निवासी मस्टोडरगिरी मठिया थाना भलुअनी, को पुलिस ने विधिक कार्रवाई के बाद न्यायालय भेज दिया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक आशीष कुमार तिवारी, हेड कांस्टेबल शिवाजी सिंह तोमर और कांस्टेबल विश्वजीत राजभर शामिल रहे।

## यातायात पुलिस का सख्त अभियान, 37 वाहनों का ई-चालान

**देवरिया।** सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए शनिवार को यातायात पुलिस ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर के निर्देशन में यातायात प्रभारी गुलाब सिंह के नेतृत्व में रुद्रपुर मोड़, बस स्टैंड, कचहरी चौराहा और कसया ओवरब्रिज पर वाहनों की जांच की गई। अभियान के दौरान सड़क पर वाहन खड़ा कर सवारी भरने वाले ऑटो और ई-रिक्शा चालकों के साथ बिना ड्राइविंग लाइसेंस, बिना फिटनेस, बिना हेलमेट और तीन सवारी लेकर चलने वालों पर कार्रवाई की गई। यातायात पुलिस ने कुल 37 वाहनों का ई-चालान करते हुए कई वाहनों को सीज भी किया। पुलिस ने कहा कि इस कार्रवाई का उद्देश्य लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना और दुर्घटनाओं पर नियंत्रण पाना है। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी अभियान जारी रहेगा।

# गगहा क्षेत्र शिवपुर हाटा में भीषण सड़क हादसा: अमूल डेयरी की डीसीएम ने ट्रैक्टर-मिक्सर में मारी टक्कर, मजदूर की मौत, चार घायल

**● दो घायलों की हालत गंभीर, जिला अस्पताल रेफर; मरम्मत के दौरान हुआ हादसा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोलाबाजार/गगहा, गोरखपुर।** गोरखपुर-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर गगहा थाना क्षेत्र के शिवपुर हाटा के पास शनिवार सुबह हुए भीषण सड़क हादसे में एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार अन्य लोग घायल हो गए। घायलों में दो की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है, जबकि दो अन्य का इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है। हादसे के बाद हाईवे पर कुछ देर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सिहाईतपार गांव निवासी शादाब पुत्र मुश्ताक कुछ मजदूरों के साथ ट्रैक्टर में लगी मिक्सर मशीन लेकर ढलाई कार्य के लिए जा रहे थे। शनिवार सुबह करीब आठ बजे शिवपुर हाटा के पास मिक्सर मशीन का बैरिंग अचानक टूट गया। इसके बाद ट्रैक्टर को सड़क किनारे खड़ा कर मजदूर मशीन की मरम्मत में जुट गए। सुरक्षा के तौर पर सड़क पर ड्रम भी लगाए गए थे।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सुबह करीब नौ बजे गोरखपुर की ओर से तेज रफ्तार में आ रही अमूल डेयरी की डीसीएम संख्या यूपी 70 पीटी 2697 ने पीछे से खड़े ट्रैक्टर संख्या यूपी 52 यू 9575 में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मौके पर मौजूद मजदूर दूर जा गिरे और घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। हादसे में सिहाईजपार निवासी 35 वर्षीय अनिल यादव पुत्र स्वर्गीय बैजनाथ गंभीर रूप से घायल हो गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही गगहा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

घटना में घायल अज्जू (35) पुत्र झम्मन तथा विकास (19) पुत्र कतवारू, दोनों निवासी सिहाईजपार, को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गगहा पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं शादाब पुत्र मुश्ताक तथा रामदयाल (65) पुत्र सुक्खू का इलाज बड़हलगंज के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सरोज ने बताया कि सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हुई है। मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# प्रेमी संग घर से फरार हुई युवती, मां-बहनों के जेवर और नकदी भी ले गई

**● सहजनवा- गोरखपुर: सहजनवा थाना क्षेत्र का मामला, आरोपी पक्ष पर धमकी देने का भी आरोप; पुलिस जांच में जुटी**

**● परिजनों ने लगाया बहला-फुसलाकर भगाने का आरोप**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर।** सहजनवा थाना क्षेत्र के एक गांव में प्रेम प्रसंग का मामला उस समय तूल पकड़ गया, जब गांव की 19 वर्षीय युवती अपने प्रेमी के साथ घर से अचानक लापता हो गई। परिजनों का आरोप है कि युवती घर में रखे मां और दो बहनों के जेवरात तथा नकदी लेकर प्रेमी संग फरार हो गई। घटना के बाद परिवार में हड़कंप मच गया है और परिजन युवती की तलाश में जुटे हुए हैं। पीड़ित युवती के भाई ने सहजनवा थाने में तहरीर देकर गांव के ही एक युवक पर बहला-फुसलाकर भगाने का आरोप लगाया है। तहरीर के अनुसार युवती का गांव के ही एक युवक से काफी समय से प्रेम संबंध था और दोनों के बीच लगातार बातचीत होती थी। परिवार को इस संबंध की जानकारी तो थी, लेकिन उन्हें इस तरह की घटना की आशंका नहीं थी।

परिजनों का कहना है कि शुक्रवार शाम करीब सात बजे युवती घर से अचानक गायब हो गई। काफी देर तक तलाश करने के बाद जब घर की जांच की गई तो पता चला कि मां और दो बहनों के गहने भी गायब हैं। साथ ही घर में रखी करीब चार हजार रुपये की नकदी भी नहीं मिली। इसके बाद परिजनों को प्रेम प्रसंग की आशंका गहराई और उन्होंने युवक के घर पहुंचकर जानकारी लेने की कोशिश की। परिवार का आरोप है कि युवक के घरवालों ने सहयोग करने के बजाय अभद्र व्यवहार किया। आरोप है कि जानकारी मांगने पर गाली-गलौज की गई और मारपीट की धमकी भी दी गई। इसके बाद पीड़ित पक्ष ने थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई

घटना के बाद गांव में तरह-तरह की चर्चाएं चल रही हैं। वहीं पुलिस मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच में जुट गई है। इस संबंध में सहजनवा थानाध्यक्ष संजय कुमार मिश्र ने बताया कि मामले में तहरीर प्राप्त हुई है। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## सरकार में देश बना सबसे बड़ा बीफ एक्सपोर्टर, भाईचारा हुआ कमजोर



**देवरिया।** एम डब्लू एस के प्रदेश प्रवक्ता कप्तान अली ने एक विज्ञप्ति के माध्यम से कहा कि देश में गाय के नाम पर राजनीति, मॉब लिंचिंग और धार्मिक शोषण की घटनाओं ने सामाजिक सौहार्द को नुकसान पहुंचाया है। अब देश का जागरूक मुस्लिम समाज अमन, चैन और भाईचारे की अपील करते हुए केंद्र व उत्तर प्रदेश सरकार से मांग कर रहा है कि गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित किया जाए। मुस्लिम समाज का कहना है कि हमारे नबी ने भी गाय के दूध को फायदेमंद और मांस को नुकसानदेह बताया है, इसलिए देशभर में संचालित सभी बूचड़खानों को तत्काल बंद किया जाए। साथ ही गाय से जुड़ी वस्तुओं के व्यापार, आयात और निर्यात पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए। सरकार द्वारा संचालित गौशालाओं में साफ-सफाई, बेहतर हवा-पानी, चारा और दवाइयों की समुचित व्यवस्था की भी मांग उठाई गई है। मुस्लिम समाज ने सरकार से विशेष टीम गठित कर गौशालाओं की नियमित जांच कराने की मांग की है। जहां भी पशुओं के साथ क्रूरता या अनियमितता मिले, वहां संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। समाज के लोगों ने कहा कि देश में शांति, सद्भाव और इंसानियत को मजबूत करना समय की सबसे बड़ी जरूरत है।

## प्रांत महामंत्री का उत्तरदायित्व निभा रहे जितेन्द्र पाल सिंह को नया प्रांत अध्यक्ष किया गया घोषित

**● महाराजगंज, सिद्धार्थनगर और गोरखपुर में कार्यकर्ताओं के साथ भारत-नेपाल सीमा की सुरक्षा और स्थानीय समस्याओं की समीक्षा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**महराजगंज।** सीमा जागरण मंच के अखिल भारतीय संगठन मंत्री मुरलीधर ने हाल ही में गोरखपुर प्रांत के सीमावर्ती क्षेत्रों का दौरा किया, जिसमें उन्होंने संगठन की नई कार्यकारिणी और आगामी बैठकों की रूपरेखा तय की।

**मुख्य विशेष कार्यक्रम और सीमा समीक्षा:** उन्होंने महाराजगंज, सिद्धार्थनगर और गोरखपुर में कार्यकर्ताओं के साथ भारत-नेपाल सीमा की सुरक्षा और स्थानीय समस्याओं की समीक्षा की। साथ ही कर्तव्य बोध को शीर्ष पर रखते हुए कार्यकर्ताओं को राष्ट्र हित में उनके दायित्वों का बोध कराया गया, विशेषकर सीमा पर बढ़ते जनसांख्यिकीय परिवर्तन और अवैध गतिविधियों के प्रति सतर्क रहने के लिए।

**खास बात आगामी बैठक:** आगामी 5, 6 और 7 जून को होने वाली भारत-नेपाल सीमा की अखिल भारतीय बैठक की तैयारियों की भी समीक्षा की गई।

नई संगठनात्मक नियुक्तियाँ बैठक के दौरान प्रांत कार्यकारिणी में निम्नलिखित महत्वपूर्ण परिवर्तन किए गए:

**संरक्षक:** निवर्तमान प्रांत अध्यक्ष श्रीराम सिंह को प्रांत का संरक्षक नियुक्त किया गया।

प्रांत अध्यक्ष: अभी तक प्रांत महामंत्री का उत्तरदायित्व निभा रहे जितेन्द्र पाल सिंह को नया प्रांत अध्यक्ष घोषित किया गया।

**प्रमुख उपस्थित गणमान्य** बैठक में संगठन के कई वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें शामिल हैं। शाश्वत जी (प्रांत संगठन मंत्री) सत्यदेव जी (क्षेत्र संगठन मंत्री) डॉ0 अग्रेश सिंह, हिमांशु कुमार गुप्त, सत्यप्रकाश, और श्याम बिहारी। सीमा जागरण मंच का मुख्य उद्देश्य सीमावर्ती क्षेत्रों में 'सुरक्षित सीमा, समर्थ भारत' के ध्येय के साथ राष्ट्रवाद की अलख जगाना है।

## मां की हाजिरी पर फावड़ा चलाता दिखा 13 वर्षीय मासूम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवा ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत जमुहानी में चल रहे मनरेगा कार्य में सरकारी निगरानी तंत्र और दावा पूरी तरह से खोखला साबित हो रहा है। जमुहानी में त्रियुगी के खेत से जमुहानी चौराहा तक नाला खुदाई का कार्य कराया जा रहा है। आरोप है कि कागजों में पारदर्शिता का ढोंग रचने के लिए नेशनल मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम ऐप पर सुबह बाकायदा मजदूरों की डिजिटल हाजिरी दर्ज की गई। जमीनी हकीकत यह रही कि मां के स्थान पर उसका महज 13 वर्ष का मासूम बेटा कार्यस्थल पर मजदूरी करने पहुंच गया। मई महीने की इस चिलचिलाती धूप और झुलसाने वाली गर्मी में जहां मजदूरों का टिकना मुश्किल है वहां यह 13 वर्षीय मासूम बालक भारी-भरकम फावड़ा चलाते हुए पसीने से लथपथ नजर आया। यह गंभीर वाकया मनरेगा के उस त्रिस्तरीय निगरानी तंत्र पर करारा तमाचा है। ग्रामीण ने बताया कि नियम कहते हैं कि मनरेगा के तहत केवल 18 वर्ष से अधिक आयु के मजदूर ही काम कर सकते हैं, लेकिन यहां नियमों को ताक पर रख दिया गया। ऐसे में सवाल यह उठता है कि क्या डिजिटल अटेंडेंस लेने वाले इन अधिकारियों की आंखें इतनी धुंधली हो चुकी थीं कि उन्हें मां की जगह फावड़ा चला रहा 13 साल का बच्चा दिखाई नहीं दिया। स्मार्टफोन से जियो-टैगिंग और लाइव फोटो अपलोड करने की पूरी आधुनिक व्यवस्था सिर्फ एक दिखावा साबित हो रही है, क्योंकि जमीनी स्तर पर भौतिक सत्यापन पूरी तरह शून्य है। इस गंभीर विफलता के बाद सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मामले की उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच कराने और डिजिटल हाजिरी के नाम पर आंखें मूंदने वाले गैर-जिम्मेदार ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों व पंचायत कर्मियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## बंथरा स्टेशन के पास ट्रैक किनारे मिला युवक का शव, ट्रेन से गिरने की आशंका

**रात में मचा हड़कंप, पहचान न होने पर शव मोर्चरी भेजा गया**

**तिलहर(शाहजहांपुर)।** बंथरा रेलवे स्टेशन के पास शुक्रवार देर रात रेलवे ट्रैक किनारे एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि युवक चलती ट्रेन से गिर गया, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार रात करीब 11:45 बजे राहगीरों ने रेलवे ट्रैक के किनारे एक व्यक्ति को पड़े देखा। सूचना पर नगरिया चौकी इंचार्ज अनुज चौधरी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने आसपास के लोगों से मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन देर रात तक उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। मृतक की उम्र लगभग 40 वर्ष बताई जा रही है। वह कत्थई रंग की बनियान और नीली जींस पहने हुए था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक प्रिंस शर्मा ने बताया कि युवक की पहचान कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। आसपास के थानों और रेलवे स्टेशनों को भी सूचना भेजी गई है।

## दहेज में 50 लाख रुपए न मिलने पर विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला केस दर्ज



**सहजनवा गोरखपुर:** सहजनवा थाना क्षेत्र के टड़वा खुर्द निवासी प्रियंका की शादी 6 मई 2023 में रोहित पाण्डेय पुत्र कृष्णानंद पाण्डेय के साथ हुई थी। विदाई के बाद जब पीड़िता ससुराल पहुंची तो पति सहित ससुराल के लोग दहेज के लिए उत्पीड़न करना शुरू कर दिए। कुछ लोगों के समझाने पर मामला शांत हो जाता था। इसी बीच वह गर्भवती हो गई। तो पति के साथ ससुराल के लोग उसे मारपीट कर घायल कर दिए। जिससे गर्भपात हो गया। इसके बाद ससुराल के लोगों का उत्पीड़न और बढ़ गया। और दहेज में 50 लाख रुपए की मांग करने लगे। जिसका विरोध किया तो आरोपी मारपीट कर कमरे में बंधक बना लिया। कुछ लोगों ने घटना की जानकारी भाई को दिया। जो ससुराल पहुंच कर मायके लाया। भाई आलोक मिश्र की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी रोहित पांडे, राहुल पाण्डेय, शिवानी पाण्डेय, शालिनी पाण्डेय, कृष्णानंदन पाण्डेय के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, मारपीट, जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

# गोरखपुर: खेती और ईंधन पर प्रशासन का डबल फोकस: धान रोपाई से पहले, डीजल-पेट्रोल और गैस सप्लाई पर सख्ती



**● डीएसओ की तेल कंपनियों संग बैठक, पेट्रोल पम्पों को चेतावनी- कोई भी पम्प 'ड्राई' नहीं होना चाहिए**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** जिले में धान रोपाई के मौसम की शुरुआत के साथ ही प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गया है। एक तरफ किसान खेतों में धान की नर्सरी (वेहन) तैयार करने में जुटे हैं, तो दूसरी तरफ प्रशासन ने खेती और घरेलू जरूरतों से जुड़ी ईंधन आपूर्ति व्यवस्था को मजबूत करने की कवायद तेज कर दी है। जिला पूर्ति अधिकारी (डीएसओ) रामेंद्र प्रताप सिंह ने इंडियन ऑयल (IOC) और भारत पेट्रोलियम (BPCL) के अधिकारियों के साथ अहम बैठक कर डीजल, पेट्रोल और रसोई गैस की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में डीएसओ ने साफ कहा कि धान रोपाई का समय किसानों के लिए सबसे महत्वपूर्ण चरण होता है और इस दौरान डीजल की उपलब्धता किसी भी हालत में प्रभावित नहीं होनी चाहिए। उन्होंने जिले के सभी पेट्रोल पम्प संचालकों को निर्देशित किया कि किसी भी पम्प पर ईंधन संकट की स्थिति न बनने पाए और समय से आपूर्ति बनी रहे। घरेलू उपभोक्ताओं को राहत देते हुए गैस एजेंसियों को भी स्पष्ट निर्देश दिए गए कि एलपीजी सिलेंडरों की सप्लाई बाधित नहीं होनी चाहिए। प्रशासन ने चेताया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

उधर, गांवों में किसान सुबह-शाम खेतों में जुटकर धान की नर्सरी तैयार कर रहे हैं। इसे देखते हुए कृषि और सिंचाई विभाग को भी सक्रिय किया गया है। अधिकारियों को गांव-गांव जाकर बीज, खाद, सिंचाई और बिजली की उपलब्धता पर नजर रखने और समस्याओं का तत्काल समाधान करने को कहा गया है। तेल कंपनियों के अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि गोरखपुर में ईंधन और गैस की सप्लाई पूरी तरह सुचारू रहेगी। जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त आपूर्ति की व्यवस्था भी की जाएगी। प्रशासन की इस सक्रियता से किसानों और आम लोगों में राहत और भरोसा बढ़ा है। खेती के मौसम से पहले की गई तैयारी से उम्मीद है कि इस बार रोपाई कार्य बिना किसी बाधा के समय पर पूरा होगा।

# ग़ोला: कपड़ा खरीदने निकली युवती लापता, बेंगलुरु ले जाने का आरोप: युवक समेत तीन पर केस दर्ज

**● 7 मई से लापता है 23 वर्षीय युवती, परिवार ने जताई अनहोनी की आशंका**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोलाबाजार, गोरखपुर।** गोला थाना क्षेत्र में एक युवती के लापता होने का मामला अब अपहरण और बहला-फुसलाकर भगाने के आरोप तक पहुंच गया है। युवती की मां की तहरीर पर पुलिस ने युवक समेत तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। परिजनों ने युवती को बेंगलुरु ले जाने का आरोप लगाते हुए उसकी सुरक्षा को लेकर गंभीर आशंका जताई है।

**कपड़ा खरीदने की बात कहकर घर से निकली थी युवती**

जानकारी के अनुसार गोला थाना क्षेत्र की रहने वाली 23 वर्षीय युवती बीते 7 मई को घर से कपड़ा खरीदने के लिए बाजार जाने की बात कहकर निकली थी। परिवार के लोगों को उम्मीद थी कि वह कुछ ही देर में वापस लौट आएगी, लेकिन देर शाम तक घर नहीं पहुंचने पर परिजनों की चिंता बढ़ गई। परिजनों ने पहले अपने स्तर से रिश्तेदारों और परिचितों के यहां तलाश शुरू की, लेकिन युवती का कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई गई।

**गगहा निवासी युवक पर बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप**

पीड़िता की मां ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि गगहा थाना क्षेत्र निवासी गौतम उर्फ टंगा उनकी पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। आरोप है कि युवती को बेंगलुरु ले जाया गया, जहां आरोपी के बहनोई प्रभु और बहन पूजा ने भी उसका साथ दिया और उसे अपने पास रखा हुआ है। परिजनों का कहना है कि युवती से संपर्क नहीं हो पा रहा है, जिससे किसी अनहोनी की आशंका लगातार बढ़ती जा रही है।

**तीनों आरोपियों पर दर्ज हुआ मुकदमा**



मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने युवती की मां की तहरीर के आधार पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 87 एवं 61(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस अब युवती की तलाश के साथ आरोपियों की भूमिका की जांच में जुट गई है।

**क्या बोले थाना प्रभारी**

थाना प्रभारी प्रहलाद सिंह ने बताया कि पीड़िता की मां की तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है तथा युवती की बरामदगी के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## बड़ी सफलता: 25,000 का इनामी बदमाश कलुआ गिरफ्तार, महराजगंज पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**» मुख्य बातें:** सबसे गंभीर मामला: थाना पडरौना में दर्ज हत्या (302 IPC) का मामला है।

**» क्षेत्र:** इसके अपराधों का कार्यक्षेत्र मुख्य रूप से कुशीनगर और महराजगंज जनपद रहे हैं।

**» अपराध की प्रकृति:** यह अपराधी हत्या, तस्करी (नशा और पशु), और अवैध शस्त्र रखने जैसे गंभीर अपराधों में संलिप्त रहा है।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**महराजगंज।** जनपद में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान में बरगदवा पुलिस को एक बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने गोवध निवारण अधिनियम में वांछित और 25 हजार रुपये के इनामी अपराधी कलामुद्दीन उर्फ कलुआ को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। सटीक सूचना पर बिछाया गया जाल जिसमें पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देशन में वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए टीमें गठित की गई थीं। थाना प्रभारी बरगदवा, धनन्जय कुमार राय के नेतृत्व में पुलिस टीम को मुखबिर से सटीक सूचना मिली कि शातिर अपराधी कलामुद्दीन क्षेत्र में मौजूद है। टीम ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। शातिर अपराधी का इतिहास देखें तो गिरफ्तार अभियुक्त कलामुद्दीन उर्फ कलुआ (48 वर्ष), जो कुशीनगर के हनुमानगंज का निवासी है, एक शातिर अपराधी माना जाता है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, उस पर हत्या, एनडीपीएस एक्ट (नशीले पदार्थ), आर्म्स एक्ट और गोवध निवारण अधिनियम जैसे गंभीर अपराधों के कुल 7 मुकदमे दर्ज हैं। वह काफी समय से फरार चल रहा था, जिसके चलते उस पर इनाम घोषित किया गया था।पुलिस टीम की सराहनीय कार्य से ऑपरेशन को सफल बनाने में प्रभारी निरीक्षक धनन्जय कुमार राय के साथ उप-निरीक्षक शिक्षितानन्द, ओमप्रकाश यादव और कांस्टेबल राहुल व गौरव कुमार सोनकर की मुख्य भूमिका रही। पुलिस की इस सक्रियता से क्षेत्र के पशु तस्करों और अपराधियों में हड़कंप मच गया है।

## युवती संग मारपीट करने पर दो युवतियों व एक युवक पर रिपोर्ट दर्ज

**कोंच(जालौन)**- एक युवती के साथ गाली गलौच कर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। मोहल्ला मालवीय नगर निवासी युवती स्नेहा अग्रवाल पुत्री महेश ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि बीती 21 मई की शाम 7 बजे कांशीराम कॉलोनी निवासी शिवानी खान और गांधीनगर निवासी उपासना कश्यप ने उसके घर में घुसकर गाली गलौच कर मां सहित उसके साथ मारपीट की। अगले रोज 22 मई को वह उरई से वापस कोंच लौट रही थी तभी कोंच बस स्टैंड पर उक्त दोनों युवतियों सहित सुभाष नगर निवासी रामराजा ने गाली गलौच कर उसके साथ फिर से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। उक्त मामले में पुलिस ने उपरोक्त तीनों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# कानपुर किडनी कांड के दो और आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** कानपुर पुलिस ने किडनी कांड के दो और आरोपियों को अरेस्ट कर लिया है, पकड़े गए शातिर किडनी कांड के मास्टर माइंड टीम का हिस्सा थे,, और किडनी ट्रांसप्लांट के दौरान डाक्टरों की टीम में शामिल रहते थे पकड़ा गया सैफुद्दीन ओटी टेक्निशियन था जबकि दूसरा आरोपी अखिलेश तिवारी किडनी ट्रांसप्लांट करने वाले डाक्टर का असिस्ट करता था,, दोनों का काम किडनी सुरक्षित करके रखना होता था पुलिस ने पूछताछ के बाद दोनों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया,,डीसीपी वेस्ट एसएम कासिम आब्दी ने बताया कि किडनी रैकेट में शामिल बहराइच निवासी सैफुद्दीन और कानपुर निवासी अखिलेश तिवारी,को अरेस्ट किया गया है, अखिलेश ने लखनऊ से ओटी टेक्निशियन की पढ़ाई कर रखी थी,साथ ही जीएनएम का कोर्स भी किये हैं,इन दोनों ने आधा दर्जन से अधिक किडनी ट्रांसप्लांट की बात स्वीकार की हैं,, इसमें दो किडनी ट्रांसप्लांट आहूजा अस्पताल में हुआ था,और अन्य शहर के अलग-अलग नर्सिंग होम में हुए थें दोनो ने बताया कि किडनी ट्रांसप्लांट में 50 हजार से एक लाख रुपए मिलते थें, किडनी ट्रांसप्लांट के लिए लाने का कमीशन अलग मिलता था,,अब दो आरोपियों को जेल भेजे जाने से अब किडनी ट्रांसप्लांट आरोपियों की संख्या 13 हो गई है।

## संक्षिप्त खबरें

### थाना दिवस में नहीं आ रहे जिम्मेदार समस्या काम नहीं हो पा रहा निदान



**बरेली**/क्यों लड़िया थाना दिवस में लंबे समय से नहीं आ रहे कोई भी मजिस्ट्रेट रैंक के अधिकारी तो राजस्व टीम भी होती जा रही नदारत 14 जून 2025 को तहसीलदार दुष्यंत प्रताप सिंह थाना दिवस में उपस्थित हुए थे तब से लेकर आज तक के ढुल फुल रवैया के चलते फरियादियों को सुनने के लिए प्रशासनिक अधिकारी ना आने के कारण अब तो यहां पर राजस्व टीम ने भी आना बंद कर दिया है। यहां पर आज राजस्व से मात्र तीन लोग उपस्थित हुए कानून गो महेंद्र कुमार लेखपाल योगेश कुमार एक बंदा और के साथ ही पूरे समाधान दिवस में सन्नाटा पसरा रहा यह कार्यक्रम कोई नया नहीं है लंबे समय से यही स्थिति क्यों लड़िया में स्थित थाना दिवस पर आयोजित होने वाले दिवसो की रही है जिसके चलते आज भी कोई उपस्थित नहीं हो सका यहां पर समस्या सुनने के लिए प्रभारी निरीक्षक वेद सिंह अप निरीक्षक मुकेश कुमार देशराज तोमर आदि उपस्थित थे यहां पर आने वाले फरियादी अपने लेखपालों को पूछ कर बेरिंग लौट गए जिसके कारण लोगों की समस्याओं का समाधान नहीं हो सका।

### मैगलगंज में भारत गैस एजेंसी पर बड़ा आरोप, उपभोक्ताओं की जेब पर डाका!



मैगलगंज में भारत गैस एजेंसी एक बार फिर सवालों के घेरे में है। स्थानीय उपभोक्ताओं ने एजेंसी पर खुलेआम लूट और भारी अनियमितता का आरोप लगाया है। लोगों का कहना है कि घरेलू गैस सिलेंडरों में तय मात्रा से कम गैस दी जा रही है, जिससे आम जनता को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि कथित तौर पर वजन करने पर एक सिलेंडर में करीब 1 किलो 740 ग्राम गैस कम निकली। इतना ही नहीं, सूत्रों की मानें तो लगभग 80 प्रतिशत सिलेंडरों में कम गैस दी जा रही है। इस पूरे मामले का वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिससे उपभोक्ताओं में भारी आक्रोश है।ग्रामीणों और कस्बावासियों का कहना है कि गैस एजेंसी की इस मनमानी ने गरीब और मध्यम वर्ग की रसोई पर सीधा हमला किया है। लोग सवाल उठा रहे हैं कि आखिर जिम्मेदार अधिकारी कब जागेंगे और उपभोक्ताओं के साथ हो रही इस कथित लूट पर कार्रवाई कब होगी।उपभोक्ताओं ने प्रशासन से मांग की है कि एजेंसी की तत्काल जांच कराई जाए, सभी सिलेंडरों की निष्पक्ष तरीके से तौल कराई जाए और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई हो, ताकि जनता का भरोसा दोबारा कायम हो सके।

### फरियादी को थाने से चौकी तक दौड़ाया

**मैलानी पुलिस की कार्यशैली पर उठे सवाल**

मैलानी थाना क्षेत्र में पुलिस की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। आरोप है कि फरियाद लेकर पहुंचे पीड़ित को मदद देने के बजाय पूरे दिन थाने और चौकी के चक्कर लगवाए गए। भीषण गर्मी में परेशान पीड़ित आखिरकार निराश होकर बैठ गया। जानकारी के अनुसार, एक पीड़ित ने शुक्रवार को थाना अध्यक्ष वृजेश मौर्य को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की थी। थाना अध्यक्ष ने उसे शनिवार को थाने बुलाया।कहा गया कि थाना दिवस में समस्या रखो,पीड़ित करीब 20-25 किलोमीटर दूर से शनिवार को मैलानी थाने पहुंचा, लेकिन वहां बताया गया कि साहब संसारपुर गए हैं। पीड़ित ने जब फोन पर संपर्क किया तो उसे संसारपुर आने के लिए कहा गया। वह वहां भी पहुंच गया, लेकिन जानकारी मिली कि साहब पीस कमेटी की बैठक के बाद आराम कर रहे हैं। पीड़ित घंटों इंतजार करता रहा। बाद में उसे बताया गया कि संबंधित दरोगा छुट्टी पर गए हैं और उनके लौटने के बाद ही कार्रवाई हो सकेगी।तेज धूप और उमस भरी गर्मी में इधर-उधर भटकते पीड़ित की हालत खराब हो गई। इस पूरे घटनाक्रम के बाद स्थानीय लोगों में पुलिस व्यवस्था को लेकर नाराजगी दिखाई दे रही है। लोगों का कहना है कि यदि फरियादियों के साथ ऐसा व्यवहार होगा तो आम जनता पुलिस से न्याय की उम्मीद कैसे करेगी।

# चालीस लाख की लागत से बनेगी स्वर्गीय विधायक गेंदालाल मार्ग का हिस्सा खबर का हुआ असर

**● 5 वर्षों से टूटी पड़ी इस सड़क पर अब शुरू होगा आवा गमन लोक निर्माण विभाग ने शासन को एस्टीमेट भेजा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता


स्वतंत्र प्रभात
04 May 2026 - Page 6
स्वर्गीय विधायक गेंदालाल गंगवार मार्ग बना ताल
● निकलना दूभर नहीं हो रहा निर्माण कार्य
स्वतंत्र प्रभात संवाददाता
विश्व देव राठौर

**बरेली**/ भदपुरा विकासखंड से 1989 में भाजपा के प्रथम विधायक बने गेंदालाल गंगवार की कुछ ही समय पर्यंत विद्युत करंट लगने से मृत्यु हो गई थी जिनकी यादगार में तत्कालीन मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव ने स्वर्गीय विधायक के नाम पर सड़क बनवाने का कार्य किया था यह सड़क विगत 5 वर्षों से टूटी पड़ी हुई है। जिसके कारण बरसात में एवं हल्की सी वर्षा होने पर आवागमन बाधित हो जाता था इस खबर को स्वतंत्र प्रभात अखबार ने 4 में 2026 को प्रमुखता से प्रकाशित किया था इसके बाद विभाग से लेकर अन्य अधिकारियों में हलचल हुई अंततः लोक निर्माण विभाग ने इसकी कार्य योजना बनाकर जिला अधिकारी अविनाश सिंह की स्वीकृति सहित एस्टीमेट बनाकर शासन को भेज दिया गया है । विभाग के अवर अभियंता द्वारा नाम न छापने के तहत पुष्टि की गई है क्यों लड़िया चौराहे से लेकर जावेदा जाने वाली शारदा सागर खंड शाहजहांपुर नहर पर बने पुल के ऊपर से उसे पर तक सड़क को जोड़ा जाएगा साथ ही इसी सड़क से हरैया जाने वाली सड़क का कुछ भाग भी इस कार्य योजना में सम्मिलित कर स्वीकृति हेतु शासन को भेज दिया गया है । ज्ञात रहे इसी सड़क पर सबसे अधिक व्यापारियों का कारोबार चलता है जिसके तहत कीचड़ हो जाने पर रास्ता बंद होती है तो इनको भी संकट का सामना करना पड़ता है करीब 1 लंबाई किस सड़क बनने से व्यापारियों के साथ-सा द निकालने वालों को सबसे बड़ी राहत मिलेगी इस कार्य के लिए लोगों ने स्वतंत्र प्रभात अखबार को बधाई दी इसमें अफजाल अहमद जावेद अहमद महेश चंद बाबू राम यादव गंठे मनोज कुमार रहसुरुद्दीन रमेश चंद अकील अहमद अंगद राम सानू साजिद आदि लोगों ने इस सराहनीय कार्य के लिए स्वतंत्रप्रभात अखबार को बधाई दी।


### बांकेगंज में विद्युत व्यवस्था ध्वस्त! पूरी रात अंधेरे में डूबे हजारों ग्रामीण

**बांकेगंज खीरी-** बिजली उपकेंद्र बांकेगंज की निष्क्रियता का खामियाजा जनता भुगत रही है। गुरुवार रात बांकेगंज क्षेत्र के हजारों उपभोक्ता पूरी रात अंधेरे में रहने को मजबूर रहे। दिनभर विभिन्न फीडरों पर शटडाउन का खेल चलता रहा, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।शाम 7:05 बजे रोस्टिंग शुरू हुई, लेकिन करीब दो घंटे बाद रोस्टिंग समाप्त होने के बावजूद मात्र 20 मिनट ही बिजली आपूर्ति हो सकी। इसके बाद अचानक 33 केवी लाइन में ब्रेकडाउन हो गया और पूरे क्षेत्र की बिजली व्यवस्था ठप पड़ गई।ग्रामीणों का आरोप है कि विद्युत विभाग के अधिकारियों की लापरवाही और अनदेखी के कारण आए दिन ऐसी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं, लेकिन समाधान के नाम पर केवल आश्वासन ही मिलते हैं। संसारपुर सहित नेशनल हाईवे-730 पर भी अंधेरा छाया रहा, जिससे सड़क दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ गई। राहगीरों और वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।क्षेत्रीय लोगों ने विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों से तत्काल व्यवस्था सुधारने तथा दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

## कार वॉशिंग सेन्टरों में पानी की बर्बादी पर जिलाधिकारी सख्त, अधिकारियों को निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही के दिए निर्देश

**● एक गाड़ी धुलने में लगभग 300 लीटर पानी होता है बर्बाद**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बरेली।** भीषण गर्मी और गिरते भूजल स्तर के बीच कार वॉशिंग सेन्टरों में हो रही हजारों लीटर पानी की बर्बादी पर जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने सख्त रुख अपनाया है। जिलाधिकारी ने नगर आयुक्त, नगर निगम को पत्र लिखकर निरीक्षण कर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये है। स्वास्थ्य सेतु चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष अरुण जायसवाल ने 22 मई को जिलाधिकारी को पत्र देकर शिकायत की थी कि शहर में बड़ी संख्या में कार वॉशिंग सेन्टर चल रहे हैं। इन सेन्टरों पर एक वाहन की धुलाई में 150 से 300 लीटर तक स्वच्छ पानी खर्च होता है, जो सीधे नाली में बहा दिया जाता है। जिससे रोजाना लाखों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है। एक ओर गर्मी में आम जनता पीने के पानी के लिए परेशान है, भूजल स्तर लगातार गिर रहा है, वहीं दूसरी ओर व्यापारिक लाभ के लिए जीवनदायी जल को व्यर्थ बहाया जा रहा है। यह जल संरक्षण नियमों और जनहित के विरुद्ध है। उक्त पत्र के क्रम में कुछ सुझाव भी दिये गए है कि शहर के सभी कार वॉशिंग सेन्टरों का सर्वे कराकर पंजीकरण अनिवार्य किया जाए। सभी सेन्टरों में वाटर रिसाइक्लिंग प्लांट लगाना अनिवार्य हो, ताकि पानी का दोबारा उपयोग हो सके। भू-जल के व्यावसायिक दोहन पर NOC और शुल्क की व्यवस्था लागू की जाए। बिना रिसाइक्लिंग प्रणाली वाले सेन्टरों पर रोक लगाए जाने तथा जल संरक्षण के लिए जनजागरूकता अभियान चलाया जाए। जिलाधिकारी ने 'प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए निरीक्षण कर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये है।

## पुलिस मुठभेड़ में अंतर्जनपदीय शातिर चोर गिरोह गिरफ्तार

**● अवैध तमंचा व चोरी का माल बरामद**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लखीमपुर खीरी।** थाना मितौली पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान अंतर्जनपदीय शातिर चोर गिरोह के तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से अवैध तमंचा, कारतूस तथा चोरी का माल बरामद किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में सूरज पुत्र छोटेलाल, उम्र करीब 28 वर्ष निवासी थाना कोतवाली नगर जनपद सीतापुर सहित दो अन्य शातिर चोर शामिल हैं।पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अपराधियों द्वारा जनपद खीरी, सीतापुर सहित अन्य जनपदों में चोरी, नकबजनी तथा भैंस चोरी जैसी घटनाओं को अंजाम दिया जाता था। काफी समय से पुलिस को इनकी तलाश थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी की, जिस दौरान बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर भागने का प्रयास किया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने तीनों आरोपियों को दबोच लिया।अभियुक्तों के कब्जे से अवैध असलहा, जिंदा कारतूस और चोरी का सामान बरामद किया गया है। पुलिस द्वारा गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ कर अन्य घटनाओं की जानकारी जुटाई जा रही है।इस पूरी कार्रवाई का नेतृत्व तेजतर्रार क्षेत्राधिकारी मितौली यादवेंद्र सिंह ने किया। उनके निर्देशन में थाना मितौली पुलिस ने साहस और सूझबूझ का परिचय देते हुए इस गिरोह का पर्दाफाश किया। क्षेत्र में अपराध नियंत्रण को लेकर सीओ मितौली यादवेंद्र सिंह की कार्यशैली की लगातार सराहना की जा रही है।पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## भीषण गर्मी का कहर: बच्चों में तेजी से पैर पसार रहा डायरिया

**● मात्र 4-5 दस्त में ही गंभीर हो रहे मासूम, डॉक्टर की बड़ी अपील**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** वर्तमान में जारी भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों के बीच छोटे बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर एक बेहद चिंताजनक स्थिति सामने आ रही है। जिले में इन दिनों बच्चों में डायरिया (दस्त) और लूज मोशंस के मामलों में भारी उछाल देखा जा रहा है स्थिति की गंभीरता को देखते हुए शहर के सुप्रसिद्ध शिशु रोग विशेषज्ञ और किलकारी हॉस्पिटल के संचालक डॉ. अंजनी मिश्रा ने सभी अभिभावकों के लिए एक बेहद जरूरी और संवेदनशील अपील जारी की है।

**मात्र 4-5 दस्त के बाद ही अचानक बेहोश हो रहे बच्चे**

डॉ. अंजनी मिश्रा ने बताया कि इस बार गर्मी का असर बच्चों पर बहुत तेजी से और खतरनाक तरीके से हो रहा है। लगातार ऐसे मामले सामने आ रहे हैं जहाँ बच्चे केवल 4 से 5 बार दस्त होने के बाद ही अचानक अत्यधिक सुस्त हो जा रहे हैं या बेहोशी की हालत में पहुँच रहे हैं। कई बच्चों की स्थिति तो कुछ ही घंटों में अचानक बेहद गंभीर हो जा रही है, जो कि बेहद चिंताजनक है।चिकित्सक के अनुसार, गर्मी के मौसम में बच्चों के शरीर से पानी और जरूरी लवण (इलेक्ट्रोलाइट्स) बहुत तेजी से खत्म होते हैं। ऐसे में थोड़ी सी भी लापरवाही मासूमों के लिए जानलेवा साबित हो सकती है।अभिभावक अपने बच्चों में निम्नलिखित लक्षणों पर चौबीसों घंटे नजर रखें: बार-बार दस्त और उल्टी होनाशरीर में तेज कमजोरी और अत्यधिक सुस्ती आना,बच्चे का बार-बार अत्यधिक प्यास महसूस करना पेशाब की मात्रा का अचानक कम हो जाना,आंखें अंदर की ओर धंस जाना,बेहोशी या अर्ध-बेहोशी जैसी स्थिति होना, डॉ. मिश्रा ने सख्त लहजे में अपील की है कि इन लक्षणों में से एक भी लक्षण दिखने पर इसे बिल्कुल भी सामान्य न समझें। घरेलू उपचार के भरोसे वक्त न गंवाएं और तुरंत किसी योग्य चिकित्सक से संपर्क कर बच्चे का उचित इलाज शुरू कराएं।

**बचाव के लिए डॉक्टर की गाइडलाइन: क्या करें और क्या न करें-**

बच्चों को इस जानलेवा डायरिया और डिहाइड्रेशन से बचाने के लिए डॉ. अंजनी मिश्रा ने कुछ बेहद जरूरी और आसान उपाय सुझाए हैं:तरल पदार्थ दें: बच्चों के शरीर में पानी की कमी न होने दें। उन्हें पर्याप्त मात्रा में साफ पानी,ओआरएस घोल, नारियल पानी और घर के बने स्वच्छ तरल पदार्थ लगातार देते रहें।बाहर के खाने से परहेज: गर्मी में बैक्टीरिया बहुत तेजी से पनपते हैं, इसलिए बच्चों को बाहर की खुली, बासी या अस्वच्छ चीजें खिलाने से पूरी तरह बचाएं। धूप से सुरक्षा: दोपहर के समय बच्चों को तेज धूप में बाहर बिल्कुल न निकलने दें।

उन्हें ठंडे और हवादार स्थान पर रखें।सावधानी, सही समय पर लक्षणों की पहचान और बिना देरी किए तुरंत शुरू हुआ सही उपचार ही आपके बच्चे को गंभीर स्थिति में जाने से सुरक्षित रख सकता है।

### जनगणना 2027 की तैयारियों की समीक्षा, 98.5 प्रतिशत HLB कार्य पूर्ण

**सुपौल।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को जिलाधिकारी-सह-प्रधान जनगणना अधिकारी सावन कुमार की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक अपराह्न 3:30 बजे हुई, जिसमें जिले के सभी संबंधित पदाधिकारी एवं चार्ज जनगणना अधिकारी शामिल हुए। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने सभी चार्ज जनगणना अधिकारियों को लंबित ॥ककार्यों को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रगणकों द्वारा की जा रही डाटा एंट्री एवं लिंकिंग कार्य का पर्यवेक्षकों के माध्यम से सही ढंग से सत्यापन सुनिश्चित किया जाए, ताकि जनगणना कार्य में किसी प्रकार की त्रुटि न हो। बैठक में बताया गया कि जिले में कुल 4198 HLB के विरुद्ध 4135 HLB में मार्किंग एवं डाटा एंट्री का कार्य पूरा कर लिया गया है, जो कुल लक्ष्य का 98.5 प्रतिशत है। जिलाधिकारी ने शेष कार्यों को भी निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण करने तथा सभी प्रक्रियाओं में पारदर्शिता एवं शुद्धता बनाए रखने का निर्देश दिया।

## फर्जी, भ्रामक आख्या लगा शिकायतों का निस्तारण किए जाने के आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लखीमपुर खीरी-** विकास खंड मितौली की ग्राम पंचायत देतेली में नाली निर्माण के लिए की जा रही उच्च अधिकारियों से शिकायतो में झूठी आख्या लगाकर शिकायतों का निस्तारण किए जाने के गंभीर आरोप लगाये गये हैं। सूत्र बताते हैं कि ग्राम पंचायत देतेलीकला, ब्लॉक मितौली में सरकारी योजनाओं में व्यापक धांधली, गरीबों का हक मारने के लगाए गए आरोप की अगर कराई जाये निष्पक्ष जांच तो बड़ा घोटाला निकल कर सामने आएगा। ग्रामीणों के मुताबिक कृष्ण गोपाल के मकान से लेकर नाली और इंटरलॉकिंग का निर्माण कार्य तो कराया गया जिसमें मौके पर नाली निर्माण कार्य हुआ ही नहीं और काग़ज़ों पर नाली निर्माण दिखाकर सरकारी धन का बंदर बाट कर लिये जाने की चर्चा जोर पकड़ती जा रहीं हैं मामले की शिकायत भी की गयी लकिन बिना कोई जांच किए ही झूठी और फर्जी भ्रामक रिपोर्ट लगा कर निस्तारण कर दिया जा रहा है। प्रशासन की इस चुप्पी से लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है।ग्रामीणों का आरोप है कि अधिकारियों को गुमराह करना प्रधान और पंचायत सचिव की फितरत बन गई है।जिसके चलते जांच के लिए आने वाले अधिकारियों को फर्जी लाभार्थी दिखाकर और गलत कागजात प्रस्तुत कर गुमराह किया जा रहा है। वास्तविक शिकायतकर्ताओं को अधिकारियों से मिलने नहीं दिया जाता। दतेली निवासी कृष्ण गोपाल अवस्थी ने बताया हमने मुख्यमंत्री से लेकर जिला अधिकारी तक शिकायत की मगर हर शिकायत में झूठी आख्या लगाकर शिकायत का निस्तारण कर दिया जाता है ग्रामीणों की मांग है कि ग्राम पंचायत देतेलीकला के विगत 3 वर्षों के समस्त विकास कार्यों की उच्चस्तरीय निष्पक्ष जांच कराई जाए।दोषियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। अपात्रों को दिए गए आवास निरस्त कर वास्तविक पात्रों को तत्काल आवास उपलब्ध कराए जाएं।मनरेगा व अन्य योजनाओं में फर्जी भुगतान की रिकवरी कराई जाए।जिला विकास अधिकारी स्वयं गाँव में खुली चौपाल लगाकर पीड़ितों की शिकायत सुने।


**वर्जन-** जब इस संबंध में सहायक विकास अधिकारी पंचायत मितौली से बात की गई तो उन्होंने बताया मामला संज्ञान में आया है और जल्द से जल्द इसका निस्तारण किया जाएगा।

### शहरी प्रधानमंत्री आवास योजना में धांधली के आरोप

**लखीमपुर खीरी।** सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शहरी प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों से 15 हजार से 20 हजार रुपये तक की अवैध वसूली किए जाने के आरोप सामने आए हैं। बताया जा रहा है कि कुछ कथित दलाल योजना का लाभ दिलाने और पात्र सूची में नाम शामिल कराने के नाम पर लोगों से धन उगाही कर रहे हैं।सूत्रों का दावा है कि एक कथित दलाल स्वयं को विभागीय लोगों से जुड़ा बताते हुए यह कहता नजर आया कि 'हमारे पास तो केवल हजार रुपये आते हैं, बाकी ऊपर तक जाता है।' आरोप है कि उसने सीएलटीसी और अन्य संबंधित लोगों का नाम लेकर लाभार्थियों पर दबाव बनाने का प्रयास किया। मामले को लेकर यह भी चर्चा है कि कथित वसूली से संबंधित वीडियो जल्द वायरल हो सकता है। हालांकि अभी तक प्रशासनिक स्तर पर इस संबंध में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो यह गरीब और जरूरतमंद लोगों के लिए चलाई जा रही सरकारी योजना की पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े करेगा। स्थानीय लोगों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## जीतपुरवा से मंडप फार्म पीडब्ल्यूडी रोड निर्माण में मानकों की अनदेखी का आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




निघासन क्षेत्र में जीतपुरवा से मंडप फार्म तक बन रही पीडब्ल्यूडी सड़क के निर्माण कार्य पर सवाल उठने लगे हैं। ग्रामीणों और स्थानीय सूत्रों का आरोप है कि सड़क निर्माण कार्य मानक वाहिनी और गुणवत्ता मानकों के अनुरूप नहीं कराया जा रहा है।सूत्रों के अनुसार सड़क निर्माण से पहले मार्ग की समुचित सफाई नहीं कराई जा रही है, जिससे सड़क की मजबूती और गुणवत्ता प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है। वहीं यह भी आरोप है कि निर्माण कार्य में तारकोल (बिटुमेन) निर्धारित मात्रा से कम डाला जा रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क निर्माण में जल्दबाजी और लापरवाही बरती जा रही है। यदि समय रहते गुणवत्ता की जांच नहीं कराई गई तो सड़क जल्द ही उखड़ सकती है, जिससे आम जनता को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। ग्रामीणों ने संबंधित विभागीय अधिकारियों से निर्माण कार्य की जांच कराकर मानकों के अनुसार कार्य कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि सरकारी धन से बनने वाली सड़क में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जानी चाहिए।अब देखना यह होगा कि पीडब्ल्यूडी विभाग इन आरोपों को कितनी गंभीरता से लेता है और निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए जाते हैं।

## नगर पंचायत पर किसान की जमीन पर अवैध नाला निर्माण का आरोप, जिलाधिकारी से शिकायत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लखीमपुर खीरी।** नगर पंचायत खीरी के कर्मचारियों पर एक किसान की निजी भूमि पर जबरन और अवैध रूप से नाला निर्माण कराने का गंभीर आरोप लगा है। पीड़ित किसान ने इस संबंध में जिलाधिकारी (DM) लखीमपुर खीरी को प्रार्थना पत्र सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है और अवैध निर्माण को तुरंत रुकवाने की मांग की है।

**क्या है पूरा मामला-** मामला ग्राम सरॉय सकूनत (परगना व तहसील खीरी) का है। गाँव के निवासी अमरजीत सिंह पुत्र जसवन्त सिंहने जिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि भूमि गाटा संख्या 177 (रकबा 0.1820) उनके पिता के नाम दर्ज है। इस भूमि पर उनका मालिकाना हक और कब्जा है, जो राजस्व अभिलेखों (सरकारी कागजातों) में भी दर्ज है। किसान का आरोप है कि उक्त भूमि नगर पंचायत खीरी के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत नहीं आती है। इसके बावजूद, बीते 21 मई 2026को ठेकेदार के द्वारा बिना किसी ठोस कारण के और दुर्भावनापूर्ण तरीके से उनकी निजी जमीन पर अवैध रूप से नाला निर्माण करने लगे।

**विरोध करने पर मिली फर्जी मुकदमे की धमकी-** प्रार्थना पत्र में पीड़ित ने आरोप लगाया है कि जब उन्होंने और उनके परिवार ने अपनी निजी जमीन पर हो रहे इस अवैध निर्माण का विरोध किया, तो ठेकेदार के द्वारा उन्हें फर्जी मुकदमों में फंसाने की धमकी दी। पीड़ित का कहना है कि नगर पंचायत उनकी जमीन पर अवैध कब्जा करने की नीयत से यह निर्माण कार्य पूर्ण करने पर आमादा है। पीड़ित का पक्ष: 'यदि इस अवैध निर्माण को तत्काल प्रभाव से नहीं रोका गया, तो मुझे और मेरे परिवार को ऐसी क्षति होगी जिसकी भरपाई नामुमकिन है।'

**जांच और कार्रवाई की मांग-** किसान अमरजीत सिंह ने 22 मई 2026को जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई है, जिस पर कार्यालय की मुहर भी लग चुकी है। पीड़ित ने जिलाधिकारी से मांग की है कि इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाए और उनकी निजी भूमि पर हो रहे अवैध नाला निर्माण को तुरंत रुकवाया जाए।

### लहसुना थाना की बड़ी कार्रवाई, 2 हजार लीटर गुड़ जावा महुआ नष्ट

**मसौढ़ी।** प्रदेश में लागू शराबबंदी कानून के सख्त अनुपालन को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत लहसुना थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना अध्यक्ष खुशबू खातून के नेतृत्व में पुलिस टीम ने शनिवार को बदरोई गांव स्थित मोरहर नदी किनारे छापेमारी कर करीब 2 हजार लीटर गुड़ जावा महुआ बरामद कर मौके पर ही नष्ट कर दिया। पुलिस द्वारा यह कार्रवाई दिन और रात चलाए गए विशेष अभियान के दौरान की गई। थाना अध्यक्ष खुशबू खातून ने बताया कि क्षेत्र में संदिग्ध वाहनों एवं संभावित ठिकानों की लगातार जांच की जा रही थी। इसी क्रम में नदी किनारे छिपाकर रखी गई बड़ी मात्रा में महुआ बरामद हुआ, जिसे तुरंत नष्ट कर दिया गया। उन्होंने बताया कि मामले में स्थानीय लोगों से पूछताछ की जा रही है तथा अवैध शराब कारोबार से जुड़े अन्य लोगों की पहचान के लिए जांच जारी है। पुलिस का कहना है कि शराबबंदी कानून को प्रभावी ढंग से लागू करने और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस तरह की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। थाना पुलिस ने बताया कि छापेमारी के दौरान कई अन्य महत्वपूर्ण सुराग भी मिले हैं, जिनके आधार पर विभिन्न स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। मामले की जांच में संबंधित विभागों एवं कानून प्रवर्तन एजेंसियों का सहयोग लिया जा रहा है। लहसुना थाना ने आम लोगों से अपील की है कि क्षेत्र में किसी भी संदिग्ध गतिविधि या अवैध शराब कारोबार की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## भाजपा प्रशिक्षण शिविर में कार्यकर्ताओं को किया गया प्रशिक्षित

**● दो दिवसीय कार्यशाला में राष्ट्रवाद तथा संगठन की मजबूती पर हुआ मंथन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**तिलहर (शाहजहांपुर)।** भारतीय जनता पार्टी के दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शनिवार को शुभारंभ प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने दीप प्रज्वलन एवं वंदे मातरम् के साथ किया। शिविर में पार्टी की विचारधारा, संगठन की कार्यपद्धति, केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रशिक्षण शिविर में कुल 11 सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनमें शनिवार को आठ तथा रविवार को तीन सत्र होंगे। शिक्षक वर्ग में 151 शिक्षार्थी भाग ले रहे हैं। विभिन्न विषयों पर अलग-अलग वक्ता कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण देंगे। मुख्य अतिथि सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि भाजपा केवल राजनीतिक दल नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण का आंदोलन है। उन्होंने कहा कि पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की सबसे बड़ी ताकत है और प्रशिक्षण शिविर कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से मजबूत करने का माध्यम हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से केंद्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया। विधायक हरिप्रकाश वर्मा ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता सेवा, समर्पण और संस्कार की भावना से कार्य करता है। उन्होंने कहा कि पार्टी की रीति-नीति और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से विकास की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक सक्रिय रहकर जनता की समस्याओं के समाधान में भागीदारी निभाने की अपील की। जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा ने कहा कि भाजपा का संगठन अनुशासन और विचारधारा के आधार पर चलता है। उन्होंने कहा कि पार्टी का हर कार्यकर्ता राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानकर कार्य करता है। प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक कार्यों की बारीकियां सीखने का अवसर मिलता है, जिससे पार्टी और अधिक मजबूत होती है। प्रदेश मंत्री डीपी भारती ने कहा कि भाजपा सरकार ने बिना भेदभाव के विकास कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं का दायित्व है कि सरकार की उपलब्धियों और योजनाओं की जानकारी अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएं। उन्होंने सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव पर भी चर्चा करते हुए कार्यकर्ताओं से सकारात्मक तरीके से जनता के बीच संवाद स्थापित करने का आह्वान किया। शिविर में संगठन की कार्यप्रणाली, सोशल मीडिया की भूमिका, प्रभावी जनसंपर्क, बूथ प्रबंधन, पंचायत एवं नगरीय निकायों में संगठन विस्तार समेत कई विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में अरुण यादव चैनू, पवन सिंह, भानु प्रताप सिंह, अशोक अग्रवाल, आशीष शर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### पेट्रोल लेने जा रहे युवक को तेज रफ्तार थार ने रौंदा, मौत

**गोपीगंज।** कोतवाली क्षेत्र के किशुनदेवपुर स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग पर शुक्रवार रात हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी बाल-बाल बच गया। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार ज्ञानपुर थाना क्षेत्र के चकटोडर निवासी अनुपम उर्फ सूरज तिवारी (32) पुत्र राजेश तिवारी अपने साथी धीरज पाण्डेय निवासी याकूपुर, भदोही के साथ प्रयागराज से लौट रहे थे। परिजनों के मुताबिक अनुपम अपने ससुराल प्रयागराज गए थे और वहां डेढ़ वर्षीय बच्चे को सामान देकर वापस घर लौट रहे थे। बताया जाता है कि किशुनदेवपुर के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर उनकी बाइक का पेट्रोल खत्म हो गया। इसके बाद दोनों बाइक को सड़क किनारे खड़ी कर पैदल पेट्रोल पंप की ओर जा रहे थे। इसी दौरान वाराणसी से प्रयागराज की तरफ जा रही तेज रफ्तार अज्ञात थार ने अनुपम तिवारी को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि उनके साथ चल रहे धीरज पाण्डेय बाल-बाल बच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक दो भाइयों में छोटा बताया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। गांव और आसपास के क्षेत्र में भी शोक की लहर दौड़ गई।

### भोरी गांव में मड़हे में लगी आग, अनाज व भूसा जलकर राख




**भदोही।** सुरियावां थाना क्षेत्र के भोरी गांव में शनिवार सुबह अचानक मड़हे में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग की चपेट में आने से पृथ्वीराज मौर्य के मड़हे में रखा अनाज और भूसा जलकर राख हो गया। आग की ऊंची लपटें उठती देख ग्रामीण मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। ग्रामीणों की तत्परता से बड़ा हादसा टल गया। पीड़ित पृथ्वीराज मौर्य ने बताया कि आग लगने से करीब 50 हजार रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। आग किन कारणों से लगी, इसका पता नहीं चल सका है।

### जनपद के सभी थानों पर आयोजित हुआ थाना समाधान दिवस



**भदोही।** शासन की मंशा के अनुरूप फरियादियों को त्वरित न्याय उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शनिवार को जनपद के समस्त थानों पर 'थाना समाधान दिवस' का आयोजन किया गया। इस दौरान अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याएं सुनकर उनके शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी शैलेष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने थाना औराई पहुंचकर फरियादियों की समस्याएं सुनीं। वहीं अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल द्वारा थाना ऊंज पर जनसुनवाई की गई। सभी थानों पर पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में शिकायतों का निस्तारण कराया गया।

जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए पुलिस विभाग से संबंधित सभी मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जबकि राजस्व विभाग से संबंधित मामलों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने भूमि विवाद से जुड़े मामलों में पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा कार्रवाई सुनिश्चित करने पर जोर दिया, ताकि फरियादियों को अनावश्यक रूप से भटकना न पड़े।

थाना समाधान दिवस के दौरान जनपद के सभी थानों पर कुल 132 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इनमें 92 मामले राजस्व विभाग तथा 22 मामले पुलिस विभाग से संबंधित रहे। पुलिस विभाग से जुड़ी सभी 22 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। वहीं राजस्व मामलों के त्वरित समाधान के लिए पुलिस एवं राजस्व विभाग की 03 संयुक्त टीमों का गठन किया गया। अधिकारियों ने संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा फरियादियों को समय पर न्याय उपलब्ध कराया जाए।

# मिर्ज़ापुर में पैथोलॉजी सेंटर पर गलत रिपोर्ट देने का आरोप, मामला डीएम तक पहुँचा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**मिर्ज़ापुर।** जनपद के रामबाग स्थित एक निजी पैथोलॉजी सेंटर पर गलत जांच रिपोर्ट देने का गंभीर आरोप लगा है। मामले को लेकर पीड़ित ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर जांच एवं कार्रवाई की मांग की है। खजुरी निवासी सन्तोष कुमार शर्मा ने जिलाधिकारी को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि चिकित्सक की सलाह पर उन्होंने 14 मई 2026 को रामबाग स्थित आदित्य डायनोस्टिक सेंटर में Serum Creatinine व Serum Urea की जांच कराई थी। जांच रिपोर्ट डॉक्टर को दिखाने पर चिकित्सक ने रिपोर्ट को संदिग्ध बताते हुए दूसरी लैब से पुनः जांच कराने की सलाह दी।

पीड़ित के अनुसार इसके बाद उन्होंने सिविल लाइन कचहरी रोड स्थित दूसरी पैथोलॉजी लैब में दोबारा जांच कराई, जहां की रिपोर्ट पहले की रिपोर्ट से अलग पाई गई। दोनों रिपोर्टों में अंतर सामने आने के बाद पीड़ित ने आदित्यड्डायनोस्टिक सेंटर की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि संबंधित डायनोस्टिक सेंटर में कोई योग्य पैथोलॉजिस्ट, विशेषज्ञ चिकित्सक या प्रशिक्षित लैब टेक्नीशियन कार्यरत नहीं है तथा झोलाछाप कर्मचारियों द्वारा जांच कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गलत रिपोर्ट के कारण उन्हें मानसिक एवं आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ा।

पीड़ित ने जिलाधिकारी से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराते हुए दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई एवं संबंधित डायनोस्टिक सेंटर का पंजीकरण निरस्त किए जाने की मांग की है। शिकायत पत्र के साथ दोनों जांच रिपोर्टों की प्रतियां भी संलग्न की गई हैं।

## गांजा तस्कर की 8.50 लाख की कार फ्रीज, भदोही पुलिस की बड़ी कार्रवाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** उत्तर प्रदेश सरकार की संगठित अपराध के खिलाफ चल रही कार्रवाई के तहत भदोही पुलिस और प्रशासन ने गांजा तस्कर के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए उसकी 8.50 लाख रुपये कीमत की मारुति सुजुकी एक्सएल-6 कार को फ्रीज कर दिया। कार्रवाई एनडीपीएस एक्ट की धारा 68ग्न(2) के तहत की गई। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना गोपीगंज पुलिस ने यह कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार अभियुक्त धीरेंद्र कुमार पटेल पुत्र दयाराम पटेल उर्फ गया प्रसाद पटेल निवासी चखौड़ा थाना सराय ममरेज, प्रयागराज के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कई मामले दर्ज हैं।

बताया गया कि वर्ष 2025 और 2026 में थाना औराई पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान अभियुक्त के कब्जे से भारी मात्रा में गांजा, नगदी और वाहन बरामद किए गए थे। जांच में यह सामने आया कि अपराध से अर्जित धन से अभियुक्त ने मारुति सुजुकी एक्सएल-6 कार खरीदी थी। सक्षम प्राधिकारी एवं प्रशासक एनडीपीएस अधिनियम, नई दिल्ली के आदेश पर वाहन संख्या यूपी 70 एचडब्ल्यू 1317 को राज्य सरकार के पक्ष में फ्रीज कर दिया गया। पुलिस के मुताबिक अभियुक्त पर भदोही और प्रयागराज जनपद में गैंगस्टर, आबकारी और एनडीपीएस एक्ट समेत कुल 18 मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नशा तस्करों और संगठित अपराधियों के खिलाफ आगे भी इसी प्रकार कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।




### मां विंध्यवासिनी मंदिर में भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन जी के जन्मदिवस पर वैदिक अनुष्ठान



**मिर्ज़ापुर।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन जी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में जगत जननी मां विंध्यवासिनी भगवती के पावन मंदिर प्रांगण में भव्य वैदिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तीर्थ पुरोहित आचार्य अगस्त्य कुमार द्विवेदी एवं श्री मां विंध्यवासिनी श्रवण वेद पाठशाला के वैदिक बटुकों ने मंत्रोच्चारण के साथ वेदपाठ, पूजन एवं हवन संपन्न किया। मंदिर के पवित्र वातावरण में वेदध्वनि गूंज उठी और भक्तों ने सामूहिक रूप से मां विंध्यवासिनी की आराधना की। कार्यक्रम में मां विंध्यवासिनी भगवती से विशेष प्रार्थना की गई कि वे नितिन नवीन जी को उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु तथा निरंतर सफलता प्रदान करें तथा वे राष्ट्रसेवा के पथ पर सदैव अग्रसर रहें। इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने नितिन नवीन जी के सशक्त नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उनका योगदान देश की राजनीति को नई दिशा दे रहा है। जय माता दी।


# ज्ञान भारतम् अभियान के अंतर्गत मुख्य विकास अधिकारी ने किया धनतुलसी ग्राम पंचायत एवं कुंइया क्षेत्र का भ्रमण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही,** भारत की प्राचीन सांस्कृतिक, आध्यात्मिक एवं साहित्यिक विरासत के संरक्षण हेतु संचालित 'ज्ञान भारतम्' अभियान के अंतर्गत मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ला द्वारा गंगा तटवर्ती क्षेत्र कुंइया एवं ग्राम पंचायत धनतुलसी का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने क्षेत्र के प्राचीन धार्मिक स्थलों, ऐतिहासिक संरचनाओं एवं सांस्कृतिक धरोहरों का अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने वरिष्ठ भक्त कवि श्री राजधर पांडेय के निवास स्थान पर पहुंचकर उनसे भेंट की तथा ज्ञानवर्धक संवाद किया।

उल्लेखनीय है कि श्री राजधर पांडेय द्वारा श्रीमद्भागवत का पद्यानुवाद अत्यंत सरल एवं सहज हिंदी भाषा में किया गया है, जो भारतीय आध्यात्मिक साहित्य को जनसामान्य तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण प्रयास माना जा रहा है। वार्ता के दौरान उनके द्वारा क्षेत्र की सांस्कृतिक परंपराओं, ऐतिहासिक घटनाओं एवं साहित्यिक तथ्यों पर विस्तार से विचार व्यक्त किए गए। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि 'ज्ञान भारतम्' अभियान का उद्देश्य भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा, लोकसाहित्य, पांडुलिपियों, शिलालेखों एवं सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण एवं डिजिटलीकरण करना है। जनपद भदोही के ग्रामीण क्षेत्रों में भी अनेक ऐसे साहित्यकार, विद्वान एवं सांस्कृतिक धरोहरें विद्यमान हैं, जिनका व्यवस्थित अभिलेखीकरण आवश्यक है।

उन्होंने जनपद की प्रबुद्ध जनता, शोधकर्ताओं, शिक्षकों, साहित्यकारों एवं इतिहास प्रेमियों से आह्वान किया कि वे अपने पास उपलब्ध प्राचीन पांडुलिपियों, शिलालेखों, दुर्लभ पुस्तकों, ऐतिहासिक अभिलेखों एवं अन्य प्रमाणिक तथ्यों को सुरक्षित रखते हुए स्वयं अपनी आईडी बनाकर 'ज्ञान भारतम्' ऐप के माध्यम से अपलोड करें, जिससे भारतीय ज्ञान परंपरा का व्यापक डिजिटल संकलन सुनिश्चित किया जा सके। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि यह अभियान हमारी सांस्कृतिक चेतना एवं ऐतिहासिक विरासत के संरक्षण का जनसहभागिता आधारित प्रयास है, जिसमें समाज के प्रत्येक जागरूक नागरिक की भूमिका महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर संबंधित अधिकारीगण, स्थानीय नागरिक एवं क्षेत्रीय गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



## उसका नपं कार्यालय में घुसकर ईओ पर जानलेवा हमला, ईओ ने पुलिस को तहरीर देकर कि कार्रवाई की मांग

● हमलावर 15वें वित्त में ठेका लेने के लिए घटना का दिए अंजाम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत उसका बाजार के कार्यालय में घुसकर हमलावरों द्वारा अधिशाषी अधिकारी पर जानलेवा हमला करने का मामला प्रकाश में आया है। घटना शनिवार को दोपहर बाद उस वक्त की बताई जा रही है, जब अधिशाषी अधिकारी अपने कार्यालय में विभागीय कार्यो को निपटाने में व्यस्त थे कि अचानक हमलावर घुस गए और उनके साथ मारपीट शुरू कर दिया ।इस घटना के बाद नगर पंचायत कार्यालय में अफरा तफरी मच गई।किसी तरह नगर पंचायत कर्मियों द्वारा बड़ा बीच बचाव करने पर ईओ उसका बाजार को सुरक्षित बचाया जा सका। घटना के बाद नगर पंचायत कर्मियों में भय का माहौल व्याप्त है। अधिशाषी अधिकारी अभिनव श्रीवास्तव ने थाना उसका बाजार को लिखित तहरीर देते हुए कहा है कि वह नगर पंचायत कार्यालय में शनिवार को अपने कार्यालय में से दैनिक कार्यो और जनगणना आदि के कार्यो को निपटाने में व्यस्त थे कि अचानक दिन के लगभग 1:20 बजे अभिषेक त्रिपाठी, निवासी-कृष्णा नगर, अभिषेक त्रिपाठी का ड्राइवर अजय कुमार रावत, सुमित त्रिपाठी एवं अज्ञात 05-06 लोगों के साथ गोलबंद होकर कार्यालय में मुझे जान से मारने के इरादे से आए और पहले कार्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरा को छेड़-छाड़ करके बन्द कर दिया। उसके बाद मुझसे कहने लगे कि जनगणना का काम बाद में करना, पहले मुझको पंद्रहवें वित्त का टेण्डर दो नहीं तो तुमको जान से मार दूँगा।इस पर जब वह (ईओ) ने कोई उत्तर नहीं दिया तो गाली-गलौज तथा मार-पीट करने लगे। इस दौरान कार्यालय के कर्मचारियों के बीच-बचाव के कारण उक्त अभिषेक त्रिपाठी एवं उनके सहयोगियों द्वारा कार्यालय के कर्मचारियों के साथ भी गाली गलौज करते हुए मुझे जान से मारने के इरादे में सफल नहीं हो सके और कार्यालय की कुछ पत्रावली को अपने साथ जबरदस्ती उठाकर लेकर चले गये। ईओ ने उसका बाजार थाना में तहरीर देकर लोक प्राधिकारियों के साथ मार-पीट, जान से मारने की कोशिश, शासकीय कार्य में बाधा डालने, अनुचित दबाव बनाकर सरकारी टेण्डर प्राप्ति का प्रयास, कार्यालय के उपकरणों को नुकसान पहुँचाने, शासकीय पत्रावलियों जबरदस्ती ले जाने, भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे जनगणना कार्य में व्यवधान उत्पन्न करने तथा अधीनस्थ कर्मचारियों (आशीष चौधरी, रोहित कुमार) के साथ गाली गलौज एवं जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करने का आरोप लगाते हुए आरोपी हमलावरों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई करने की मांग की है।

इस सम्बन्ध में सीओ विश्वजीत सौरयान ने बताया कि मामले की जांच कर तहरीर आधार पर केस दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### डुमरियागंज नगर पंचायत के शाहपुर स्थित मंडी समिति की है घटना



**सिद्धार्थनगर।** इटवा थाना क्षेत्र के शाहपुर मंडी समिति परिसर में शनिवार शाम लगभग 5 बजे भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे पूरे परिसर में अफरा-तफरी मच गई। आग लगने की सूचना मिलते ही मौके पर मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। राहत की बात यह रही कि फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहले से ही मंडी परिसर में मौजूद थी। दमकल कर्मियों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आग पर काबू पा लिया, जिससे बड़ा हादसा होने से बच गया। हालांकि आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। बताया जा रहा है कि बीते शुक्रवार की रात करीब 9:30 बजे भी मंडी समिति गेट के सामने आग लगने की घटना हुई थी। जिसमें एक होटल मालिक का होटल का छप्पर का पूरा सेड जल गया था जिसमें उसका कुर्सी इमेज और सिलेंडर सहित हजारों रुपए का नुकसान हुआ था ।लगातार 24 घंटे के भीतर दूसरी बार आग लगने से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोग आग लगने के पीछे शॉर्ट सर्किट समेत अन्य कारणों की आशंका जता रहे हैं। फिलहाल संबंधित विभाग और प्रशासन पूरे मामले की जांच में जुटा हुआ है।

### भीषण गर्मी में राहगीरों का सहारा बनी सुरियावां पुलिस



**सुरियावां।** भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप के बीच सुरियावां पुलिस मानवता की मिसाल पेश कर रही है। नगर के अटल चौराहा स्थित पिंक पुलिस बूथ पर राहगीरों को ठंडा शरबत और पानी पिलाकर राहत पहुंचाई जा रही है। थाना अध्यक्ष मनीष द्विवेदी एवं पुलिस स्टाफ द्वारा चलाए जा रहे इस सेवा अभियान की स्थानीय लोग सराहना कर रहे हैं। राहगीरों को गर्मी से राहत देने के उद्देश्य से पुलिसकर्मी लगातार लोगों को शरबत और ठंडा पानी उपलब्ध करा रहे हैं। थाना अध्यक्ष मनीष द्विवेदी ने बताया कि भीषण गर्मी को देखते हुए यह सेवा कार्यक्रम आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि लोगों की सेवा और सहायता करना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है।सुरियावां पुलिस के इस मानवीय प्रयास से लोगों में पुलिस के प्रति सकारात्मक संदेश जा रहा है।

## औराई में संयुक्त सघन चेकिंग अभियान, ओवरलोड वाहनों पर बड़ी कार्रवाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**भदोही।** जनपद में सड़क सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने और अवैध परिवहन गतिविधियों पर नियंत्रण के उद्देश्य से शुक्रवार रात थाना औराई क्षेत्र में संयुक्त सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई। संयुक्त अभियान का नेतृत्व उप जिलाधिकारी औराई श्याममणि मिश्रा, क्षेत्राधिकारी यातायात राजीव कुमार सिंह, एआरटीओ राम सिंह, खनन अधिकारी तथा प्रभारी निरीक्षक औराई द्वारा किया गया। अधिकारियों ने प्रमुख मार्गों एवं संवेदनशील स्थानों पर बैरियर लगाकर वाहनों की गहन जांच की।

चेकिंग के दौरान वाहनों के वैध दस्तावेज, फिटनेस, परमिट, नंबर प्लेट, ओवरलोडिंग और शराब पीकर वाहन चलाने की विशेष रूप से जांच की गई। इस दौरान बिना नंबर प्लेट चल रहे 18 वाहनों का चालान किया गया। वहीं एक वाहन चालक को शराब पीकर वाहन चलाते पाए जाने पर ड्रंक एंड ड्राइव के तहत कार्रवाई की गई। इसके अलावा ओवरलोडिंग में संलिप्त पाए गए तीन वाहनों को निरुद्ध कर उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की गई। संबंधित वाहनों पर कुल 1.95 लाख रुपये का प्रशमन शुल्क भी लगाया गया। अधिकारियों ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए यातायात नियमों का पालन बेहद जरूरी है और लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि अवैध परिवहन, ओवरलोडिंग और यातायात नियमों के उल्लंघन के खिलाफ ऐसे संयुक्त अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे।

## प्रचंड गर्मी में पशु-पक्षियों एवं जल संरक्षण हेतु नहरों से भरवाए जा रहे तालाब एवं अमृत सरोवर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही** जिलाधिकारी शैलेष कुमार के निर्देश पर जनपद में प्रचंड गर्मी एवं बढ़ते जल संकट को देखते हुए अमृत सरोवरों एवं सामान्य तालाबों को नहरों के माध्यम से भरवाने का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस संबंध में मुख्य विकास अधिकारी श्री बाल गोविंद शुक्ला द्वारा समस्त खंड विकास अधिकारियों की बैठक कर स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि जिन तालाबों अथवा अमृत सरोवरों के निकट नहरें स्थित हैं, उनमें तत्काल पानी भरवाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। जनपद के विभिन्न विकासखंडों–भदोही, औराई, सुरियावां, ज्ञानपुर, डीघ एवं अभोली–में तालाबों को नहरों से भरने का कार्य तेजी से कराया जा रहा है। इससे जहां पशु-पक्षियों को भीषण गर्मी में सहज रूप से पानी उपलब्ध हो सकेगा, वहीं भूजल संरक्षण एवं पर्यावरण संतुलन को भी बढ़ावा मिलेगा

मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ला ने कहा कि जल संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। तालाबों एवं अमृत सरोवरों में जल उपलब्ध रहने से ग्रामीण क्षेत्रों में हरियाली बढ़ेगी तथा प्राकृतिक जल स्रोतों का संरक्षण होगा। जिला प्रशासन द्वारा आमजन से भी अपील की गई है कि पानी की बर्बादी हर स्तर पर रोकने का प्रयास करें तथा जल संरक्षण को जन आंदोलन का रूप दें। प्रशासन ने संदेश दिया है कि–'सुरक्षित जल ही श्रेष्ठ कल का आधार है।' जनपद प्रशासन द्वारा संबंधित अधिकारियों को निरंतर मॉनिटरिंग करते हुए सभी पात्र तालाबों को शीघ्र भरवाने के निर्देश दिए गए हैं।

## सिलेंडर फटने से लगी आग, लाखों की गृहस्थी जलकर राख

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हलिया, मीरजापुर।** थाना क्षेत्र के चक कोटार गांव में शुक्रवार की देर रात सिलेंडर फटने से भीषण आग लग गई। आग की चपेट में आने से एक ही परिवार की चार गृहस्थियों का लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। सूचना पर पहुंची दमकल टीम ने करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। थाना क्षेत्र के चक कोटार गांव निवासी कैलाश मौर्य के घर के पीछे बने किचन में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरे मकान को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें उठती देख परिवार के लोगों में अफरा-तफरी मच गई गृहस्वामी द्वारा तत्काल फायर ब्रिगेड व पीआरबी 112 को सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने ग्रामीणों की मदद से काफी प्रयास के बाद आग बुझाई।लेकिन तब तक घर में रखा सारा सामान जल चुका था।गृहस्वामी कैलाश मौर्य ने बताया कि आग में करीब 15 बोरी सरसों, 20 बोरी गेहूं, 16 बोरी चावल, तीन बोरी अरहर दाल, एक कुंतल चना, 10 किलो हल्दी, एक कुंतल प्याज, एक कुंतल लहसुन, एक कुंतल गुड़, दो गैस सिलेंडर, 20 कुंतल सूखा चारा समेत गृहस्थी का पूरा सामान, कूकर व बर्तन आदि जलकर राख हो गए। बताया गया कि कैलाश मौर्य के चारों बेटे अलग-अलग गृहस्थी बनाकर उसी मकान में रहते थे। आग लगने से सभी की गृहस्थी पूरी तरह नष्ट हो गई। घटना की सूचना लेखपाल को दे दी गई है। वहीं ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सूरज मौर्य ने जिला प्रशासन आर्थिक मदद की मांग की है।

## थाना दिवस में आई एक शिकायत, निस्तारण

**सिद्धार्थनगर।** थाना त्रिलोकपुर के परिसर में शनिवार को थाना समाधान दिवस की बैठक आयोजित किया गया। प्रभारी निरीक्षक हरे कृष्ण उपाध्याय की अगुवाई में थाना क्षेत्र में पूर्व में लंबित मामले चल रहे थे। उसको देखा गया निस्तारण करने के लिए प्रयास हुआ। समाधान दिवस में एक मामले आए जो राजस्व विभाग से संबंधित प्रार्थना पत्र था उसको देखकर मौके पर निस्तारण करा दिया गया। इस मौके पर चौकी इंचार्ज बिस्कोहर अमित कुमार शाही, चौकी बिजोरा प्रभारी जय प्रकाश, शिवाकांत राय, शिव नारायण सिंह, गणेश कुमार, विजय कुमार, कृष्ण कुमार पाण्डेय, विशेश्वर प्रसाद, तालीमुंदीन खान, विजय कुमार, ईशांशु श्रीवास्तव हेड कांस्टेबल मानसिंह,एहतेशान अहमद, जुनेद अहमद, सोनू शर्मा, कांस्टेबल प्रीति, सत्य प्रकाश यादव, मदन यादव हल्का लेखपाल पन्ना लाल यादव, प्रभाकांत मौर्य, माता प्रसाद, विवेक कुमार, आदि लोग मौजूद रहे हैं।

# थाना समाधान दिवस के अवसर पर मण्डलायुक्त व पुलिस महानिरीक्षक द्वारा सुनी गई जन समस्याएं

● सम्बन्धित को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण के दिए गए निर्देश

जमीन सम्बन्धी मामलों में पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर गंभीरतापूर्वक निष्पक्ष निस्तारण के दिए गए निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मीरजापुर।** शनिवार को मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल 'राजेश प्रकाश' व पुलिस महानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र, मीरजापुर 'आर.पी. सिंह' द्वारा जनपद मीरजापुर के थाना कोतवाली शहर में फरियादियों की समस्या सुनकर समाधान का भरोसा दिलाया तथा अधीनस्थों को निर्देश दिया कि शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता का भी ध्यान रखा जाए, समाधान ऐसा करें कि फरियादी संतुष्ट हो जाए और उन्हें दोबारा शिकायत करने की जरूरत न पड़े एवं यह भी निर्देश दिया कि जनशिकायतों का निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले बिंदुओं में से एक है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता न बरती जाए। राजस्व से सम्बन्धित प्रकरणों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा समयबद्ध और गुणवत्तापूर्वक निस्तारण निर्धारित समयावधि के भीतर किए जाए तथा शिकायतों का निस्तारण कागजों तक सीमित न हो, शिकायतकर्ता की शिकायत का वास्तविक निस्तारण हो । भूमि विवाद, चकरोड व अवैध कब्जा आदि की शिकायतों का निस्तारण राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर करें । संबंधित थाना प्रभारी को असामाजिक तत्वों को चिन्हित करते हुए निरोधात्मक कार्यवाही किए जाने का निर्देश दिया गया ।

## कार्यशाला के तीसरे दिन चैती एवं गंगा दशहरा गीतों का अभ्यास


स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चुनार, मीरजापुर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चुनार मीरजापुर में शनिवार को 'पूर्वी लोकगीत : इतिहास,समाज और संगीत (मीरजापुर के विशेष संदर्भ में)' विषयक कार्यशाला के तीसरे दिन का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या प्रो0 माधवी शुक्ला ने किया। उन्होंने कहा कि संगीत मानव जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।यह मन को शांति,आनंद और ऊर्जा प्रदान करता है। मुख्य प्रशिक्षक प्रो संगीता सिंह, वाद्य विभाग संगीत एवं मंच कला संकाय काशी हिंदू विश्वविद्यालय ने कहा कि बच्चों के बौद्धिक और भावनात्मक विकास में संगीत सहायक होता है। यह लोगों को आपस में जोड़ने और प्रेम तथा सद्भाव बढ़ाने का कार्य करता है। इसी क्रम में उनके शोध छात्र प्रिया मिश्रा,श्रेया मिश्रा,सुधीर कुमार गौतम,हिमांशु पुजारी एवं सुहासिनी शर्मा ने विद्यार्थियों को विभिन्न लोकगीतों यथा 'येही थईयां मोतिया हेरा गइलें रामा' 'लहर- लहर लहराए गंगा तोरी अमृत धारा' का अभ्यास कराया। कार्यक्रम का संचालन डॉ रीता मिश्रा ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम की संयोजक भातखण्डे कल्चरल प्रभारी प्रो कुसुम लता ने प्रस्तुत किया। कार्यशाला में डॉ संकठा प्रसाद सोनकर,डॉ मनोज कुमार प्रजापति,डॉ दीप नारायण,डॉ अरुणेश कुमार,डॉ अरविन्द कुमार, डॉ सत्येन्द्र कुमार, डॉ शेफालिका राय, डॉ शिखा तिवारी, डॉ मंजुला शुक्ला, डॉ गुरु प्रसाद, धर्मचन्द्र, धर्मेन्द्र सिंह, रामकेश सोनकर सहित शोधार्थी एवं 30 विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता रही।



# संक्षिप्त खबरें

## बीएससी छात्र रहस्यमय ढंग से लापता,परिजनों ने दर्ज कराई गुमशुदगी




**नैनी, प्रयागराज।** मडौका निवासी छात्र कॉलेज जाते समय हुआ लापता, मोबाइल फोन बंद मडौंका निवासी राजू निषाद पुत्र स्वर्गीय शिव प्रसाद निषाद ने थाना में लिखित सूचना देकर बताया है कि उनका पुत्र रियांश निषाद, जो स्थित कॉलेज में बीएससी का छात्र है, दिनांक 22 मई 2026 को सुबह लगभग 10:00 बजे अपने ननिहाल से कॉलेज जाने के लिए निकला था, लेकिन देर शाम तक घर वापस नहीं लौटा। परिजनों द्वारा काफी खोजबीन किए जाने के बावजूद उसका कोई पता नहीं चल सका है। छात्र का मोबाइल फोन भी लगातार स्विच ऑफ बता रहा है।परिजनों के अनुसार रियांश निषाद का रंग गोरा है तथा उसकी लंबाई लगभग 5 फीट 6 इंच है। घटना के समय वह महरून रंग की शर्ट एवं ग्रे रंग की पैंट पहने हुए था।राजू निषाद ने पुलिस प्रशासन से अपील करते हुए गुमशुदगी दर्ज कर छात्र की जल्द से जल्द तलाश किए जाने की मांग की है।

## वार्ड 47 की विद्युत समस्याओं को लेकर संजय श्रीवास्तव ने महापौर को सौंपा ज्ञापन




**नैनी, प्रयागराज।** वार्ड नंबर 47 में विद्युत एवं स्ट्रीट लाइट की समस्याओं को लेकर कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख,वरिष्ठ भाजपा नेता एवं जिला उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी प्रयागराज संजय श्रीवास्तव के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने प्रयागराज के महापौर गणेश केसरवानी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में वार्ड के विभिन्न क्षेत्रों में खराब एवं बंद पड़ी विद्युत लाइटों तथा पोलों पर लाइट न होने की समस्या को प्रमुखता से उठाया गया। इस अवसर पर महापौर गणेश केसरवानी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए नगर निगम के चीफ इंजीनियर को तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।महापौर ने अधिकारियों को आदेशित किया कि वार्ड नंबर 47 में जहां-जहां विद्युत पोल लगे हुए हैं, वहां आवश्यकतानुसार स्ट्रीट लाइट लगाकर शीघ्र विद्युत व्यवस्था सुचारु की जाए, ताकि स्थानीय नागरिकों को राहत मिल सके। संजय श्रीवास्तव ने बताया कि महापौर द्वारा समस्या पर तुरंत संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं, जिससे क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है।

## नैनी स्टेशन के सामने ई-रिक्शा की लंबी कतार से लग रहा जाम,राहगीर परेशान



**नैनी ,प्रयागराज-** नैनी रेलवे स्टेशन के सामने इन दिनों ई-रिक्शाओं की लंबी कतारें आम लोगों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन गई हैं। सुबह और शाम के समय स्टेशन रोड पर जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।स्थानीय लोगों का कहना है कि कई ई-रिक्शा चालक स्टेशन के सामने घंटों वाहन खड़ा कर सवारी का इंतजार करते रहते हैं। इस दौरान चालक वाहन सड़क किनारे छोड़कर इधर-उधर चले जाते हैं, जिससे सड़क पर आवागमन बाधित हो जाता है। स्थिति इतनी खराब हो जाती है कि राहगीरों और वाहन चालकों को भीषण जाम में फंसना पड़ता है।लोगों का आरोप है कि इस समस्या की ओर प्रशासन और संबंधित जिम्मेदार विभागों का ध्यान नहीं जा रहा है।

स्टेशन रोड पर लगातार बढ़ रही अव्यवस्था के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है।स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि स्टेशन परिसर के बाहर ई-रिक्शाओं के लिए निर्धारित पार्किंग व्यवस्था बनाई जाए और सड़क पर अवैध रूप से खड़े वाहनों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि आम लोगों को जाम की समस्या से राहत मिल सके।अब देखने वाली बात यह होगी कि प्रशासन कब तक इस गंभीर समस्या का समाधान कर लोगों को राहत दिला पाता है।

# नीट यूजी में एनसीसी बी सर्टिफिकेट धारकों के आरक्षण पर करें विचार', इलाहाबाद HC का अधिकारियों को निर्देश

**● इलाहाबाद हाई कोर्ट ने नीट-यूजी 2026 में एनसीसी 'बी' सर्टिफिकेट धारकों को 1% आरक्षण देने की मांग पर अधिकारियों को विचार कर निर्देश जारी करने का आदेश दिया है।**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने नीट-यूजी 2026 में एनसीसी के 'बी' सर्टिफिकेट धारकों को एक प्रतिशत आरक्षण की मांग में दाखिल याचिका पर अधिकारियों को विचार कर निर्देश जारी करने का आदेश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति अरिंदम सिन्हा और न्यायमूर्ति सत्यवीर सिंह की खंडपीठ ने सक्षम श्रीवास्तव की याचिका की सुनवाई करते हुए दिया। प्रकरण में अगली सुनवाई 26 मई 2026 को होगी।

### याची का कहना है कि आरक्षण का लाभ मिलना चाहिए

याची का कहना है कि कर्नाटक और तेलंगाना जैसे राज्यों में मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं में एनसीसी के बी सर्टिफिकेट धारकों के लिए आरक्षण का प्रावधान है। चूंकि एनसीसी 'सी' सर्टिफिकेट केवल स्नातक (ग्रेजुएट) छात्रों को मिलता है और यह परीक्षा स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए है, इसलिए 'बी' सर्टिफिकेट धारकों को भी आरक्षण का लाभ मिलना चाहिए।

### सरकारी वकील ने दिया तर्क

सरकारी वकील ने कहा कि उत्तर प्रदेश में चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण निदेशालय द्वारा निर्धारित आरक्षण नीति के तहत वर्तमान में केवल एनसीसी 'सी' सर्टिफिकेट रखने वाले अभ्यर्थियों को ही आरक्षण की सुविधा उपलब्ध है। नीट-यूजी परीक्षा 21 जून 2026 को पुनर्निर्धारित की गई है, इसलिए अदालत ने संबंधित शैक्षिक प्राधिकरण को इस पर विचार कर निर्देश जारी करने को कहा है।

## मुंबई से लौटते ही फर्नीचर कारोबारी को भाइयों ने मार डाला

**प्रयागराज।** गंगापार के मऊआइमा क्षेत्र में शनिवार सुबह रिश्तों को शर्मशार करने वाली घटना हुई। बादलपुर (कहली) गांव मुंबई से लौटते ही फर्नीचर कारोबारी 45 वर्षीय संतोष विश्वकर्मा पुत्र नंदलाल विश्वकर्मा को उसके छोटे भाइयों ने फावड़े से हमला करके मौत के घाट उतार दिया। जमीन के विवाद में हत्या से गांव में सनसनी फैल गई। वारदात को अंजाम देने के बाद हत्यारोपित मौके से भाग निकले। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है। बताया गया है कि संतोष विश्वकर्मा मुंबई में रहकर फर्नीचर व लकड़ी का कारोबार करता था। आज शनिवार की सुबह ही वह मुंबई से अपने घर पहुंचा था। पहुंचने के तुरंत बाद ही छोटे भाई विनोद, अशोक उर्फ बुदुल से मकान बनाने को लेकर जमीनी विवाद शुरू हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि मारपीट शुरू हो गई। इसी दौरान संतोष के छोटे भाई विनोद और अशोक ने कुल्हाड़ी, फावड़े से हमला कर दिया।

इससे संतोष कुमार के सिर और गले मे गंभीर चोटे आई, जिससे वह जमीन पर गिरकर तड़पने लगा और कुछ ही समय बाद मौके पर उसकी मौत हो गई। घटना के दौरान बीचबचाव करने संतोष की पत्नी अर्चना आई तो उसे भी आरोपितों ने मारपीट कर घायल कर दिया। संतोष के दो छोटे बेटे हैं। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस फरार हत्यारोपितों की तलाश में जुटी है।

# जमीन बंटवारे के विवाद में भाई ने भाई की कुल्हाड़ी से काटकर की हत्या, पत्नी घायल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रयागराज।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के कहली बादलपुर गांव में जमीन के बंटवारे को लेकर चल रहे पारिवारिक विवाद ने खूनी रूप ले लिया। लंबे समय से चल रही रंजिश के बीच एक भाई ने अपने ही सगे भाई, फर्नीचर कारोबारी संतोष विश्वकर्मा की कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या कर दी। घटना में मृतक की पत्नी भी घायल हो गई। वारदात के बाद गांव में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार संतोष विश्वकर्मा मुंबई में रहकर फर्नीचर का कारोबार करते थे। कुछ दिन पहले ही वह गांव लौटे थे। परिवार में पैतृक जमीन के बंटवारे को लेकर दोनों भाइयों के बीच काफी समय से विवाद चला आ रहा था। बताया जा रहा है कि रविवार को इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हुई, जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गई। आरोप है कि गुस्से में आए भाई ने घर में रखी कुल्हाड़ी उठाकर संतोष विश्वकर्मा पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंची संतोष की पत्नी पर भी हमला किया गया, जिससे वह घायल हो गई। गंभीर रूप से घायल संतोष को परिजन तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही उत्तर प्रदेश पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा घायल महिला को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला जमीन विवाद से जुड़ा हुआ प्रतीत हो रहा है। आरोपी की तलाश की जा रही है और तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है, जिसके चलते एहतियातन पुलिस बल तैनात किया गया है।

# रेलवे संपत्ति चोरी मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार, कटे रेल ट्रैक के टुकड़े बरामद




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी, प्रयागराज।** रेल सुरक्षा बल (आरपीएफ) पोस्ट नैनी अंतर्गत चौकी शंकरगढ़ में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 06/2026 धारा 3 आरपी (यूपी) एक्ट एवं धारा 147 रेलवे एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए आरपीएफ टीम ने रेलवे संपत्ति चोरी के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।जानकारी के अनुसार, दिनांक 20 मई 2026 को उपनिरीक्षक गंभीर सिंह हमराह स्टाफ के साथ मदरहा स्टेशन के पास गश्त पर थे। इस दौरान एक संदिग्ध टाटा मैजिक लोडर संख्या यूपी 70 एमटी 3980 की जांच की गई, जिसमें ताजा कटे हुए रेलवे लाइन के टुकड़े लदे मिले। बरामद रेल लाइन के टुकड़ों की कुल लंबाई लगभग 33 मीटर बताई गई। जांच पड़ताल के बाद वाहन को रेलवे लाइन के टुकड़ों सहित कब्जे में लेकर मुकदमा दर्ज किया गया था।इसके बाद 22 मई 2026 को उपनिरीक्षक गंभीर सिंह ने हमराह स्टाफ के साथ आरोपियों की तलाश में कार्रवाई करते हुए वाहन स्वामी अमरजीत पुत्र बृजलाल, उम्र 28 वर्ष, निवासी अकोढ़ा अमिलिया कला थाना मेजा, जिला प्रयागराज को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में अमरजीत ने अपने साथियों चंद्रमा प्रसाद उर्फ दरोगा पुत्र बैजनाथ, उम्र 30 वर्ष, निवासी निरवाया पहाड़पुर मेजा रोड थाना मेजा तथा बृजलाल पुत्र स्वर्गीय पुरुषोत्तम, उम्र 50 वर्ष, निवासी अकोढ़ा अमिलिया कला थाना मेजा, जिला प्रयागराज के साथ मिलकर मदरहा स्टेशन के पास रेलवे लाइन काटकर चोरी करने और उसे लोडर में भरकर ले जाने की बात स्वीकार की।अपराध स्वीकार करने के बाद आरपीएफ ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## दिलीप मिश्र की 43 लाख की अवैध संपत्ति कुर्क



**नैनी प्रयागराज।** माफिया एवं हिस्ट्रीशीटर दिलीप मिश्र के खिलाफ पुलिस-प्रशासन की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में नैनी कोतवाली क्षेत्र के दाउदनगर छिवकी स्थित में शुक्रवार को लगभग 43 लाख रुपये मूल्य की अवैध रूप से अर्जित संपत्ति को कुर्क किया गया।कार्रवाई के दौरान पुलिस ने डुगडुगी पिटवाकर क्षेत्र में मुनादी भी कराई, ताकि आमजन को कुर्की की जानकारी दी जा सके। इस दौरान एसीपी करछना सुनील कुमार सिंह,नैनी इंस्पेक्टर बृज किशोर गौतम सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि माफिया दिलीप मिश्र द्वारा अवैध तरीके से अर्जित अन्य संपत्तियों का भी विवरण जुटाया जा रहा है। जल्द ही उन संपत्तियों पर भी कुर्की एवं विधिक कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन की इस कार्रवाई से अपराधियों एवं माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है।

# बिजली कटौती पर फूटा कांग्रेसियों का गुस्सा, अधिशाषी अभियंता का किया घेराव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**प्रयागराज।** भीषण गर्मी के बीच शहर और ग्रामीण इलाकों में लगातार हो रही बिजली कटौती को लेकर लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बिजली विभाग के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन करते हुए अधिशाषी अभियंता कार्यालय का घेराव किया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि अघोषित बिजली कटौती से आम जनता का जीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया है, लेकिन विभागीय अधिकारी समस्या के समाधान को लेकर गंभीर नहीं हैं। कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में बिजली विभाग कार्यालय पहुंचे और नारेबाजी करते हुए अधिकारियों के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे कांग्रेस नेताओं ने कहा कि भीषण गर्मी में घंटों बिजली गुल रहने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। घरों में पेयजल संकट गहरा गया है, छोटे कारोबार प्रभावित हो रहे हैं और विद्यार्थियों की पढ़ाई भी बाधित हो रही है। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि शहर के कई मोहल्लों और ग्रामीण क्षेत्रों में बिना किसी पूर्व सूचना के घंटों बिजली आपूर्ति बाधित की जा रही है। कई जगहों पर लो-वोल्टेज की समस्या भी बनी हुई है, जिससे विद्युत उपकरण खराब हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि लगातार शिकायतों के बावजूद विभाग के अधिकारी कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अधिशाषी अभियंता का घेराव कर तत्काल बिजली व्यवस्था सुधारने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही बिजली कटौती पर रोक नहीं लगाई गई और आपूर्ति व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई तो कांग्रेस सड़क पर उतरकर बड़ा आंदोलन करेगी। वहीं अधिशाषी अभियंता ने प्रदर्शनकारियों को आश्वासन दिया कि तकनीकी खामियों और बढ़े हुए लोड के कारण कुछ क्षेत्रों में समस्या उत्पन्न हो रही है, जिसे जल्द ठीक कराने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विभाग लगातार मॉनिटरिंग कर रहा है और उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली आपूर्ति देने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

# श्रमिक कालोनियों को मालिकाना हक़ दिए जाने पर भाजपा सरकार की परामर्श समिति का आभार

**● श्रमिक कल्याण समिति ने भाजपा की परामर्श समिति को धन्यवाद दिया**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी,प्रयागराज।** श्रमिक कल्याण समिति भाजपा की बैठक कर श्रमिक कालोनियों को मालिकाना हक़ दिए जाने को लेकर भाजपा सरकार द्वारा बनायी गई परामर्श समिति को व विशेष तौर पर विधायक सुरेन्द्र मैथानी को श्रमिक कल्याण समिति द्वारा बहुत बहुत धन्यवाद ज्ञापित किया गया बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष शिव शंकर दीक्षित ने किया। लेवर कॉलोनी नैनी के मालिकाना हक की लड़ाई अंतर्गत, प्रदेश सरकार द्वारा सरकारी दौरे अंतर्गत, पूर्व में दिल्ली प्रदेश एवं महाराष्ट्र प्रदेश के निरीक्षण और वहां की सरकारों के दस्तावेजों के आदान-प्रदान उपरांत, अब आज उड़ीसा के सरकारी दौरे पर, अपने उत्तर प्रदेश के तीन डिप्टी लेवर कमिश्नर की टीम के साथ उड़ीसा सरकार के अधिकारियों से वार्ता उपरांत, दस्तावेजों का आदान-प्रदान किया तथा कॉलोनीयों को, मालिकाना हक दिए जाने के फार्मूले की जानकारी लेकर, आज लखनऊ उत्तर प्रदेश के लिए रवाना हुए।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोविंद नगर विधानसभा के विधायक सुरेंद्र मेवानी के नेतृत्व में, श्रम मंत्रालय उत्तर प्रदेश राज्य परामर्शदाता समिति के सभी सदस्य अधिकारियों एवं मोदीनगर से विधायक डॉ मंजू सिवास के साथ,श्रमिक/लेवर कॉलोनी के निवासियों को ही मालिकाना हक दिए जाने की मांग के संबंध में, उड़ीसा सरकार से वार्ता के लिए,उ प्र सरकार का एक प्रतिनिधिमंडल उड़ीसा भेजा था।उत्तर प्रदेश सरकार के प्रतिनिधि मंडल में, विधायक सुरेंद्र मैथानी जी एवं उ प्र श्रम मंत्रालय के अधिकारियों के साथ, प्रतिनिधिमंडल के साथ, उड़ीसा सरकार के लेबर कमिश्नर एवं उनकी समस्त संबंधित वरिष्ठ अधिकारियों की टीम के साथ, उनके कार्यालय में मैराथन बैठक करी। तत्पश्चात वहीं पर, पूरे उड़ीसा के श्रमिक कॉलोनीयों का मालिकाना हक दिए जाने पर, एक विस्तृत रिपोर्ट देखी। बैठक में, उड़ीसा सरकार ने, कैसे श्रम कॉलोनी का मालिकाना हक दिया, कैसी परिस्थितियां थी, क्या शर्तें थी, किस तरह से मालिकाना हक दिया गया, कैसे समन्वय बनाया गया, इस पर पूरी प्रोजेक्ट रिपोर्ट को देखा। और संबंधित दस्तावेजों का संकलन किया। विधायक जी ने बताया कि उक्त वैठक के बाद, उड़ीसा सरकार के प्रतिनिधि मंडल एवं उत्तर प्रदेश सरकार के प्रतिनिधिमंडल की संयुक्त टीम ने, उड़ीसा में दी गई श्रम कॉलोनी, जिसमें विभिन्न मौजूदा रह रहे श्रमिक कॉलोनीयों के निवासियों से बातचीत के साथ ही,मिल के श्रमिकों को दी गई कॉलोनीयों का भी, स्थलीय निरीक्षण किया। श्रमिक कल्याण समिति की बैठक में मुख्य रूप से प्रमोद दुबे, शिव कुमार पाठक, पवन पाण्डेय, प्रकाश, सुशील, अमित आदि सभी लोगों ने सरकार की नीतियों का स्वागत किया। समिति के अध्यक्ष शिव शंकर दीक्षित ने बताया कि जल्द ही समिति द्वारा विधायक सुरेन्द्र मैथानी एवं अधिकारियों की टीम का कानपुर जाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया जाएगा।

# जिलाधिकारी ने एसआरएन अस्पताल व मेडिकल कॉलेज का किया औचक निरीक्षण निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रयागराज।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने शनिवार को मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह के साथ स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय और मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माणाधीन परियोजनाओं की प्रगति, अस्पताल की व्यवस्थाओं और मरीजों को उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं को निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ तय समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माणाधीन चिल्ड्रेन हॉस्पिटल की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए सितंबर तक अस्पताल को पूरी तरह क्रियाशील करने का निर्देश दिया। साथ ही गैस पाइपलाइन, ऑक्सीजन लाइन और बेड हेड पैनल का कार्य जून तक पूरा करने को कहा। जिलाधिकारी ने कार्डियोलॉजी विभाग के विस्तार कार्य, गायनोलॉजी विभाग, मानसिक रोग विभाग और क्रिटिकल केयर यूनिट के निर्माण कार्यों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने सभी आवश्यक उपकरणों और संसाधनों की अग्रिम खरीद सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ताकि भवन तैयार होते ही उनका उपयोग शुरू किया जा सके। उन्होंने मेडिकल कॉलेज परिसर में निर्माणाधीन गर्ल्स हॉस्टल, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, जिमनेजियम, योग एवं ध्यान केंद्र तथा आवासीय भवनों के निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की। जिलाधिकारी ने अस्पताल परिसर में साफ-सफाई, पेयजल, दवाओं और अन्य स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाए रखने के निर्देश देते हुए कहा कि मरीजों और तीमारदारों के साथ संवेदनशील और विनम्र व्यवहार सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. ए.के. तिवारी, मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. वी.के. पाण्डेय, मुख्य अधीक्षक सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

## कूटरचित दस्तावेज तैयार कर धोखाधड़ी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**प्रयागराज।** थाना जार्जटाउन पुलिस ने कूटरचित दस्तावेज तैयार कर छल एवं धोखाधड़ी करने के मामले में एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को विद्यावाहिनी बस स्टैंड के पास से दबोच लिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार थाना जार्जटाउन में वर्ष 2022 में दर्ज मुकदमा संख्या 253/2022 में आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 419, 420, 467, 468, 471, 504 एवं 506 के तहत मामला दर्ज किया गया था। आरोप है कि अभियुक्त ने फर्जी एवं कूटरचित दस्तावेज तैयार कर लोगों को धोखा देने का प्रयास किया था। मामले की विवेचना के दौरान आरोपी की तलाश लगातार की जा रही थी। शनिवार को थाना जार्जटाउन नहीं पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि मामले में वांछित अभियुक्त क्षेत्र में मौजूद है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम सक्रिय हुई और विद्यावाहिनी बस स्टैंड के पास घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान रंगनाथ मिश्रा पुत्र स्वर्गीय माता प्रसाद मिश्रा निवासी 410/87बी/2 पूरा दलेल, अल्लापुर, थाना जार्जटाउन, जनपद प्रयागराज के रूप में हुई है। उसकी उम्र लगभग 84 वर्ष बताई जा रही है।

## करैली पुलिस ने अवैध तमंचे के साथ युवक को दबोचा, 8 हजार रुपये नकद बरामद

**करैली/प्रयागराज।** करैली पुलिस ने अपराध और अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा, कारतूस और 8 हजार रुपये नकद बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार करैली थाना क्षेत्र में दर्ज मुकदमा संख्या 85/2026 धारा 331(4), 305ए, 317(2), 62(2)(ए) बीएनएस तथा 3/ 25 आर्म्स एक्ट से संबंधित मामले में आरोपी की तलाश की जा रही थी। मुखबिर से सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने शुक्रवार 23 मई 2026 को करेंहदा के पास बरखण्डी मोड़ पर घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान शहजाद उर्फ करिया पुत्र आजाद निवासी सीलना थाना एयरपोर्ट जनपद प्रयागराज के रूप में हुई है। आरोपी की उम्र लगभग 19 वर्ष बताई जा रही है। तलाशी के दौरान पुलिस ने उसके कब्जे से एक अवैध देशी तमंचा .315 बोर, एक जिंदा कारतूस .315 बोर तथा 8 हजार रुपये नकद बरामद किए। बरामदगी के बाद पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि क्षेत्र में अपराधियों और अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ कर उसके आपराधिक नेटवर्क और अन्य गतिविधियों की भी जानकारी जुटाई जा रही है।

# नकल माफिया सोनू सिंह की 60 लाख की संपत्ति कुर्क, पत्नी शारदा के नाम खरीदी गई थी जमीन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रयागराज।** माफिया और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शनिवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए कुख्यात नकल माफिया सोनू सिंह यादव और उसकी पत्नी शारदा यादव के नाम से अर्जित करीब 60 लाख रुपये की संपत्ति कुर्क कर दी। नवाबगंज क्षेत्र में पुलिस और प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक कुख्यात नकल माफिया एवं गैंगलीडर सोनू सिंह यादव पुत्र स्वर्गीय मिश्रीलाल निवासी कटरा कौड़िहार, थाना नवाबगंज ने अपनी पत्नी शारदा यादव के साथ मिलकर अपराध जगत से अर्जित धन से अचल संपत्ति बनाई थी। इस मामले में गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए पुलिस आयुक्त न्यायालय कमिश्नरेट प्रयागराज के आदेश पर संपत्ति को कुर्क किया गया। बताया गया है कि वर्ष 2025 में नवाबगंज थाना क्षेत्र में गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम, 1986 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की विवेचना प्रभारी निरीक्षक सोरांव द्वारा की जा रही है। पुलिस जांच में सामने आया कि सोनू सिंह यादव और उसकी पत्नी शारदा यादव ने अपने भय और दबंगई के बल पर लोगों को आतंकित कर अवैध रूप से धन अर्जित किया और उसी धन से संपत्ति खरीदी। पुलिस ने न्यायालय पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट प्रयागराज के समक्ष रिपोर्ट प्रस्तुत कर संपत्ति कुर्क करने की मांग की थी। अभिलेखों और साक्ष्यों की समीक्षा के बाद न्यायालय ने कार्रवाई को उचित मानते हुए थाना सोरांव क्षेत्र के ग्राम राजापुर मल्हुआ परगना में स्थित अचल संपत्ति को कुर्क करने का आदेश पारित किया। साथ ही थाना प्रभारी सोरांव को उक्त संपत्ति का प्रशासक नियुक्त किया गया। कुर्क की गई संपत्ति में आराजी संख्या 366 रकबा 0.1380 हेक्टेयर तथा आराजी संख्या 367 रकबा 0.1400 हेक्टेयर शामिल है। कुल 0.2780 हेक्टेयर भूमि में विक्रेता वसीम के वैधानिक अंश 0.0695 हेक्टेयर के आधे भाग यानी लगभग 347.5 वर्गमीटर भूमि को कुर्क किया गया है। पुलिस के अनुसार संपत्ति की अनुमानित कीमत करीब 60 लाख रुपये है। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि सोनू सिंह यादव और उसके गिरोह से जुड़ी अन्य संपत्तियों की भी तलाश की जा रही है। अपराध से अर्जित चल-अचल संपत्तियों के खिलाफ आगे भी कठोर कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी।

# माफिया व पूर्व ब्लाक प्रमुख दिलीप मिश्रा का 43 लाख रुपये का मकान कुर्क

**● प्रयागराज में 600 वर्ग फीट भूमि पर बना आलीशान घर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रयागराज।** पुलिस कमिश्नर कोर्ट से जब्तीकरण का आदेश जारी होने के बाद शनिवार को गैंगेस्टर एक्ट के तहत माफिया व पूर्व ब्लाक प्रमुख दिलीप मिश्रा की दाउद नगर स्थित मकान को कुर्क करने की कार्रवाई की गई, जिसकी कीमत लगभग 43 लाख बताई जाती है। औद्योगिक थाना क्षेत्र के लवायन कला गांव निवासी दिलीप मिश्रा पुत्र राम गोपाल मिश्रा के खिलाफ वर्ष 2020 में गैंगेस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई थी। शनिवार शाम एसडीएम करछना तपन मिश्रा और एसीपी करछना सुनील कुमार सिंह की मौजूदगी में दाउद नगर मुहल्ले में पहले डुगडुगी पिटवाई गई, इसके बाद छह सौ वर्ग फिट जमीन पर बने मकान के दोनों दरवाजे को सील करने की कार्रवाई की गई। मीरजापुर मार्ग से सौ फर्लांग की दूरी पर स्थित इस मकान को चार साल पहले ही चिन्हित किया गया था, लेकिन बीते दिवस पुलिस कमिश्नर की कोर्ट से जारी आदेश के बाद कुर्की की कार्रवाई की गई। कहा गया कि अगर बिना नक्शा के बनवाया गया है तो इसके ढहाने की कार्रवाई की जाएगी। गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे की विवेचना कर रहे इंस्पेक्टर ब्रिज किशोर गौतम ने इस मकान को सील करने की कार्रवाई की। चार साल पहले पूर्व ब्लाक प्रमुख के कालेज, मकान व खेत समेत करीब 13 अचल संपत्ति को कुर्क किया गया था। मसिका मोड़ पर स्थित तीन मंजिला आलीशान मकान को जमीदोज कर दिया गया था। इस संबंध में एसीपी करछना का कहना है कि निर्धारित समय के अंदर आपत्ति दर्ज करने या इसके वैध प्रपत्र नहीं दिखाए गए तो मकान को ढहा दिया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### त्रिदिवसीय समर कैंप का समापन, बच्चों ने विविध गतिविधियों में दिखाया उत्साह




**बेतिया।** दिनांक 23 मई शनिवार को सरस्वती विद्या मंदिर, बरवत सेना, बेतिया में आयोजित त्रिदिवसीय समर कैंप का समापन उत्साह एवं उल्लास के वातावरण में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की आचार्य भगिनी एवं अभिभावकों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। समर कैंप के अंतिम दिन छोटे-छोटे भैया बहनों ने विभिन्न रचनात्मक एवं मनोरंजक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। बच्चों ने डंबल योग का अभ्यास किया, वहीं फायरलेस कुकिंग गतिविधि के अंतर्गत स्वादिष्ट सैंडविच बनाना सीखा। इसके अतिरिक्त भैया बहनों ने नृत्य सीखा तथा तरणताल का आनंद भी लिया। पूरे कार्यक्रम में भैया बहनों का उत्साह देखने योग्य था। विद्यालय के प्रधानाचार्य फणीश्वर नाथ ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के समर कैंप बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इससे बच्चों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता, अनुशासन एवं सहयोग की भावना विकसित होती है। प्राथमिक खंड के प्रधानाचार्य गौरी शंकर प्रसाद ने कहा कि विद्यालय आगे भी भैया बहनों के विकास हेतु इस प्रकार की गतिविधियों का आयोजन करता रहेगा। मौके पर विद्यालय के मीडिया प्रभारी बबलू कुमार, त्रिपुरारी कुमार सहित सभी आचार्य बंधु-भगिनी उपस्थित रहे।

### दुष्कर्म मामले में दोषी को आजीवन कारावास, पीड़िता को सात लाख मुआवजा.



**बेतिया।** बेतिया पुलिस द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य, पुलिस गवाही एवं समय पर समर्पित चार्जशीट के आधार पर न्यायालय ने दुष्कर्म मामले में आरोपी को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। मुक्त बातों की जानकारी अन्य विशेष लोक अभियोजक जयशंकर तिवारी ने दी हैं, उन्होंने बताया की मामला नौतन थाना कांड संख्या-487/23 से जुड़ा है, जिसकी सुनवाई विशेष न्यायालय में चल रही थी। जानकारी के अनुसार जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश सह विशेष न्यायाधीश (रेप एंड पॉक्सो एक्ट) अरविंद कुमार गुप्ता की अदालत ने आरोपी सुभाष यादव, निवासी श्यामपुर कोतराहा, थाना नौतन, जिला पश्चिम चंपारण को भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं एवं पॉक्सो एक्ट के तहत दोषी पाया। दंड के बिंदु पर सुनवाई करते हुए न्यायालय ने आरोपी को आजीवन कारावास एवं 50 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। जुर्माना अदा नहीं करने पर अतिरिक्त छह माह के कारावास का भी आदेश दिया गया है। इसके साथ ही न्यायालय ने पीड़िता को सात लाख रुपये प्रतिकर राशि भुगतान करने का निर्देश दिया। बताया गया कि यह मामला स्पीडी ट्रायल के तहत संचालित किया गया था। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक जय शंकर तिवारी ने प्रभावी पैरवी की, जिसके परिणामस्वरूप आरोपी को सजा दिलाने में सफलता मिली।

### हजारीबाग में ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**हजारीबाग, झारखण्डः-** हजारीबाग पुलिस ने सड़क सुरक्षा को लेकर जिले में विशेष वाहन जांच अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर 22 मई 2026 को यह अभियान उन वाहन चालकों के खिलाफ चलाया गया, जो ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन कर रहे थे। यह अभियान पुलिस उपाधीक्षक सीसीआर के नेतृत्व में यातायात थाना प्रभारी और पुलिस टीम के साथ चलाया गया। अभियान के लिए 5 पुलिस पदाधिकारियों और 10 गृहरक्षकों की टीम बनाई गई थी। झील त्रिमूर्ति चौक के पास चलाए गए वाहन जांच अभियान में बड़ी संख्या में नियम तोड़ने वाले वाहन चालक पकड़े गए। पुलिस ने बिना हेलमेट वाहन चला रहे 98 लोगों का चालान काटा। वहीं ट्रिपल लोड चलाने वाले 22 वाहन चालकों पर भी कार्रवाई की गई। मोबाइल फोन का इस्तेमाल करते हुए वाहन चलाने वाले 2 लोगों और बिना इंश्योरेंस वाले 28 वाहनों का भी चालान किया गया। पुलिस अधिकारियों ने वाहन चालकों को ट्रैफिक नियमों का पालन करने की सलाह दी और कहा कि सड़क पर सुरक्षा सबसे जरूरी है। साथ ही पकड़े गए लोगों को अन्य लोगों को भी जागरूक करने का निर्देश दिया गया। हजारीबाग पुलिस ने साफ कहा है कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी इसी तरह लगातार अभियान चलाया जाएगा।

# बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट

● संवेदनशील स्थलों पर मजिस्ट्रेट व पुलिस बल की होगी तैनाती

सोशल मीडिया पर रहेगी विशेष नजर

जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता






**बेतिया।** आगामी ईद-उल-अजहा (बकरीद) पर्व को जिले में शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं विधि-व्यवस्था के अनुरूप सम्पन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह, असामाजिक गतिविधि अथवा साम्प्रदायिक तनाव की स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए प्रशासनिक एवं पुलिस स्तर पर व्यापक तैयारी की जा रही है। इसी क्रम में 23 मई, शनिवार को जिला पदाधिकारी तरनजोत सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी अनुमंडलों के प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों से तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी तरनजोत सिंह ने कहा कि ईद-उल-अजहा (बकरीद) पर्व 28 से 30 मई के बीच मनाये जाने की संभावना है। यह पर्व जिले में पूरी शांति, सद्भाव एवं आपसी भाईचारे के वातावरण में सम्पन्न कराया जाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में विधि-व्यवस्था को लेकर पूरी तैयारी रखें तथा किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए सजग एवं सतर्क रहें।जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जिले के सभी संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील स्थलों की पहचान कर वहां पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित की जाये। उन्होंने कहा कि धारा-126 एवं 135 के तहत निरोधात्मक कार्रवाई में तेजी लायी जाये तथा बाउंड डाउन की कार्रवाई समय से पूरी की जाये ताकि असामाजिक तत्वों पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके।

उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वाले किसी भी तत्व को बख्शा नहीं जायेगा और उनके विरुद्ध विधिसम्मत कठोर कार्रवाई की जायेगी। सोशल मीडिया की निगरानी को लेकर भी जिलाधिकारी ने अधिकारियों को विशेष रूप से सतर्क रहने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि फेक वीडियो, भ्रामक फोटो अथवा अफवाह फैलाने वाले पोस्ट पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाये ताकि अफवाहों के कारण सामाजिक सौहार्द प्रभावित न हो। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि जिन क्षेत्रों में अब तक शांति समिति की बैठक आयोजित नहीं की गई है, वहां शीघ्र बैठक करायी जाये तथा स्थानीय स्तर पर सक्रिय युवाओं एवं सामाजिक रूप से प्रभावशाली लोगों को भी शांति समिति से जोड़ा जाये। नगर निकाय क्षेत्रों में क्यूआरटी टीम को एक्टिव रखा जाय। बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक बेतिया डॉ. शौर्य सुमन ने कहा कि सभी थाना क्षेत्रों में गश्ती एवं पेट्रोलिंग बढ़ायी जाये तथा पुलिस पदाधिकारी अपनी तैयारियां पूरी तरह दुरुस्त रखें। उन्होंने कहा कि पशु चोरी जैसी घटनाएं कई बार सामाजिक तनाव का कारण बनती हैं, इसलिए इस दिशा में विशेष सतर्कता बरती जाये। उन्होंने धारा-126 एवं 135 के तहत निरोधात्मक कार्रवाई को प्रभावी बनाने, शांति समिति की बैठकों में नये एवं सक्रिय लोगों को शामिल करने तथा सभी थानाध्यक्षों को लगातार क्षेत्र भ्रमण करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने राइड गियर एवं सुरक्षा उपकरणों के उपयोग पर भी बल दिया। पुलिस अधीक्षक बगहा रामानंद कुमार कौशल ने कहा कि निरोधात्मक कार्रवाई संतोषजनक एवं प्रभावी होनी चाहिए। उन्होंने संवेदनशील क्षेत्रों में पुनः शांति समिति की बैठक आयोजित करने तथा अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने की बात कही, ताकि पर्व के दौरान सौहार्दपूर्ण वातावरण कायम रखा जा सके। बैठक में उप विकास आयुक्त काजले वैभव नितिन, नगर आयुक्त बेतिया शिवाक्षी दीक्षित, अपर समाहर्ता राजीव रंजन सिन्हा, अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा, एसडीएम बेतिया विकास कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी जिला गोपनीय शाखा सुजीत कुमार सहित कई वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं अनुमंडल एवं प्रखंड स्तर के अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक से जुड़े रहे।

### पंचायत सरकार भवन मे व्यवस्थाओ का प्रखंड विकास पदाधिकारी ने किया निरिक्षण

**योगापट्टीः** योगापट्टी प्रखंड क्षेत्र के बलुआ भवानीपुर पंचायत के वार्ड नंबर पांच मे स्थित पंचायत सरकार भवन मे दिन शनिवार को पंचायत के ग्रामीण लोगो ने जाति, निवास, आय, राशन, जमीन और आदि समस्याओ को लेकर कार्यपालक सहायक नसीम अख्तर के समक्ष ऑनलाइन आवेदन किया 7 इसी क्रम मे पंहुचे प्रखंड विकास पदाधिकारी शशिभूषण कुमार ने दो जून को पंचायत मे लगने वाले सहयोग शिविर के लिए पंचायत सरकार भवन मे सभी जन समस्याओ और पहलुओं पर चर्चा किया और व्यवस्थाओ का निरिक्षण किया 7 वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी शशि कुमार ने जन प्रतिनिधियों और कर्मियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि दो जून को आयोजित होने वाला सहयोग शिविर को आप सभी ग्रामीण लोगो तक इस बात को पहुंचाए कि ग्रामीण लोग जागरूक हो अपनी समस्याओ को ऑनलाइन करावे कि उनकी समस्याओ का समय से समाधान किया जा सके,इस सहयोग शिविर के आयोजन को लेकर पंचायत कर्मी विकास मित्र पति ब्रह्मा राम,आवास सहायक शिवू सरकार, रोजगार सेवक अमजद अली, स्वच्छता प्रवेक्षक टुना कुमार शर्मा,मुखिया पति भोला राम, उपमुखिया प्रेमचंद कुशवाहा, वार्ड सदस्य पति जितेंद्र कुशवाहा, वार्ड सदस्य बीरेंद्र साह और पैक्स अध्यक्ष ईश्वर दयाल यादव शामिल रहे।

## अतिक्रमण हटाने पहुंची प्रशासनिक टीम पर हमला , महिला सिपाही सहित नगर निगम के कर्मी घायल



●हॉस्पिटल रोड में कार्रवाई के दौरान हंगामा, पुलिस बल की मौजूदगी में फिर चला अभियान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बेतिया।** नगर के हॉस्पिटल रोड में शनिवार को नगर निगम की अतिक्रमण हटाओ कार्रवाई के दौरान अचानक माहौल तनावपूर्ण हो गया। प्रशासनिक टीम द्वारा सड़क किनारे किए गए अवैध कब्जों को हटाया जा रहा था, तभी कुछ लोगों ने विरोध शुरू कर दिया और देखते ही देखते हंगामा बढ़ गया।इस दौरान हुई धक्का-मुक्की और हमले में महिला पुलिसकर्मी खुशबू कुमारी एवं नगर निगम कर्मी जूलूम साह घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए जीएमसीएच भेजा गया। नगर निगम की टीम हॉस्पिटल रोड से मित्रा चौक तक बुलडोजर के जरिए सड़क किनारे बने अस्थायी ढांचे और सीढ़ियों को हटाने में जुटी थी। अभियान के दौरान सांसद डॉ. संजय जायसवाल के आवास के बाहर बनी सीढ़ी को भी तोड़ा गया। इसी बीच कुछ लोगों ने कार्रवाई का विरोध करते हुए प्रशासनिक टीम पर हमला कर दिया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही सदर एसडीपीओ अजीत कुमार, यातायात डीएसपी अतनु दत्ता समेत कई अधिकारी भारी पुलिस बल के साथ पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। बाद में सुरक्षा व्यवस्था के बीच दोबारा अभियान चलाकर सड़क को खाली कराया गया। प्रशासन ने हमले में शामिल लोगों की पहचान सीसीटीवी फुटेज के आधार पर करते हुए कानूनी कार्रवाई की बात कही है।

# तनावमुक्त पुलिसिंग की ओर बढ़ता कदम

● राजयोग मेडिटेशन और मेंटल हेल्थ प्रशिक्षण से पुलिस कर्मियों में जागा नया आत्मविश्वास

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**बेतिया।** 23 मई शनिवार को अपर पुलिस महानिदेशक, बिहार, पटना के निर्देशन एवं बेतिया पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार पुलिस लाइन, बेतिया में 21, 22 एवं 23 मई को तीन दिवसीय 'मेंटल हेल्थ एवं राजयोग मेडिटेशन' विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पुलिस लाइन के 232 कैनिडेट्स एवं पुलिस कर्मियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर मानसिक सशक्तिकरण, तनावमुक्त जीवन एवं सकारात्मक सोच की कला को आत्मसात किया। कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस कर्मियों को बढ़ते मानसिक दबाव, कार्य तनाव एवं दैनिक चुनौतियों के बीच आत्मिक शांति, संतुलन एवं सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करना था। तीन दिनों तक चले इस आध्यात्मिक एवं प्रेरणादायी सत्र में ब्रह्माकुमारी संस्थान के वक्ताओं ने जीवन प्रबंधन, मानसिक स्वास्थ्य एवं राजयोग मेडिटेशन के गहन रहस्यों को सरल एवं प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। इस अवसर पर 'ब्रह्माकुमारी पुष्पा' बहन जी ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में कहा कि आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में मन को शांत और स्थिर रखना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि राजयोग मेडिटेशन केवल ध्यान की प्रक्रिया नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक श्रेष्ठ कला है, जो व्यक्ति को सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास एवं आंतरिक शक्ति प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि जब मन सकारात्मक होता है तो कठिन परिस्थितियों में भी निर्णय क्षमता मजबूत रहती है और जीवन में संतुलन बना रहता है। 'ब्रह्माकुमार गौरव भाई जी' ने सभी उपस्थित पुलिस कर्मियों को डीप मेडिटेशन की विशेष अनुभूति कराई। मेडिटेशन के दौरान उपस्थित प्रतिभागियों ने गहन शांति, आत्मिक ऊर्जा एवं मानसिक हल्केपन का अनुभव किया। कई पुलिस कर्मियों ने बताया कि मेडिटेशन के पश्चात उनके अंदर नई ऊर्जा, आत्मबल एवं तनावमुक्ति की अनुभूति हुई। वहीं ब्रह्माकुमार राकेश भाई जी ने शारीरिक योग एवं मानसिक योग के समन्वय पर विशेष सत्र लेते हुए बताया कि केवल शरीर को स्वस्थ रखना पर्याप्त नहीं है, बल्कि मन का स्वस्थ एवं सकारात्मक होना भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने योग अभ्यासों के माध्यम से बताया कि जब शरीर और मन दोनों का संतुलन बनता है, तभी व्यक्ति वास्तविक सुख, शांति और कार्यक्षमता का अनुभव करता है। उनके द्वारा कराए गए योग एवं मानसिक एकाग्रता अभ्यासों से सभी प्रतिभागियों ने अलग-अलग सकारात्मक अनुभूतियां प्राप्त कीं। तीन दिवसीय इस कार्यक्रम के दौरान आरक्षित अधीक्षक देवानंद रावत ने कहा पुलिस कर्मियों में अनुशासन, उत्साह एवं आत्मिक जागरूकता का विशेष वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित अधिकारियों एवं प्रतिभागियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम पुलिस बल को मानसिक रूप से मजबूत बनाने में अत्यंत सहायक सिद्ध होंगे तथा भविष्य में भी इस प्रकार के प्रशिक्षण नियमित रूप से आयोजित किए जाने चाहिए। यह कार्यक्रम पुलिस विभाग एवं आध्यात्मिक संस्थाओं के संयुक्त प्रयास का एक प्रेरणादायी उदाहरण बनकर उभरा, जिसने यह संदेश दिया कि मानसिक स्वास्थ्य, सकारात्मक सोच और आत्मिक शांति आज के समय में प्रत्येक व्यक्ति, विशेषकर पुलिस कर्मियों के लिए अत्यंत आवश्यक है।

## एनएच-39 पर पुलिस का बड़ा ऑपरेशनः लावारिस ट्रक से 75 पैकेट गांजा बरामद, कीमत 15 लाख

● देवनद नदी के पास वाहन जांच के दौरान कार्रवाई, तस्करी नेटवर्क की तलाश में जुटी पुलिस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लातेहार, झारखंड-** लातेहार जिले के चंदवा थाना क्षेत्र में पुलिस ने मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एनएच-39 से भारी मात्रा में गांजा बरामद किया है। बरामद गांजा की अनुमानित कीमत करीब 15 लाख रुपये बताई जा रही है। कार्रवाई के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार, पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली थी कि देवनद नदी के समीप एक संदिग्ध ट्रक लावारिस हालत में खड़ा है। सूचना मिलते ही चंदवा थाना पुलिस ने वाहन जांच अभियान तेज किया और बताए गए स्थान पर पहुंचकर जांच शुरू की। जांच के दौरान एक लाइन होटल के पास खड़े ट्रक (RJ30GBv311) की तलाशी ली गई। तलाशी में ट्रक के भीतर छिपाकर रखे गए करीब एक क्विंटल गांजा के 75 पैकेट बरामद किए गए। पुलिस के अनुसार गांजा को बेहद सुनियोजित तरीके से वाहन में छिपाया गया था। हालांकि पुलिस के पहुंचने से पहले ही चालक मौके से फरार हो गया। इसके बाद पुलिस ने ट्रक को जब्त कर थाना ले आई और मामले की छानबीन शुरू कर दी। थाना प्रभारी अशोक कुमार ने बताया कि जब्त गांजा को कब्जे में लेकर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। साथ ही ट्रक मालिक और तस्करी नेटवर्क से जुड़े लोगों की पहचान की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि गांजा कहां से लाया जा रहा था और किन क्षेत्रों में इसकी सप्लाई की जानी थी। फिलहाल मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है, लेकिन पुलिस पूरे गिरोह तक पहुंचने के लिए लगातार छापेमारी और जांच अभियान चला रही है। एनएच-39 पर लावारिस ट्रक से इतनी बड़ी मात्रा में गांजा बरामद होने के बाद क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म है।


### सेंट स्टीफंस एकेडमी में इन्वेस्टिचर सेरेमनी आयोजित, राष्ट्रीय उपलब्धियों का भी हुआ सम्मान

**बेतिया।** 23 मई, शनिवार को स्थानीय सेंट स्टीफंस एकेडमी, बानुछापर में भव्य 'इन्वेस्टिचर सेरेमनी 2026' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नव-निर्वाचित छात्र-नेताओं को शपथ दिलाई गई तथा विद्यालय की राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय उपलब्धियों का सम्मानपूर्वक उल्लेख किया गया। समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि अभिमीत मिश्रा एवं विद्यालय के प्राचार्य विशाल विक्टर ने किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर माहौल को आकर्षक बना दिया। कार्यक्रम का मंच संचालन कक्षा छह की छात्रा ऋचा कुमारी ने किया, जिसकी सभी ने सराहना की। विद्यालय को 'यूजर्स चॉइस अवार्ड 2026' तथा 'स्कूल एक्सीलेंसी अवार्ड 2025-26' से सम्मानित किए जाने की जानकारी दी गई। साथ ही विद्यालय के दो छात्रों द्वारा बिहार टॉप-10 और भारत टॉप-50 में स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन करने पर हर्ष व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में नव-नियुक्त प्रीफेक्ट्स और मॉनिटर्स को बैज प्रदान कर कर्तव्यों के प्रति निष्ठा और अनुशासन की शपथ दिलाई गई। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए नेतृत्व को सेवा और जिम्मेदारी का माध्यम बताया। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने कार्यक्रम की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अंत में युवा शिक्षक आशीष संजय ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया तथा राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन हुआ।

## हजारीबाग में राहुल दुबे गैंग पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

● बड़ी वारदात की तैयारी कर रहे गैंग के सदस्य को हथियार और कारतूस के साथ पकड़ा गया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हजारीबाग, झारखंडः-** हजारीबाग जिले के लोहसिंघना थाना क्षेत्र में पुलिस ने संगठित अपराध के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए राहुल दुबे गैंग के एक सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से पिस्टल, जिंदा कारतूस और खोखे बरामद किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक को 22 मई की शाम सूचना मिली थी कि रोतरा गांव में राहुल दुबे गैंग के सदस्य इकट्ठा होकर किसी बड़ी घटना की योजना बना रहे हैं। सूचना मिलते ही बड़कागांव अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित आनंद के नेतृत्व में एसआईटी टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए नगर निगम डंपिंग यार्ड के पास छापेमारी की। इस दौरान जियाउल रहमान उर्फ मोजम्मिल 25 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। आरोपी पेलावल के आजाद नगर का रहने वाला है। तलाशी के दौरान उसके पास से एक पिस्टल, दो जिंदा कारतूस, एक खाली मैग्जीन, पांच खोखे और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह बानादाग रेलवे साइडिंग में लेवी वसूली और दहशत फैलाने के लिए फायरिंग करने जा रहा था।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ लोहसिंघना थाना में मामला दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस के अनुसार राहुल दुबे गैंग के खिलाफ पहले भी लगातार कार्रवाई की गई है और आगे भी छापेमारी जारी रहेगी। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी पहले भी एनडीपीएस एक्ट और अन्य मामलों में जेल जा चुका है।

### नारायणपुर प्रखंड के दो पंचायतों का हुआ निरीक्षण, ली गई जानकारी

**नारायणपुर, जामताड़ा, झारखंडः-** शनिवार को नारायणपुर प्रखंड के देवलबाड़ी और बुटबेरिया पंचायत में जिला स्तरीय अधिकारियों के द्वारा केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का निरीक्षण किया गया। इस क्रम में देवलबाड़ी पंचायत में डीआरडीए निदेशक विजय कुमार ने और बुटबेरिया पंचायत में डीएसओ क्यूम अंसारी ने स्थल पर पहुंचकर योजना संचालन से संबंधित जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीआरडीए निदेशक ने देवलबाड़ी में जनवितरण दुकान का निरीक्षण किया। निरीक्षण में स्टाक व वितरण पंजी का अवलोकन किया गया। उन्होंने स्टाक रजिस्टर का बढ़िया ढंग से संधारण करने का निर्देश दिया । इसके देवलबाड़ी में आयुष्मान आरोग्य मंदिर की जांच की गई। मौके पर सीएचओ और एएनएम तैनात थी?। अधिकारी ने जाना कि यहां क्या क्य सुविधा उपलब्ध है, साथ ही इमरजेंसी की सुविधा क्या है। बीपी सुगर जांच होती है अथवा नहीं। मौके पर डीआरडीए निदेशक ने सुगर की भी जांच करवाई। देवलबाड़ी पंचायत के नयाडीह में जमीन समतलीकरण योजना का निरीक्षण किया। कार्य ठीक से करने का निर्देश दिया गया।

## भीषण गर्मी को लेकर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन सख्त, अधिकारियों को दिए विशेष निर्देश

● राहगीरों और आम लोगों को तत्काल सहायता पहुंचाने तथा सार्वजनिक स्थलों पर पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रांची, झारखंडः-** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य में लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी और हीटवेव की स्थिति को देखते हुए प्रशासनिक अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि इस कठिन समय में प्रशासन पूरी संवेदनशीलता, तत्परता और मानवीय दृष्टिकोण के साथ कार्य करे तथा जनहित को सर्वोपरि रखा जाए। मुख्यमंत्री ने राज्य के सभी उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, थाना प्रभारी, अंचलाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं पंचायत प्रतिनिधियों को निर्देश दिया है कि सभी सरकारी कार्यालयों के बाहर एवं सार्वजनिक स्थलों पर आम लोगों और राहगीरों के लिए पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही वहां स्पष्ट सूचना भी प्रदर्शित करने को कहा गया है, ताकि लोगों को आसानी से राहत मिल सके। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया है कि राज्य के किसी भी गांव, टोला या मोहल्ले में पेयजल संकट उत्पन्न न होने पाए। उन्होंने कहा कि जहां कहीं भी जल संकट की स्थिति हो, वहां तत्काल टैंकरों के माध्यम से जलापूर्ति की जाए। इसके अलावा खराब पड़े चापाकलों की मरम्मत तथा अन्य वैकल्पिक व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया मंच एक्स के माध्यम से कहा कि जनहित सर्वोपरि है। भीषण गर्मी के इस दौर में प्रशासन पूरी संवेदनशीलता, तत्परता और मानवीय दृष्टिकोण के साथ कार्य करे। उन्होंने कहा कि लोगों को गर्मी से राहत पहुंचाना प्रशासन की सामूहिक जिम्मेदारी है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## राष्ट्रीय हित में प्रधानमंत्री की विदेश यात्रा की अमर्यादित व द्वेषपूर्ण आलोचना कर राहुल ने की भारत को नीचा दिखाने की कुचेष्टा - हिन्दु विचार मंच, पाकुड़िया इकाई

**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः-** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, नरेन्द्र मोदी एवं अमित शाह को देश का गद्दार कहने पर हिन्दु विचार मंच पाकुड़िया इकाई ने ऐसे अमर्यादित आलोचना को भारत विरोधी बताते हुए कांग्रेस के सांसद राहुल को राहु बताते कहा है कि वह राहु के रूप में अवतरित होकर भारत वर्ष की सामूहिक प्रगति को बाधित कर भारत को नीचा दिखाने की कुचेष्ट्या वर्ष 2014 से केंद्रीय सत्ता से वंचित होकर करता रहा है। वैसे कांग्रेसी सांसद, जो देश के प्रधानमंत्री एवं भारत की संवैधानिक संस्थाओं, निर्वाचन आयोग आदि संस्थाओं व प्रधानमंत्री को वोट चोर और अनेकों अनर्गल बातें कहकर भारत विरोधी तत्वों को देश व विदेशों में संरक्षण प्रदान करता रहा हो, ऐसे सांसद व विपक्ष के नेता को राहु कहना प्रासंगिक होगा। कारण यह है कि जो नेता आरएसएस जैसे सांस्कृतिक संगठन को बिना प्रमाणिक तथ्यों के आधार पर देश को बांटने वाला बताकर भारत की राष्ट्रीय भावना को क्षति पहुंचाता रहा हो, वैसे नेता को राहु कहते हुए राष्ट्र विरोधी कहने में संकोच नहीं होना चाहिए। राहुल देश के प्रधानमंत्री, आरएसएस एवं सनातन धर्म-संस्कृति पर अमर्यादित टिप्पणियां कर भारत के सांस्कृतिक मूल्यों को नीचा दिखाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। एक ओर विश्व स्तरीय संकट से सभी देश प्रभावित हैं, वहीं राष्ट्रीय हित में भारत के प्रधानमंत्री की विदेश यात्रा पर अमर्यादित टिप्पणी कर उसे नौटंकी कहकर उपहास करना क्या राष्ट्र विरोधी कृत्य नहीं कहा जाना चाहिए। मंच ने कहा है कि ऐसे वाचाल नेता को, जिसे देश के प्रधानमंत्री व संवैधानिक संस्थाओं को सम्मानजनक शब्दों से संबोधित करने का संस्कार नहीं हो, ऐसे नेता को सम्मानजनक शब्दों से संबोधित नहीं करना ही नीति है।

# पैर से लाचार द्वारिका पंडित को मिली नई जिंदगी की राह

● जिला प्रशासन ने भेंट की इलेक्ट्रिकल ट्राई साइकिल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बरही, झारखंडः-** बरही प्रखंड के ग्राम नाइटांड निवासी 77 वर्षीय दिव्यांग द्वारिका पंडित के जीवन में शनिवार को नई उम्मीद की किरण जगी, जब जिला प्रशासन की ओर से उन्हें इलेक्ट्रिकल ट्राई साइकिल प्रदान की गई। समाहरणालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में यह सुविधा उपलब्ध कराई गई, जिससे अब उन्हें आने-जाने में काफी सहूलियत मिलेगी। जानकारी के अनुसार द्वारिका पंडित लंबे समय से चलने-फिरने में असमर्थ थे और इलेक्ट्रिकल ट्राई साइकिल की आवश्यकता महसूस कर रहे थे। उनकी परेशानी को सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय लोगों द्वारा जिला प्रशासन तक पहुंचाया गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त हजारीबाग की पहल पर तत्काल सहायता उपलब्ध कराई गई। इलेक्ट्रिकल ट्राई साइकिल मिलने के बाद द्वारिका पंडित भावुक हो उठे। उन्होंने कहा कि यह सहायता उनके लिए किसी वरदान से कम नहीं है। अब वे बिना किसी परेशानी के अपने दैनिक कार्यों के साथ-साथ रोजगार संबंधी जरूरतों को भी आसानी से पूरा कर सकेंगे। उन्होंने उपायुक्त हजारीबाग एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रशासन ने उनकी पीड़ा को समझते हुए मानवीय संवेदनशीलता का परिचय दिया है। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता सिकंदर कुमार, वरिष्ठ समाजसेवी पुरन राम, मंटू पंडित, लालधारी यादव सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे। उपस्थित लोगों ने जिला प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि जरूरतमंद एवं दिव्यांग लोगों तक सहायता पहुंचाना बेहद सराहनीय कार्य है।

## संक्षिप्त खबरें

### अवैध गांजा के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार




**कोंच(जालौन)-** कोतवाली पुलिस ने साढ़े तीन किलो से अधिक अवैध गांजा लेकर जा रहे दो अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। एसपी विनय कुमार सिंह के निर्देशन और सीओ परमेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में कोतवाली क्षेत्र में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बृजेश बहादुर सिंह ने दरोगा सुमित पांडेय, अभिषेक सिंह, कांस्टेबल अनिल कुमार एवं पवन सिंह के साथ मिलकर शुक्रवार/शनिवार की रात्रि क्षेत्र भ्रमण के दौरान संदिग्ध अवस्था में जा रहे ग्राम अंडा निवासी निखिल वर्मा पुत्र स्व देवेंद्र कुमार एवं बुद्धसिंह रैकवार पुत्र चंद्रशेखर को पकड़ लिया। पुलिस ने उक्त दोनों के पास से कुल तीन किलो 650 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया। पुलिस ने उक्त दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध 8/20 एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर दोनों को जेल भेज दिया है।

### सोनभद्र में अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को नि:शुल्क राशन वितरण 25 मई से 10 जून तक

**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** जिला पूर्ति अधिकारी, ध्रुव गुप्ता ने अवगत कराया है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत माह जून 2026 हेतु अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को निःशुल्क खाद्यान्न वितरण किया जायेगा। यह वितरण जनपद की समस्त उचित दर दुकानों पर दिनांक 25 मई 2026 से 10 जून 2026 तक किया जाएगा। अन्त्योदय कार्डधारकों को प्रति कार्ड 35 किलोग्राम खाद्यान्न (10 किलोग्राम गेहूं एवं 25 किलोग्राम चावल) निःशुल्क उपलब्ध कराया जायेगा। वहीं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को प्रति यूनिट 05 किलोग्राम खाद्यान्न (01 किलोग्राम गेहूं एवं 04 किलोग्राम चावल) निःशुल्क वितरित किया जाएगा। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि खाद्यान्न वितरण ई-पॉस मशीन के माध्यम से ओटीपी आधारित अथवा मोबाइल ओटीपी सत्यापन के जरिए किया जाएगा। जिन कार्डधारकों का आधार प्रमाणीकरण किसी कारणवश संभव नहीं हो पा रहा है, वे मोबाइल ओटीपी वेरिफिकेशन के माध्यम से भी खाद्यान्न प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने समस्त कार्डधारकों से अपील की है कि निर्धारित अवधि के भीतर अपने निकटतम उचित दर विक्रेता की दुकान से खाद्यान्न प्राप्त कर लें तथा वितरण के समय ई-केवाईसी अवश्य कराएं, जिससे भविष्य में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### बीजपुर की साइबर टीम द्वारा आवेदक की फ्राड हुई धनराशि करायी गयी वापस, लोगों ने किया सराहना

**बीजपुर/सोनभद्र-** बीजपुर निवासी गोविन्द प्रसाद गुप्ता पुत्र स्व0 दूधनाथ , जनपद सोनभद्र के साथ अज्ञात व्यक्ति द्वारा 27,000/- रुपये की साइबर ठगी कर ली गयी थी। उक्त प्रकरण के संबंध में आवेदक द्वारा राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर कॉल कर ऑनलाइन शिकायत दर्ज करायी गयी थी। साइबर अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, क्षेत्राधिकारी दुद्धी के निर्देशन तथा थानाध्यक्ष बीजपुर के कुशल नेतृत्व में थाना बीजपुर की साइबर टीम द्वारा NCRP पोर्टल का अवलोकन कर प्रकरण की जांच की गयी। जांच के दौरान आवश्यक साक्ष्य संकलित कर संबंधित बैंक शाखा से ई-मेल के माध्यम से पत्राचार किया गया, जिसके फलस्वरूप आवेदक की फ्राड हुई 27,000/- रुपये की धनराशि सफलतापूर्वक उसके मूल बैंक खाते में वापस करायी गयी। धनराशि वापस प्राप्त होने पर आवेदक द्वारा थाना बीजपुर पुलिस की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया गया। धनराशि वापस कराने वाली टीम में मुख्य रूप से राजेश कुमार सिंह, थानाध्यक्ष थाना बीजपुर, जनपद सोनभद्र, उ0नि0 कमलाकान्त पाण्डेय, का0 सरोज अमित कुमार श्रीकृष्ण, साइबर हेल्प डेस्क, म0का0 निहारिका पाण्डेय, साइबर हेल्प डेस्क शामिल रहे। इ्र साइबर अपराध होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर कॉल करें अथवा नजदीकी थाना/साइबर सेल पर संपर्क करें। साथ ही cybercrime.gov.in पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कर तत्काल सहायता प्राप्त करें।

## दूधिया रोशनी में हुए रोमांचक क्रिकेट मैच में दर्शकों की जुटी भीड़

● सदर विधायक गौरीशंकर और माधोगढ़ विधायक मूलचंद्र ने कराया टॉस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता







**कोंच(जालौन)-** ग्राम तीतरा स्थित एमएसडी महाविद्यालय के ग्राउंड में चल रहे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के तीसरे दिन शुक्रवार की रात खेले गए तीनों लीग मैच रोमांच से भरपूर रहे। चौकों-छक्कों पर हजारों दर्शकों क्रिकेट प्रेमियों ने खूब तालियां बजाई और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। क्षेत्रीय विधायक मूलचंद्र निरंजन के आयोजकत्व में माधोगढ़ विधानसभा प्रीमियर नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में शुक्रवार को उरई सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, माधोगढ़ विधायक मूलचंद्र निरंजन व भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रामेंद्र सिंह सेंगर बतौर अतिथि उपस्थित रहे जिन्होंने मैदान पर टॉस कराकर और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच आरंभ कराया। सदर विधायक ने कहा कि फ्लड लाइट्स में उम्दा व्यवस्थाओं के बीच टूर्नामेंट आयोजित कराना निश्चित रूप से प्रशंसनीय कार्य है जिसके लिए विधायक मूलचंद्र बधाई के हकदार हैं। टूर्नामेंट आयोजन समिति के प्रमुख आशु निरंजन महतवानी के नेतृत्व में सदस्यों ने अतिथियों का स्वागत सम्मान किया। वहीं, पहला मैच बजरंग क्रिकेट क्लब ताहरपुरा एवं तीतरा इलेवन टीम के मध्य खेला गया। कप्तान सागर प्रजापति की अगुवाई में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ताहरपुरा की टीम ने निर्धारित 8 ओवरों में 3 विकेट गंवाकर 59 रन बनाए। जबाव में कप्तान पंकज यादव की तीतरा टीम 9 विकेट खोकर सिर्फ 39 रन ही बना सकी और टीम मैच हार गई। ताहरपुरा टीम के गेंदबाज समीर खान ने घातक गेंदबाजी कर 3 विकेट हासिल कर मेन ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता। दूसरा मैच खकसीस इलेवन और इलेवन स्टार बरोदा टीम के बीच हुआ। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए खकसीस की टीम ने 8 विकेट खोकर 48 रनों का लक्ष्य रखा। कप्तान पवन निरंजन के नेतृत्व में बरोदा की टीम ने 3 विकेट खोकर पांच ओवर दो गेंद खेलकर मैच जीत लिया। बरोदा टीम के आलराउंडर खिलाड़ी मनीष ने 12 रन बनाये और 3 विकेट लिए जिन्हें मेन ऑफ द मैच चुना गया।

तीसरा मैच बजरंग क्रिकेट क्लब ताहरपुरा और इलेवन स्टार बरोदा टीम के बीच हुआ। बरोदा की टीम ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला लिया। ताहरपुरा की टीम ने 7 विकेट खोकर 69 रन बनाए। जबाव में बरोदा की टीम 3 विकेट खोकर 68 रन ही बना सकी, और सिर्फ 1 रन से टीम को हार का मुंह देखना पड़ा। ताहरपुरा टीम के आलराउंडर खिलाड़ी रोहित ने 13 रन बनाए जबकि 1 विकेट हासिल किया। इन्हें मेन ऑफ द मैच घोषित किया गया। तीनों मैचों के मेन ऑफ द मैच चुने गए खिलाड़ियों को शील्ड और पांच-पांच सौ रुपए का नकद इनाम प्रदान किया गया। अंपायर की भूमिका सूरज त्रिपाठी एवं शिशिर कुमार ने निभाई। कमेंट्री प्रदीप धनौरा, विकास पटेल की। स्कोरर की भूमिका अभिजीत चौहान, राज ठाकुर एवं सोमेंद्र चमरसेना ने निभाई। मैच की ऑनलाइन लाइव की व्यवस्था में मानस मिश्रा, विमल और अर्पित शामिल रहे। पिच से लेकर मैदान की अन्य सारी व्यवस्थाओं में आयोजन समिति प्रमुख आशु निरंजन के दिशा निर्देशन में कमेटी के सदस्य आकाश निरंजन छानी, अंकित पटेल, आकाश, नेहरू, हिमांशु, पंकज, जीतू, राज आदि शामिल रहे।

## टक्कर मारकर घायल करने पर पुलिस से की शिकायत

**कोंच(जालौन)-** लापरवाही बरतते हुए बाइक से टक्कर मारकर घायल कर देने के मामले में पीड़ित ने पुलिस से शिकायत कर कार्यवाही किए जाने की मांग की है। कैलिया थाना क्षेत्र के ग्राम पहाड़गांव निवासी गोविन्द राम पुत्र भगवानदास ने शनिवार को कोंच कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि बीती 15 मई को उसका पुत्र सोनू, पुत्रवधु आरती और नाती लवकुश अपनी बाइक पर सवार होकर कोंच से पहाड़गांव जा रहे थे।

रास्ते में ग्राम परैथा के समीप सामने से आ रही एक दूसरी तेज रफ्तार बाइक के चालक ने लापरवाही बरतते हुए पुत्र की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी थी जिससे उक्त तीनों सदस्य बाइक समेत सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। गोविंद राम ने शिकायती पत्र में बताया कि घटना की सूचना पर पुलिस द्वारा तीनों घायलों को एंबुलेंस से कोंच सीएचसी में उपचार के लिए भर्ती कराया गया था जहां से चिकित्सकों ने तीनों को मेडिकल कॉलेज उरई और फिर यहां से झांसी के लिए रेफर कर दिया था। झांसी स्थित अस्पताल में जारी इलाज में अब तक करीब डेढ़ लाख रुपए खर्च हो गए हैं। पीड़ित गोविंद राम ने टक्कर मारने वाले बाइक चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही किए जाने की मांग पुलिस से की है।

## जिलाधिकारी चर्चित गौड़ एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना रॉबर्ट्सगंज पर सुनी गयी जनसमस्याएं

» जनपद के समस्त थानों पर आयोजित हुआ थाना समाधान दिवस

» अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन ऋषभ रुणवाल थाना घोरावल पर व समस्त क्षेत्राधिकारीगण/थाना प्रभारी द्वारा सबन्धित थानों पर सुनी गयी जनता की समस्याएं



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** शनिवार दिनांक 23.05.2026 को जनपद के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी सोनभद्र चर्चित गौड़ एवं पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा संयुक्त रूप से थाना रॉबर्ट्सगंज पर जन शिकायतों को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन ऋषभ रुणवाल द्वारा थाना घोरावल पर फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुनते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को निष्पक्ष एवं त्वरित कार्यवाही करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तथा समस्त क्षेत्राधिकारीगण/थाना प्रभारीगण द्वारा सम्बन्धित थानों पर जनता की समस्याएं सुनी गयीं। समाधान दिवस के दौरान प्राप्त शिकायतों में से अनेक प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से निर्देशित किया गया कि भूमि सम्बन्धी समस्त प्रकरणों का निस्तारण पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा आपसी समन्वय स्थापित करते हुए किया जाए, जिससे फरियादियों को अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें तथा प्रकरणों का त्वरित, निष्पक्ष एवं न्यायसंगत निस्तारण सुनिश्चित हो सके। जनपद में पूर्व से पुलिस विभाग से सम्बन्धित 10 तथा राजस्व विभाग से सम्बन्धित 78 प्रार्थना पत्र लम्बित थे। शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस में पुलिस विभाग से सम्बन्धित कुल 16 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 03 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। वहीं राजस्व विभाग से सम्बन्धित कुल 170 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 59 प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष प्रार्थना पत्रों के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करते हुए शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। सोनभद्र पुलिस जनता की समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी निस्तारण हेतु निरंतर प्रतिबद्ध है।

## थाना समाधान दिवस में अधिकारियों ने सुनी जन शिकायतें



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)-** माह के चौथे शनिवार को कोतवाली में आयोजित थाना समाधान दिवस में कुल नौ समस्याएं आई जिनमें से तीन का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

एसडीएम हेमंत पटेल की अध्यक्षता एवं सीओ परमेश्वर प्रसाद की मौजूदगी में आयोजित थाना समाधान दिवस में राजस्व, विद्युत, मारपीट और घर परिवार में विवाद जैसी समस्याएं सुनीं गई। एसडीएम हेमंत पटेल ने अधीनस्थों से कहा, पुलिस और राजस्व विभाग बेहतर तालमेल बनाकर काम करें तो निश्चित तौर पर लोगों की समस्याओं का मुकम्मल समाधान होगा। टीम मौके पर जाकर समस्या की प्रकृति समझे और गुणवत्ता पूर्ण समाधान करे ताकि एक ही समस्या को लेकर पब्लिक को बार-बार न आना पड़े। सीओ ने भी विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि पब्लिक के समय की अहमियत को समझें, टालने की प्रवृत्ति से बाहर निकल कर धरातल पर काम करें। इस दौरान कोतवाल ब्रजेश बहादुर सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक विमलेश कुमार, लेखपाल दिग्विजय सिंह, आशीष दीक्षित, अखिलेश कुशवाहा, अंकिता आदि उपस्थित रहे।

## पशु चोरी के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**ललितपुर।** जिले में अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना नाराहट पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने पशु चोरी के मामलों में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन में, एएसपी कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी पाली अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना नाराहट पुलिस ने कार्रवाई करते हुए वांछित अभियुक्त नाराहट निवासी रामजी पुत्र शिवलाल को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार आरोपी थाना नाराहट में पंजीकृत मु.अ.सं. 106/2026 धारा 303(2), 317(2) बीएनएस एवं धारा 11 पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960, मु.अ.सं. 103/2026 धारा 303(2) बीएनएस तथा मु.अ.सं. 118/2026 धारा 303(2) बीएनएस के मामलों में वांछित चल रहा था।

## दुद्धी बीडीओ ने ग्राम पंचायत मल्देवा में खुली बैठक कर प्रधानमंत्री आवास योजना का कराया सत्यापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**दुद्धी /सोनभद्र-** प्रधानमंत्री आवास ग्राम पंचायत मल्देवा में प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रथम सूची को लेकर खुली बैठक के माध्यम से सार्वजनिक कर आमजनमानस से खंड विकास अधिकारी राम विशाल चौरसिया व ग्राम प्रधान सीता जायसवाल की मौजूदगी में सत्यापन कराया गया। बैठक में उपस्थित ग्रामवासियों को जानकारी दी गई कि शासन की मंशा के अनुरूप सभी पात्र एवं जरूरतमंद व्यक्तियों को आवास योजना का लाभ प्रदान किया जाएगा। बैठक में यह भी अवगत कराया गया कि मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत के गोंड़, खरवार, पनिका, पठारी सहित अन्य जनजातीय समाज के पात्र परिवारों को भी आवास उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अतिरिक्त 50 वर्ष तक की विधवा महिलाओं को भी जाति एवं समुदाय से ऊपर उठकर पात्रता के आधार पर योजना का लाभ दिए जाने की प्रक्रिया सुनिश्चित की जा रही है।

कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत अधिकारी अखिलेश दुबे द्वारा आवास योजना की सूची को सार्वजनिक रूप से पढ़कर सुनाया गया। जिसके क्रम में विकास खंड दुद्धी के खंड विकास अधिकारी राम विशाल चौरसिया ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक पात्र एवं जरूरतमंद परिवार को पूर्ण पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ आवास योजना का लाभ उपलब्ध कराया जाएगा तथा किसी भी पात्र व्यक्ति को वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता ग्राम प्रधान द्वारा की गई। इस अवसर पर ग्राम प्रधान सीता जायसवाल एवं प्रधान प्रतिनिधि निरंजन जायसवाल ने कहा कि ग्राम पंचायत के प्रत्येक पात्र परिवार तक शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता




है। उन्होंने आश्वस्त किया कि ग्राम पंचायत पूर्ण पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं ईमानदारी के साथ कार्य करते हुए सभी पात्र लाभार्थियों को योजना से लाभान्वित कराने के लिए प्रतिबद्ध है।अंत में ग्राम सभा में उपस्थित समस्त ग्रामीणों से अपील की गई कि सूची का निष्पक्ष सत्यापन कर पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ दिलाने में सहयोग प्रदान करें, जिससे शासन की योजनाओं का लाभ वास्तविक जरूरतमंद परिवारों तक सुगमता एवं पारदर्शिता के साथ पहुंच सके।

## पॉक्सो एक्टः दोषी राजू को बीस वर्ष के कठोर कारावास की सजा

● 11 हजार रूपये अर्थदंड, न देने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी

● करीब साढ़े 4 वर्ष पूर्व 9 वर्ष की नाबालिग बालिका के साथ चाकू दिखाकर जबरन दुष्कर्म का प्रयास किए जाने का मामला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** करीब साढ़े 4 वर्ष पूर्व 9 वर्ष की नाबालिग बालिका के साथ चाकू दिखाकर जबरन दुष्कर्म करने का प्रयास मामले में अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट ओमकार शुक्ला की अदालत ने शनिवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी राजू हरिजन उर्फ रामनिवास को 20 बर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई। उसके ऊपर 11 हजार रूपये अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड अदा न करने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित होगी। वहीं अर्थदंड की सम्पूर्ण धनराशि 11 हजार रूपये पीड़िता को मिलेगी।

अभियोजन पक्ष के मुताबिक रॉबर्ट्सगंज थाना क्षेत्र निवासी पीड़िता की मां ने एक जनवरी 2022 को रॉबर्ट्सगंज थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि 30 दिसंबर 2021 को शाम 5 बजे उसकी 9 वर्षीय नाबालिग बेटी को राजू हरिजन उर्फ रामनिवास पुत्र घुरफेकन निवासी बढ़ौली , थाना रॉबर्ट्सगंज , जिला सोनभद्र अपने घर पर बुलाकर ले गया और दरवाजा बंद कर लिया। इसके बाद चाकू दिखाकर बेटी से कहा कि जैसा मैं कहूंगा वैसा तुम करना नहीं तो जान से मार देंगे। उसके बाद जबरन दुष्कर्म करने का प्रयास किया,लेकिन बेटी किसी तरह अपनी जान बचाकर भाग आई और आपबीती सुनाई। इस तहरीर पर रॉबर्ट्सगंज कोतवाली पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दिया। विवेचना के दौरान पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने कोर्ट में



चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने,6 गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी राजू हरिजन उर्फ रामनिवास (29) वर्ष को बीस वर्ष का कठोर कारावास एवं 11 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित होगी। वही अर्थदंड की सम्पूर्ण धनराशि 11 हजार रूपये पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष की ओर से सरकारी वकील दिनेश प्रसाद अग्रहरि, सत्यप्रकाश त्रिपाठी व नीरज कुमार सिंह ने बहस की।

## बेरोजगार महिलाओं ने डीएम से लगाई रोजगार की गुहार

● नगर पालिका में आउटसोर्सिंग भर्ती में प्राथमिकता देने की मांग, आर्थिक तंगी का जताया दर्द

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** आर्थिक तंगी और बेरोजगारी से जूझ रही नगर क्षेत्र की महिलाओं ने शनिवार को जिलाधिकारी को सामूहिक प्रार्थना पत्र सौंपकर नगर पालिका परिषद में आउटसोर्सिंग के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराने की मांग की। महिलाओं ने कहा कि वह लंबे समय से आर्थिक संकट का सामना कर रही हैं और परिवार का भरण-पोषण करने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जिलाधिकारी को दिए गए प्रार्थना पत्र में महिलाओं ने बताया कि नगर क्षेत्र की अनेक महिलाएं इस समय बेरोजगारी और पारिवारिक जिम्मेदारियों के बोझ तले जीवन यापन कर रही हैं।

रोजगार का कोई स्थायी साधन न होने के कारण उन्हें दूसरों के घरों में काम करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। इसके बावजूद परिवार की जरूरतों को पूरा करना मुश्किल हो रहा है। महिलाओं ने प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि नगर पालिका परिषद में होने



डीएम को ज्ञापन सौंपने पहुंची महिलाएं

वाली आउटसोर्सिंग भर्तियों में जरूरतमंद और बेरोजगार महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर कार्य करने का अवसर दिया जाए। उनका कहना है कि यदि उन्हें रोजगार मिल जाता है तो वह आत्मनिर्भर बन सकेंगी और अपने बच्चों व परिवार का बेहतर तरीके से पालन-पोषण कर पाएंगी। महिलाओं ने प्रशासन से सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए जल्द सकारात्मक कार्रवाई करने की अपील की है। उनका कहना है कि रोजगार मिलने से न केवल उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, बल्कि उन्हें सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर भी मिलेगा। प्रार्थना पत्र सौंपने वालों में वार्ड नंबर 2 निवासी आरती, सुषमा, पूनम, वर्षा, काजल, किरन, नीतू, सपना, हेमा, वंदना, रंजना, प्रभा, कंचन और कल्पना सहित कई महिलाएं शामिल रहीं।

## बकरीद पर्व को लेकर बार थाना में शांति समिति की बैठक सम्पन्न

**बार।** थाना प्रांगण बार में आगामी बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के उद्देश्य से शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता प्रभारी निरीक्षक रमेश चंद्र मिश्रा ने की। बैठक में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और संभ्रांत नागरिकों ने सहभागिता कर विभिन्न समस्याओं एवं व्यवस्थाओं को लेकर अपने सुझाव रखे। बैठक के दौरान गांवों और कस्बे में साफ-सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने, आवारा पशुओं की समस्या के समाधान तथा त्योहार के दौरान आपसी भाईचारा एवं सौहार्द बनाए रखने पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में मौजूद जनप्रतिनिधियों और संभ्रांत नागरिकों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर हरपाल सिंह सिसोदिया (पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा), गौरव गुप्ता (व्यापार मंडल अध्यक्ष बार), अरविंद गोस्वामी, भूपेंद्र सिंह चौहान, गौरव दुबे, हनी सेठ, कैलाश सोनी, राम सहाय राजपूत, रोहित यादव, रमेश सहरिया (ग्राम प्रधान बार), कल्याण सिंह लोधी (ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि बार), अकील खान मंसूरी, मोहम्मद इसराइल मंसूरी, बासुदेव सिंह, पेस इमाम, नवाब खान, बब्बू राजपूत भैलोनीलोध सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## ललितपुर में टीबी उन्मूलन अभियान तेज

● आयुष चिकित्सकों को किया गया संवेदनशील

● 100 दिवसीय विशेष टीबी खोज अभियान के तहत कार्यशाला आयोजित

● लक्षण दिखने पर तुरंत जांच कराने की अपील

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** जिले में टीबी उन्मूलन के उद्देश्य से चलाए जा रहे 100 दिवसीय विशेष टीबी खोज अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत शुक्रवार को कार्यालय सभागार में आयुष चिकित्सकों की टीबी संवेदीकरण कार्यशाला आयोजित की गई। यह कार्यशाला एचएलएफपीपीटी संस्था लखनऊ के सहयोग से संपन्न हुई। सीएमओ के निर्देशन में आयोजित किया गया, जिसमें जिला क्षयरोग अधिकारी डा.आर.एन. सोनी ने उपस्थित आयुष चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को टीबी रोग की पहचान, जांच एवं उपचार संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी। डा.सोनी ने बताया कि 24 मार्च 2026 से जिले में 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान का द्वितीय चरण संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत उच्च जोखिम वाली आबादी की विशेष स्क्रीनिंग की जा रही है। इसमें 60 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति, कुपोषित लोग, टीबी मरीजों के संपर्क में रहने वाले लोग, डायबिटीज एवं एचआईवी से ग्रसित मरीज तथा धूम्रपान और शराब सेवन करने वाले लोगों को प्राथमिकता से शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि स्क्रीनिंग के बाद जरूरतमंद मरीजों के लिए एक्स-रे जांच एवं उपचार की समुचित व्यवस्था भी की गई है। कार्यशाला में टीबी के प्रमुख लक्षणों की जानकारी देते हुए बताया गया कि दो सप्ताह से अधिक समय तक खांसी रहना, लगातार वजन कम होना, बुखार, सीने में दर्द, शरीर में गांठ होना, रात में अत्यधिक पसीना आना, थकान महसूस होना, बलगम में खून आना



तथा लगातार बलगम वाली खांसी टीबी के संभावित संकेत हो सकते हैं। डा.आर.एन. सोनी ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि ऐसे लक्षण दिखाई देने पर तुरंत नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केन्द्र में जांच कराएं। उन्होंने बताया कि जनपद के सभी सरकारी चिकित्सालयों में टीबी की जांच एवं उपचार पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध है। कार्यशाला में आयुष चिकित्सकों से भी अपील की गई कि यदि किसी मरीज में टीबी के लक्षण दिखाई दें तो बिना देरी किए उसे सरकारी स्वास्थ्य केन्द्र पर जांच के लिए रेफर करें, ताकि समय रहते उपचार शुरू किया जा सके और टीबी उन्मूलन के लक्ष्य को सफल बनाया जा सके।

## गोविंद नगर और बाहुबली नगर की बदहाल सड़कों पर भड़कीं नपाध्यक्ष सोनाली जैन

» दो दिन में सड़क निर्माण शुरू कराने और एक सप्ताह में मरमत पूरी करने के निर्देश

» सफाई व्यवस्था पर भी जताई नाराजगी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** नगर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से नपाध्यक्ष सोनाली जैन ने शनिवार को शहर के मोहल्ला रावतयाना, गोविंद नगर एवं बाहुबली नगर का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सड़क निर्माण, साफ-सफाई, नालियों की स्थिति, डोर-टू-डोर कचरा वाहन व्यवस्था तथा जल निगम के कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों और ठेकेदारों को सख्त निर्देश दिए गए। नपाध्यक्ष सबसे पहले गोविंद नगर पहुंचीं, जहां कई दिनों से सड़क निर्माण के लिए डाली गई गिट्टी स्थानीय लोगों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। मोहल्लेवासियों ने बताया कि सड़क निर्माण कार्य शुरू न होने से आवागमन प्रभावित हो रहा है और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। इस पर संबंधित ठेकेदार ने बताया कि जल निगम द्वारा पाइप लाइन डालने के कार्य में देरी और सड़क पर लीकेज की समस्या के चलते निर्माण कार्य प्रभावित हुआ था, लेकिन अब कार्य पूरा हो चुका है और जल्द सड़क निर्माण शुरू कराया जाएगा। नपाध्यक्ष ने मौके पर मौजूद अवर अभियंता निधि पाण्डेय और संबंधित ठेकेदार को निर्देश देते हुए कहा कि दो दिन के भीतर सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाए, अन्यथा कठोर कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष ने मोहल्ले की साफ-सफाई, नालियों की स्थिति और डोर-टू-डोर कचरा वाहन की नियमितता को लेकर वार्डवासियों से संवाद भी किया। स्थानीय नागरिकों ने सफाई व्यवस्था में अनियमितताओं की शिकायत की, जिस पर संबंधित स्वास्थ्य नायक को नियमित सफाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। वहीं कचरा वाहन चालकों को समय पर वाहन न पहुंचाने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई। इसके बाद नपाध्यक्ष बाहुबली नगर पहुंचीं, जहां लोगों ने शिकायत की कि करीब तीन माह पहले जल निगम द्वारा पाइप लाइन डालने के लिए सड़क खोदी गई थी, लेकिन अब तक उसकी मरम्मत नहीं कराई गई। इससे लोगों को आवागमन में भारी परेशानी हो रही है और आए दिन लोग



चोटिल हो रहे हैं। मामले को गंभीरता से लेते हुए नपाध्यक्ष ने मौके पर मौजूद जल निगम अधिकारियों को फटकार लगाई और एक सप्ताह के भीतर खुदी हुई सड़कों की मरम्मत पूरी कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लापरवाही मिलने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। नपाध्यक्ष ने बड़ी नहर रावतयाना स्थित पुल एवं नगर पालिका द्वारा निर्मित नव-निर्मित शौचालय का भी निरीक्षण किया। इस दौरान कुछ कमियां मिलने पर संबंधित अधिकारियों को तत्काल व्यवस्थाएं दुरुस्त कराने के निर्देश दिए गए। इस दौरान अध्यक्ष प्रतिनिधि मुन्नालाल जैन, अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि आनंद यादव एवं अमरदीप रजक, अवर अभियंता निधि पाण्डेय, प्रभारी सफाई निरीक्षक महेंद्र सिंह यादव सहित नगर पालिका के कई अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## बिठूर में गंगा दशहरा पर होंगे बेहतरीन इंतजाम, साफ सफाई से लेकर ट्रैफिक व्यवस्था होगी दुरुस्त



**कानपुर।** कमिश्नरेट पुलिस ने बिठूर में गंगा दशहरा को सकुशल संपन्न कराने के लिए इंतजाम शुरू कर दिए हैं। डीसीपी पश्चिम एस.एम.कासिम आबिदी ने बैठक कर कहा है कि गंगा दशहरा पर किसी तरह का कोई व्यवधान उत्पन्न नहीं होना चाहिए। आज दिनांक 23.05.2026 को पुलिस उपायुक्त पश्चिम एस.एम. कासिम आबिदी द्वारा थाना बिठूर क्षेत्रान्तर्गत स्थित नानाराव पेशवा स्मारक पार्क में आगामी ज्येष्ठ गंगा दशहरा पर्व के दृष्टिगत सम्भ्रांत व्यक्तियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में सहायक पुलिस आयुक्त कल्याणपुर, उपजिलाधिकारी सदर, थाना प्रभारी सफीपुर (उन्नाव) एवं थाना प्रभारी बिठूर उपस्थित रहे। तत्पश्चात गंगा घाटों का निरीक्षण कर सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। बैठक के दौरान पर्व को सकुशल एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न कराये जाने हेतु सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, साफ-सफाई तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## गंगा दशहरा पर सिद्धनाथ मंदिर पर होंगे वृहद कार्यक्रम


**कानपुर।** द्वितीय काशी कहे जाने वाले सिद्धनाथ मंदिर पर गंगा दशहरा के दिन कई धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए मां गंगा सेवा समिति, के संस्थापक बाल योगी चेतन्य महाराज ने बताया कि प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य एवं विशाल गंगा जन्मोत्सव का आयोजन आयोजित किया जा रहा है। जिसमें विविध कार्यक्रम आयोजित होगें। भव्य भजन संध्या, संतो के प्रवच, महायज्ञ, माँ गंगा की महा आरती, विशाल भंडारा आदि।

## जिला उद्योग बन्धु की बैठक 26 मई को

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
www.swatantraprabhat.com
स्वतंत्र प्रभात
जो लिखेगा, वही टिकेगा
ब्रेकिंग न्यूज़

**प्रतापगढ़।** उपायुक्त उद्योग एसएस रावत ने बताया है कि जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक 26 मई को अपरान्ह 4 बजे जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय के सभागार में आयोजित की जायेगी।

## कानपुर में नो पार्किंग जोन में खड़े वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही, 15 वाहनों को भेजा पुलिस लाइन



**कानपुर।** आज दिनांक 23.05.2026 को पुलिस उपायुक्त यातायात रवीन्द्र कुमार के निर्देशन में सुगम यातायात योजना 'Reducing Traffic congestion (RTC) Scheme' के अंतर्गत शहर में यातायात व्यवस्था को सुगम, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने हेतु विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों पर सड़क किनारे नो पार्किंग जोन में खड़े वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही की गई । यातायात पुलिस कर्मियों द्वारा लाउड हेलर के माध्यम से वाहन स्वामियों/ चालकों को सूचित करते हुए अपने वाहनों को तत्काल नो पार्किंग क्षेत्र से हटाने हेतु निर्देशित किया गया। इसके बावजूद भी जिन वाहन स्वामियों द्वारा अपने वाहन नहीं हटाए गए, उनके वाहनों को क्रेन के माध्यम से कुल 15 चार पहिया वाहनों को यातायात पुलिस लाइन कानपुर नगर भेजा गया। वाहन स्वामियों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु अंतिम चेतावनी देते हुए नियमानुसार उनके वाहन सुपुर्द किए गए। यातायात पुलिस कानपुर नगर द्वारा आमजन से अपील कि जाती है कि वे अपने वाहन निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़े करें तथा नो पार्किंग जोन में वाहन खड़ा कर यातायात व्यवस्था बाधित न करें। यातायात नियमों का पालन कर शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम एवं सुरक्षित बनाए रखने में सहयोग प्रदान करें।

# देर रात सड़कों पर बेखौफ घूम रहे अपराधी, विजय नगर में दो युवकों से मारपीट और तमंचे से धमकी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**कानपुर।** काकादेव थाना क्षेत्र के शास्त्री नगर चौकी अंतर्गत विजय नगर इलाके में बीती देर रात दो युवकों के साथ मारपीट और तमंचा दिखाकर धमकाने की घटना सामने आई है। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है और स्थानीय लोगों में पुलिस गश्त को लेकर नाराजगी देखी जा रही है।

जानकारी के मुताबिक विजय नगर स्थित फल की दुकान के पीछे चिंटू पान शॉप के पास कुछ दबंग युवकों ने दो युवकों को रोककर उनके साथ मारपीट की। आरोप है कि इस दौरान युवकों पर कट्टा तानकर उन्हें धमकाया भी गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि देर रात क्षेत्र में असामाजिक तत्व और अपराधी बेखौफ होकर घूमते हैं, लेकिन पुलिस गश्त के बावजूद उन पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही। लोगों ने आरोप लगाया कि क्षेत्रीय जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा केवल औपचारिकता निभाई जा रही है, जबकि इलाके में अपराधियों की गतिविधियां लगातार बढ़ रही हैं।

गौरतलब है कि काकादेव थाना क्षेत्र में पहले भी कई गंभीर घटनाएं सामने आ चुकी हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि दो गोलीकांड जैसी घटनाओं के बाद भी पुलिस सतर्क नजर नहीं आ रही है। ऐसे में विजय नगर क्षेत्र में कभी भी बड़ी वारदात होने की आशंका बनी हुई है। फिलहाल घटना को लेकर इलाके में चर्चा तेज है। स्थानीय लोग देर रात गश्त बढ़ाने और क्षेत्र में सक्रिय असामाजिक तत्वों पर सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को किया गया जागरूक



**भदोही।** उत्तर प्रदेश सरकार के 'मिशन शक्ति फेज-5.0' द्वितीय चरण अभियान के अंतर्गत जनपद पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को लेकर विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन में जनपद के विभिन्न गांवों, कस्बों, मोहल्लों और शिक्षण संस्थानों में चौपाल लगाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों तथा हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। अभियान के दौरान महिलाओं को गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा, साइबर सुरक्षा, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग और यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही 1090, 112, 181, 1098 और 1930 समेत विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर आवश्यकता पड़ने पर तत्काल सहायता लेने के लिए प्रेरित किया गया।

# रामादेवी चौराहे पर रोडवेज बसों ने बनाया अस्थाई बस अड्डा, बसें लगातीं हैं चौराहे पर जाम

● रोडवेज बस चालकों की मनमानी से लगता है रामादेवी चौराहे पर जाम।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** एक तरफ डीसीपी यातायात रविन्द्र कुमार द्वारा कानपुर में जाम की समस्या समाप्त करने के लिए दिन रात एक किए हुए हैं वहीं दूसरी ओर रामादेवी चौराहे पर रोडवेज बस वाले लाइन से बसें रोक कर सवारी भरते हैं और जाम लगा देते हैं। इससे जाम लग जाता है और अन्य निकलने वाले वाहनों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

यह प्रतिदिन की समस्या हो गई है रोडवेज बस चालक, परिचालक झकरकटी बस स्टैंड से खाली बस ले आते हैं, और लखनऊ, इलाहाबाद की तरफ जाने वालीं सवारियां रामादेवी चौराहे से बैठालते हैं। ये बसें चौराहे पर लाइन लगाकर खड़ी हो जातीं हैं जिससे अन्य वाहनों को निकलने में परेशानी होती है। ताज्जुब की बात तो कि ट्रैफिक पुलिस कर्मचारी और थाना चकेरी की पुलिस रामादेवी पुल के नीचे बैठी रहती है लेकिन बसों पर न तो कोई कार्रवाई होती है और न ही उनको हटाया जाता है। आज दोपहर स्वतंत्र प्रभात संवाददाता ने जब रामादेवी चौराहे पर जाकर देखा तो कम से कम आधा दर्जन बसें लाइन लगाकर खड़ी थीं। झकरकटी से आने वाली रोडवेज बस लखनऊ की तरफ लाइन लगाकर खड़ी हो जातीं हैं और पूरा चौराहा जाम कर देती हैं। अन्य वाहन उनके हटने का इंतजार करते रहते हैं। पूरे शहर में इस समय जाम हटाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। डीसीपी यातायात स्वयं इसकी मोनीटरिंग कर रहे हैं। लेकिन उनके जाते ही पुलिस कर्मचारी बैठ जाते हैं और जाम लगना शुरू हो जाता है।

## केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप त्रि-भाषा नीति लागू करने का निर्णय स्वागत योग्यः अभाविप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 से कक्षा 9 के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 और राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा-2023 के अनुरूप त्रि-भाषा नीति को अनिवार्य रूप से लागू करने के ऐतिहासिक निर्णय का स्वागत किया है। अभाविप ने कहा कि बोर्ड द्वारा लिया गया यह निर्णय स्कूली शिक्षा को लचीला, समावेशी, भविष्योन्मुखी और परिवर्तनकारी बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है, जो 'विकसित भारत 2047' के संकल्पों और आकांक्षाओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसके अतिरिक्त, अभाविप तीनों भाषाओं में बोर्ड परीक्षा आयोजित कराए जाने की भी मांग करती है। जिससे ये भाषाएं केवल अधिगम तक सीमित न रहकर मूल्यांकन परक भी हो जिससे इसके दीर्घकालिक परिणाम निकल कर आए।

अभाविप का मानना है कि इस नीति में तीन में से कम से कम दो भाषाओं के भारतीय मूल होने की अनिवार्यता, देश के भाषाई वैभव और सांस्कृतिक जड़ों को सुदृढ़ करेगी। भारत स्वाभाविक रूप से एक बहुभाषी समाज है जहाँ छात्र घर, विद्यालय और कार्यस्थल पर अलग-अलग भाषाओं का उपयोग करते हैं। ऐसे में छात्रों को कई भारतीय भाषाओं में संवाद करने में सक्षम बनाना अत्यंत आवश्यक है। भारतीय भाषाओं के बीच व्याकरण, वाक्य संरचना, शब्दावली और सांस्कृतिक संदर्भों की जो समानता है, उसके कारण यह नीति छात्रों पर बिना किसी अतिरिक्त मानसिक बोझ के उन्हें एक साथ कई भाषाएँ सीखने का सहज अवसर प्रदान करेगी। संथाली, मैथिली, डोगरी और कोंकणी जैसी भाषाओं को पहली बार शामिल कर कुल 44 भाषाओं का विस्तृत विकल्प देना बोर्ड का एक सराहनीय और स्वागत योग्य प्रयास है।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय मंत्री अभय प्रताप सिंह ने कहा कि, 'केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा त्रि-भाषा नीति को पूर्णतः लागू करने का निर्णय भारतीय शिक्षा के स्वदेशीकरण और राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ करने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। देश में रोजगार और उच्च शिक्षा के लिए निरंतर बढ़ रहे अंतर-राज्यीय प्रवास को देखते हुए भारतीय भाषाओं का ज्ञान छात्रों के भविष्य के लिए अत्यंत उपयोगी साबित होगा। प्रान्त मंत्री दिनेश यादव ने कहा कि इस नीति में छात्रों पर से मुख्य बोर्ड परीक्षा का दबाव हटाने के लिए तीसरी भाषा का मूल्यांकन पूरी तरह से विद्यालय स्तर पर आंतरिक रखा गया है, जिससे छात्र बिना किसी तनाव के आनंदपूर्वक भाषा सीख सकेंगे।

## वनवासी समाज के सम्मान में एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने संभाली सेवा की कमान

**कानपुर।** समाज के सम्मान एवं राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए नई दिल्ली में आयोजित होने जा रहे 2 लाख वनवासी कार्यकर्ताओं के वृहद सम्मेलन में सम्मिलित होने हेतु देश के विभिन्न क्षेत्रों से जा रहे वनवासी समाज के बन्धुओं एवं भगिनियों का अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, कानपुर महानगर द्वारा गोविंदपुरी रेलवे स्टेशन पर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। परिषद कार्यकर्ताओं द्वारा यात्रियों के लिए भोजन, जल एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएँ भी सुनिश्चित की गईं। इस अवसर पर कानपुर महानगर के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे तथा सभी ने आत्मीय भाव से अतिथियों का स्वागत कर सेवा, समर्पण एवं संगठन की भावना के साथ व्यवस्थाओं को सफल बनाया। कार्यकर्ताओं ने यात्रियों को भोजन वितरण करने के साथ-साथ उनकी यात्रा संबंधी आवश्यकताओं में भी सहयोग प्रदान किया। इस दौरान स्टेशन भारत माता की जय एवं वंदे मातरम् के उद्घोषों से गुंजायमान रहा। परिषद कार्यकर्ताओं ने यात्रियों का पुष्प वर्षा एवं अभिनंदन कर भारतीय संस्कृति की अतिथि सत्कार परंपरा को भी जीवंत किया। कार्यक्रम के दौरान परिषद कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। बड़ी संख्या में उपस्थित छात्र कार्यकर्ताओं ने अनुशासित ढंग से व्यवस्थाओं का संचालन किया तथा यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसका विशेष ध्यान रखा। परिषद द्वारा किए गए

## कानपुर जोन की नवागंतुक एडीजी अनुपम कुलश्रेष्ठ ने पदभार ग्रहण कर किया निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** नवागंतुक अपर पुलिस महानिदेशक अनुपम कुलश्रेष्ठ द्वारा आज अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर का पदभार ग्रहण किया गया। पदभार ग्रहण करने के उपरान्त जोनल कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया ।

नवागंतुक एडीजी कानपुर जोन ने निरीक्षण करते हुए कार्यप्रणाली, अभिलेखों के रख-रखाव, कार्यालयीय अनुशासन एवं समन्वय व्यवस्था का गहन अवलोकन किया। इस दौरान गोपनीय शाखा, प्रधान लिपिक कार्यालय, वाचक कार्यालय, कन्ट्रोल रूम, सोशल मीडिया सेल सहित अन्य शाखाओं का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की गयी। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कार्यों के निष्पादन में पारदर्शिता, समयबद्धता, उत्तरदायित्व एवं संवेदनशीलता बनाए रखने के निर्देश दिए गए। उन्होंने विशेष रूप से कानून-व्यवस्था एवं जनसामान्य से जुड़ी सूचनाओं के त्वरित संकलन, प्रभावी मॉनिटरिंग, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रसारित भ्रामक/आपत्तिजनक सामग्री पर सतर्क दृष्टि रखने तथा समन्वित रूप से त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु



आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। साथ ही कार्यालयीय कार्यों में अनुशासन, गोपनीयता एवं दक्षता बनाए रखते हुए जनहित से जुड़े मामलों में त्वरित एवं प्रभावी कार्य संस्कृति अपनाने पर बल दिया गया।

## डीएम एवं एसपी ने थाना रानीगंज में सुनीं जनसामस्यायें, 8 शिकायतों का मौक पर निस्तारण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** थाना रानीगंज में आयोजित थाना समाधान दिवस में जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने जनसमस्याएं सुनीं।थाना समाधान दिवस में राजस्व विभाग की 37 व पुलिस विभाग की 19 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से मौके पर पुलिस की 6 व राजस्व की 02 शिकायतों का निस्तारण कराया गया। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक शिकायत को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्राप्त सभी शिकायतों को गंभीरता से लिया जाए और उनके निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि राजस्व-पुलिस विभाग की संयुक्त टीम मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण करे और समय-सीमा और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करे।

उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि शिकायतकर्ता-विपक्षी पक्ष दोनों को बुलाकर पारदर्शी तरीके से प्रकरण का समाधान कराया जाए, जिससे भविष्य में विवाद की पुनरावृत्ति न हो। डीएम ने कहा



कि शासन की प्राथमिकता है कि आमजन को न्याय पाने के लिए अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। इस अवसर पर सीओ रानीगंज विनय प्रभाकर साहनी उपस्थित रहे।

## गोविंद नगर में टेलर की दुकान में लगी भीषण आग, शॉर्ट सर्किट की आशंका


स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** गोविंद नगर क्षेत्र में शुक्रवार देर रात एक टेलर की दुकान में अचानक आग लगने से इलाके में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते आग ने पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। घटना गोविंद नगर के 5 ब्लॉक स्थित 'बोनटेक्स टेलर्स' की है। दुकान 12 ब्लॉक निवासी सुरेंद्र लांबा की बताई जा रही है, जो दीपक विश्वकर्मा के मकान में संचालित होती है। जानकारी के अनुसार दुकान संचालक रोज की तरह रात करीब 10 बजे दुकान बंद कर घर चले गए थे। देर रात करीब 12 बजे दुकान से अचानक धुआं निकलता दिखाई दिया, जिसके बाद कुछ ही देर में तेज लपटें उठने लगीं। आग फैलते ही आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना पर



फजलगंज फायर स्टेशन से दो दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का अभियान शुरू किया। दमकल कर्मियों की कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। गोविंद नगर थाना प्रभारी ऋकेश सिंह ने बताया कि शुरुआती जांच में आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट मानी जा रही है। हालांकि आग लगने के सही कारणों की जांच की जा रही है। घटना के दौरान सड़क पर लोगों की भीड़ जमा होने से कुछ समय के लिए जाम की स्थिति बन गई, जिसे पुलिस ने ट्रैफिक डायवर्ट कर नियंत्रित किया। आग से दुकान में रखा सामान, कपड़े और अन्य सामग्री जलकर खाक हो गई। घटना में भारी नुकसान की आशंका जताई जा रही है।

## धर्म सम्राट स्वामी करपात्री जी की मूर्ति खंडित



**प्रतापगढ़।** गोरक्षक धर्म सम्राट स्वामी करपात्री जी महराज की जन्म स्थली भटनी ग्राम पंचायत ब्लॉक रामपुर संग्रामगढ़ है।धर्म सम्राट के पौत्र गोकरण नाथ ओझा के द्वारा बताया गया कि उमरपुर ग्राम स्थित चुर्री चौराहे पर स्थापित धर्म सम्राट स्वामी करपात्री जी महराज की मूर्ति खंडित हो गई है,जो कई सालों से खंडित है। मूर्ति स्थापित करने के बाद से चुर्री चौराहे का नाम स्वामी करपात्री जी महराज के नाम से जाना जाने लगा। शुक्रवार को गविष्ठि यात्रा लेकर पहुंचे शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद जी ने खंडित मूर्ति पर पूजन अर्चन आदि किया गया। जबकि सनातन संस्कृति व शास्त्रों मे खंडित मूर्ति की पूजा करना वर्जित है।

## हॉस्टल में ओटी टेक्निशियन के छात्र ने दी जान, अंगौछे से लटका मिला शव, जांच में जुटी पुलिस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** शहर के कल्याण पुर के हॉस्टल में ओटी टेक्निशियन के छात्र का शव शनिवार सुबह बगल के कमरे में फंदे से लटका मिला,, इंस्पेक्टर कल्याण पुर संतोष कुमार सिंह के मुताबिक फारेसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया,, हॉस्टल परिसर में रहने वाले अन्य छात्रों में हड़कंप मच गया, सूचना पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया,, आपको बताते चलें कि छात्र मूलरूप से इटावा जनपद के थाना बलरई के गढीरामधन, गांव निवासी रवि कुमार 19 वर्ष ओटी टेक्निशियन द्वितीय वर्ष का छात्र था उसके पिता विजयराम किसान हैं रजित कल्याण पुर कला स्थित बाबा हॉस्टल में रह कर पढ़ाई कर रहा था,रूम मेट अनूप ने बताया कि शनिवार सुबह जब वह सोकर



जागे तो रजित कमरे में नहीं था,वह उन्हें ढूंढने लगे,उनके रूम के बगल में रजित का शव अंगौछे के सहारे फंदे से लटका हुआ था,रूम पार्टनर ने बताया कि इस दौरान कमरे का दरवाजा खुला पड़ा था, इससे तुरंत अन्य छात्रों को जानकारी दी और पुलिस को सूचना दी रूम पार्टनर अनूप ने बताया कि शुक्रवार शाम को छात्र घर से वापस हास्टल आया था, कल्याण पुर थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह और फारेसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच की, उन्होंने बताया कि परिजन तहरीर देते हैं, तों वह जांच कर कार्रवाई की जाएंगी।

## कामुक दरिंदे ने बालिका को बनाया अपनी हवस का शिकार, आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस

**तिलहर- शाहजहाँपुर ।** घर से परचूनी की दुकान पर सामान लेने जा रही मासूम बालिका को एक दरिंदे ने दबोचकर खेत में ले जाकर दुष्कर्म किया। थाना क्षेत्र की 8 वर्षीय बालिका घर से परचूनी का सामान लेने जब दुकान पर जा रही थी तभी गांव मुला गोटिया निवासी युवक वीरेन्द प्रताप उर्फ गोविन्द पुत्र नेत्रपाल बेटी को दबोच खेत में खींच ले गया और उसके साथ दुष्कर्म कर भाग गया। सूचना मिलने पर अपर पुलिस अधीक्षक दीक्षा भवरे तथा सीओ ईशिका सिंह घटना स्थल पर पहुंची। और पीड़ित परिवार से करता की जानकारी दी उसके बाद उन्होंने प्रभारी निरीक्षक प्रिंस शर्मा को मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार करने के पड़े निर्देश दिए। प्रभारी निरीक्षक प्रिंस शर्मा ने बताया बालिका के पिता द्वारा मुकदमा दर्ज कराया गया है आरोपी की सरकारी से तलाश की जा रही है। तथा पीड़ित बालिका को डाक्टरी परीक्षण के लिए अस्पताल भेज दिया गया है।

## स्पोर्ट्स स्टेडियम में मैत्री फाइनल मैच में गोमती ग्लोबल स्कूल की टीम विजई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** स्वर्गीय राजीव गांधी के पुण्य तिथि के अवसर पर शनिवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम प्रतापगढ़ में तीन दिवासीय टूर्नामेंट के फाइनल का उदघाटन जिला कांग्रेस अध्यक्ष नीरज त्रिपाठी के द्वारा हुआ पहले बल्लेबाजी करते हुए आत्रेय एकेडमी की टीम निर्धारित 35 ओवर के मैच में 23.5 ओवर में 155 रन ही बना सकी। पूरी टीम आलआउट हो गई। टीम की तरफ से हर्ष शर्मा ने 23 रन, आर्यन 35, अंकित शुक्ला ने 23 रन योगदान दिया। इधर गोमती ग्लोबल की तरफ से दिलशाद ने चार विकेट लिए। अनूप सरोज , कोनाल, आयु ने 2- 2 विकेट झटके।



जवाब देने उतरी गोमती ग्लोबल स्कूल की टीम ने 17 ओवर में तीन विकेट खोकर 156 बनाकर यह मैच जीत लिया। टीम की तरफ से अनूप सरोज ने 62 रन, शनि यादव 59, आदर्श दुबे ने शानदार 28 रन बनाए। वहीं आत्रेय एकेडमी के सूर्यांश ने दो विकेट व आर्यन को एक ही विकेट से संतोष करना पड़ा। मैन आफ द मैच अनूप सरोज व मैन आफ सीरीज शनि यादव को दिया गया। खेल प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष दुर्गेश तिवारी ने विजेता व उप विजेता दोनों टीमों के खिलाड़ियों को उत्साहवर्धन किया।

## श्रीमद्भागवत कथा में रास लीला एवं रुक्मिणी विवाह का हुआ मनमोहक वर्णन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** ग्राम सभा परियांवा में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दौरान रास लीला एवं रुक्मिणी विवाह प्रसंग का भव्य एवं भावपूर्ण आयोजन किया गया। कथा स्थल पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरा वातावरण भगवान श्रीकृष्ण के भक्ति गीतों एवं जयकारों से भक्तिमय बना रहा।कथा व्यास शैलेन्द्र शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण की रास लीला का आध्यात्मिक महत्व बताते हुए कहा कि रास लीला आत्मा और परमात्मा के मिलन का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति में समर्पण ही जीवन का सबसे बड़ा सुख है। कथा के दौरान गोपियों के प्रेम एवं भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं का वर्णन सुन श्रद्धालु भावविभोर हो उठे।इसके उपरांत रुक्मिणी विवाह प्रसंग का अत्यंत सुंदर वर्णन किया गया। कथा व्यास ने बताया कि माता रुक्मिणी भगवान श्रीकृष्ण को अपना आराध्य मानती थीं और उन्होंने पूर्ण श्रद्धा एवं विश्वास के साथ भगवान को पति रूप में प्राप्त किया। भगवान श्रीकृष्ण द्वारा रुक्मिणी हरण एवं विवाह प्रसंग का वर्णन सुन श्रद्धालु आनंदित हो उठे। कथा स्थल पर विवाह उत्सव की आकर्षक झांकी सजाई गई तथा श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर भगवान श्रीकृष्ण एवं रुक्मिणी जी का स्वागत किया।

कथा आयोजन के मुख्य यजमान शिवाकांत ओझा एवं संदीप ओझा रहे। आयोजन में अमित ओझा, सचिन ओझा, मनोज ओझा, अनिल ओझा, विनोद ओझा, प्रशांत ओझा, इंद्र नारायण द्विवेदी, लक्ष्मी



नारायण शुक्ला, विजय मिश्रा, सनत मिश्रा, पारस मिश्रा, मुकेश तिवारी, विजय तिवारी, अजय पाण्डेय, संजय शुक्ला एवं हिमांशु मिश्रा सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग एवं ग्रामीण सहयोग कर रहे हैं। कथा के दौरान भजन-कीर्तन, संगीतमय प्रस्तुति एवं प्रसाद वितरण का आयोजन भी किया गया। आयोजकों ने अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा श्रवण कर पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

# न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सीबीएसई प्रशिक्षण सत्र सकुशल संपन्न

● 60 शिक्षकों ने प्रशिक्षण में प्रतिभाग किया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के निर्देश पर शनिवार को न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, प्रतापगढ़ के सभागार में एक दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। प्रातः 9 बजे से सायं 4 बजे तक चले इस सत्र का मुख्य विषय राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप कक्षा-शिक्षण में नवाचार निश्चित रहा। जिले के सीबीएसई संबद्ध विद्यालयों से आए लगभग 60 शिक्षक-शिक्षिकाओं ने इस कार्यशाला में सहभागिता की।

सीबीएसई द्वारा नामित रिसोर्स पर्सन के रूप में श्रीमती अर्चना मिश्रा, वरिष्ठ संकाय, स्टडी हॉल, लखनऊ एवं प्रशांत सिंह, वरिष्ठ संकाय, सनबीम सनसिटी स्कूल, वाराणसी



ने प्रशिक्षण सत्रों का संचालन किया। श्रीमती मिश्रा ने अपने सत्र में 'कॉम्पिटेंसी बेस्ड असेसमेंट' एवं 'ब्लूम्स टैक्सोनॉमी पर आधारित प्रश्न-पत्र निर्माण' की बारीकियाँ समझाईं।

उन्होंने कहा, अब रटने की नहीं, समझने की शिक्षा का समय है। प्रश्न ऐसे हों जो बच्चे की सोचने-समझने की क्षमता को परखें। 'वहीं श्री प्रशांत सिंह ने 'छात्र-केंद्रित शिक्षण तकनीक' एवं 'कक्षा प्रबंधन' पर जोर दिया।कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रमुख बिंदुओं, आंतरिक मूल्यांकन की नई रूपरेखा, कला-एकीकृत शिक्षा तथा अनुभवात्मक अधिगम पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। शिक्षकों ने समूह चर्चा एवं प्रेजेंटेशन के माध्यम से अपनी जिज्ञासाओं का समाधान पाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल की चेयरपर्सन डॉ शाहिदा ने आए हुए शिक्षको तथा सीबीएसई द्वारा नामित रिसोर्स पर्सन्स का स्वागत किया तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य ने आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## संक्षिप्त खबरें

### बुढ़ियाडाबर में मां भगवती एवं हनुमान प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का हुआ शुभारंभ

**भव्य कलश यात्रा के साथ धार्मिक माहौल हुआ भक्तिमय**



**चौपारण, हजारीबाग :** चौपारण प्रखंड के बरमोरिया पंचायत अंतर्गत ग्राम बुढ़ियाडाबर में आयोजित श्री श्री 108 मां भगवती एवं हनुमान प्राण प्रतिष्ठा वार्षिकोत्सव महायज्ञ का शुभारंभ गुरुवार को श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ हुआ। महायज्ञ के प्रथम दिन भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने मुख्य पुजारी भीखन यादव को कलश प्रदान कर विधिवत कलश यात्रा को रवाना किया। गाजे-बाजे, शंखध्वनि और जयकारों के बीच निकली कलश यात्रा गांव के विभिन्न मार्गों का भ्रमण करते हुए यज्ञ मंडप पहुंची। वहां वैदिक मंत्रोच्चारण एवं धार्मिक विधि-विधान के साथ अनुष्ठान प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन समाज को जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं। ऐसे आयोजनों से सामाजिक समरसता, भाईचारा और आध्यात्मिक चेतना को मजबूती मिलती है। उन्होंने कहा कि यज्ञ और पूजा-अर्चना से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है तथा लोगों की आस्था और संस्कृति के प्रति जुड़ाव बढ़ता है। विधायक ने आयोजन समिति को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के आयोजन भारतीय परंपरा और संस्कृति को जीवंत बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। महायज्ञ के दौरान श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिला। पूरे गांव में भक्तिमय वातावरण बना रहा। आयोजन को सफल बनाने में ग्रामीणों एवं समिति के सदस्यों की सक्रिय भागीदारी रही। मौके पर विधायक प्रतिनिधि राजदेव यादव, मुखिया सरिता देवी, पंचायत समिति सदस्य महेंद्र यादव, सुधीर यादव, सुदर्शन यादव, रामसेवक यादव, सुखदेव शर्मा, कैलाश यादव, चंदरदेव यादव, संजय यादव, कृष्णा यादव, नेमधारी यादव, कपिल यादव, मधु यादव, सुदय यादव, रघुनी शर्मा, राजेश यादव, इंदर देव गुरु, पवन प्रजापति, रामसुंदर प्रजापति, विनोद यादव, रामबृक्ष यादव, रामावतार यादव, पोखन यादव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

# त्विषा शर्मा मौत मामले में समर्थ सिंह को नहीं मिली राहत, हाई कोर्ट ने 7 दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा

**● भोपाल की मॉडल और एक्ट्रेस त्विषा शर्मा की मौत के मामले में मुख्य आरोपी पति समर्थ सिंह को कोर्ट ने सात दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। समर्थ ने अग्रिम जमानत याचिका वापस ले ली थी और उसे जबलपुर कोर्ट परिसर से हिरासत में लिया गया, जहां पुलिस अब उससे पूछताछ करेगी।**





**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**दिल्ली।** भोपाल की मॉडल और एक्ट्रेस त्विषा शर्मा मौत मामले में मुख्य आरोपी पति समर्थ सिंह को कोर्ट ने सात दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर मामले की पूरी सच्चाई जानने की कोशिश करेगी। मीडिया से बचाने के लिए समर्थ को कोर्ट परिसर में पीछे के रास्ते से लाया गया और वहीं कानूनी प्रक्रिया पूरी की गई। समर्थ सिंह ने गिरफ्तारी से बचने के लिए जबलपुर हाई कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर की थी। हालांकि शुक्रवार को सुनवाई के दौरान उसने अपनी याचिका वापस ले ली। इसके बाद हाई कोर्ट ने उसे कटारा हिल्स थाना प्रभारी या जांच अधिकारी के सामने आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि समर्थ सिंह को शरण देने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि वह इतने दिनों तक कहां छिपा रहा और किन लोगों ने उसकी मदद की। पुलिस ने यह भी कहा कि मामले में नोटिस भेजे जाने के बावजूद गिरिबाला सिंह अब तक पूछताछ के लिए पेश नहीं हुई हैं।

**कोर्ट परिसर से हिरासत में लिया गया आरोपी**

हाई कोर्ट के आदेश के बाद समर्थ सिंह जबलपुर जिला कोर्ट में सरेंडर करने पहुंचा था, लेकिन अदालत ने उसका समर्पण स्वीकार नहीं किया। इसके बाद वह गिरफ्तारी से बचने के लिए कोर्ट परिसर के एक कमरे में छिप गया। इसी दौरान भोपाल और जबलपुर पुलिस को उसके कोर्ट में मौजूद होने की जानकारी मिली। दोनों शहरों की पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए उसे हिरासत में ले लिया। जरूरी कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद जबलपुर पुलिस ने आरोपी को भोपाल पुलिस के हवाले कर दिया। इसके बाद पुलिस टीम उसे देर रात भोपाल लेकर पहुंची।

**12 मई को मिला था त्विषा का शव**

गौरतलब है कि भोपाल के कटारा हिल्स इलाके में रहने वाली रिटायर्ड जज गिरिबाला सिंह की बहू त्विषा शर्मा का शव 12 मई को संदिग्ध परिस्थितियों में घर में फंदे से लटका मिला था। घटना के बाद त्विषा के मायके पक्ष ने पति समर्थ सिंह और सास गिरिबाला सिंह पर हत्या का आरोप लगाया था। मामले के सामने आने के बाद से पुलिस लगातार जांच कर रही है और अब आरोपी से पूछताछ के जरिए कई अहम खुलासों की उम्मीद की जा रही है।

## ऋषिकेश-कर्णप्रयाग हाईवे पर हादसा: 100 मीटर खाई में गिरी बाइक, असम के युवक की हुई मौत

**● ऋषिकेश-कर्णप्रयाग राष्ट्रीय राजमार्ग पर गलनाऊं के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में मोटरसाइकिल 100 मीटर गहरी खाई में गिर गई।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**कर्णप्रयाग (चमोली)।** ऋषिकेश-कर्णप्रयाग राष्ट्रीय राजमार्ग पर शनिवार को गलनाऊं के पास दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। अनियंत्रित होकर एक मोटरसाइकिल गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को पुलिस, एसडीआरएफ और स्थानीय लोगों की मदद से करीब 100 मीटर गहरी खाई से निकालकर उप जिला चिकित्सालय कर्णप्रयाग पहुंचाया गया। कोतवाली प्रभारी विनोद थपलियाल ने बताया कि 112 डायल के माध्यम से सूचना मिली थी कि गलनाऊं के पास एक मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त होकर खाई में गिर गई है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। हादसे में सोम बोस्या (25) पुत्र रोबिन बोस्या निवासी जोरहाट, असम की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि ऋतिक (25) पुत्र धनंजय निवासी बक्सर (बिहार) गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों को स्थानीय लोगों, पुलिस, होमगार्ड, एसडीआरएफ और डीडीआरएफ की मदद से खाई से बाहर निकाला गया। इसके बाद 108 एंबुलेंस सेवा से उन्हें उप जिला चिकित्सालय कर्णप्रयाग पहुंचाया गया। बताया जा रहा है कि दोनों युवक अपने अन्य साथियों के साथ देहरादून से बदरीनाथ धाम की ओर जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, गलनाऊं के पास ढलान पर मोटरसाइकिल अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे क्रैश बैरियर से टकरा गई, जिससे दोनों युवक खाई में जा गिरे। ऋतिक एक पेड़ और चट्टान के सहारे खाई में अटक गया, जबकि पीछे बैठे सोम बोस्या गहरी खाई में गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गए। उप जिला चिकित्सालय के सीएमएस डॉ. बीपी पुरोहित ने बताया कि सोम बोस्या को अस्पताल लाने पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया, जबकि घायल ऋतिक का उपचार जारी है।

## यात्रियों को राहत, रेल प्रशासन को क्षेत्रवासियों का धन्यवाद





**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**श्रीभूमि:** श्रीभूमि जिले के दुल्लभछड़ा से ट्रेन संख्या 55687 सिलचर जाने वाली ट्रेन में लंबे समय से चली आ रही यात्रियों की समस्या का अंत हो गया है। बरसात के समय खिड़कियाँ खुली रहने के कारण कोच के अंदर पानी प्रवेश कर सीटें गीली हो जाती थीं, जिससे यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। बाद में विभिन्न समाचार पत्रों और चैनलों के माध्यम से यात्रियों की इस शिकायत को प्रमुखता से उठाया गया। यात्री कल्याण को ध्यान में रखते हुए यह मामला रेलवे विभाग के उच्च अधिकारियों और प्रशासन के संज्ञान में आया, जिसके बाद आवश्यक कदम उठाए गए। इसके परिणामस्वरूप आज एक संतोषजनक स्थिति देखने को मिली। प्रत्येक कोच के दरवाजे और खिड़कियाँ ठीक से बंद रखी गईं।

तेज बारिश के बावजूद ट्रेन के अंदर पानी प्रवेश नहीं कर सका और सीटें पूरी तरह सूखी एवं आरामदायक रहीं। इस बेहतर व्यवस्था के कारण यात्रियों ने बिना किसी परेशानी के अपनी यात्रा पूरी की और गंतव्य तक पहुँचे। क्षेत्रवासियों और यात्रियों ने रेलवे प्रशासन एवं संबंधित अधिकारियों के प्रति आभार और धन्यवाद व्यक्त किया।

## भोंडसी जेल में संजीव अरोड़ा से मिलेंगे केजरीवाल और मान, 100 करोड़ के घोटाले में ED ने किया था गिरफ्तार

**दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान शुक्रवार को गुरुग्राम स्थित भोंडसी जिला जेल पहुंचेंगे। दोनों नेता जेल में बंद पंजाब के मंत्री संजीव अरोड़ा से मुलाकात करेंगे। जानकारी के अनुसार संजीव अरोड़ा इस समय गुरुग्राम की भोंडसी जिला जेल में बंद हैं। अरविंद केजरीवाल और भगवंत मान की उनसे मुलाकात का समय दोपहर 2 बजे तय किया गया है। मुलाकात को लेकर सुरक्षा व्यवस्था भी कड़ी किए जाने की संभावना है। संजीव अरोड़ा को प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने कथित मनी लॉन्ड्रिंग और फर्जी जीएसटी लेनदेन से जुड़े मामले में गिरफ्तार किया था। उन पर करीब 100 करोड़ रुपये के कथित फर्जी जीएसटी नेटवर्क और वित्तीय अनियमितताओं से जुड़े आरोप हैं। ईडी ने छापेमारी के बाद उन्हें गिरफ्तार किया था और बाद में अदालत ने उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गुरुग्राम की अदालत ने हाल ही में संजीव अरोड़ा को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा था, जिसके बाद उन्हें भोंडसी जिला जेल में रखा गया है।

## अक्षय के नक्शे कदम पर चले वरुण; इश्क के चक्कर में फैला रायता; ट्रेलर आउट

**● वरुण धवन की आगामी फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' का ट्रेलर जारी हो गया**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**नई दिल्ली।** वरुण धवन की आगामी फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। बड़े पर्दे पर दस्तक देने से पहले फिल्म का ट्रेलर जारी किया गया है। डेविड धवन के निर्देशन में बनी फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' एक रोम-कॉम ड्रामा है। फिल्म में वरुण धवन, मृणाल ठाकुर और पूजा हेगड़े मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म का ट्रेलर जारी हो गया है।

**फिल्म का ट्रेलर आउट**

जस (वरुण धवन) की जिंदगी में सारा रायता बच्चे और ज्यादा प्यार की वजह से फैलता है। ट्रेलर की शुरुआत ही उनके और बानी (मृणाल ठाकुर) के बीच कोर्ट में खटपट से होती है। जस का ओवर लव और बच्चे के ऑब्सेशन से उसकी पत्नी बानी पक चुकी है। दोनों अलग होने का सोच चुके हैं।

**बीवी-गर्लफ्रेंड के चक्कर में फंसा हीरो**

तभी वरुण धवन को प्रीत (पूजा हेगड़े) से दोबारा इश्क हो जाता है। प्रीत के साथ जस का अच्छा-खासा रिलेशन चल रहा होता है, लेकिन तभी उसकी जिंदगी में पत्नी बानी की एंट्री हो जाती है जो मां बनने वाली है।

वहीं दूसरी ओर प्रीत भी मां बनने वाली है जिससे उसकी शादी भी नहीं हुई है। अब गर्लफ्रेंड-बीवी और होने वाले बच्चों के चक्कर में जस का बेड़ा गर्क हो गया है। वह कैसे यह सब हैंडल करेगा, यह फिल्म देखने के बाद ही पता चलेगा।

**गरम मसाला की आएगी याद?**

हालांकि, फिल्म का ट्रेलर देख लोग इसकी तुलना गरम मसाला से कर रहे हैं। दरअसल, गरम मसाला में अक्षय कुमार का कैरेक्टर एक घर में तीन-तीन गर्लफ्रेंड को रखता है। वरुण धवन की फिल्म में उसी तरह का सीन है जिसे देख लोग इसे गरम मसाला मिस्क्ड बता रहे हैं।

**कब रिलीज होगी फिल्म?**

फिल्म में बीवी नंबर 1 का चुनरी चुनरी गाना भी शामिल किया गया है। फिल्म में मौनी रॉय ने वरुण की ऑन-स्क्रीन नकली मां का किरदार निभाया है। यह फिल्म सिनेमाघरों में 5 जून को रिलीज होने वाली है।

## भारतीय मेजर अभिलाषा बराक को संयुक्त राष्ट्र का बड़ा सम्मान, मिला 'मिलिट्री जेंडर एडवोकेट' अवार्ड

**● लेबनान में संयुक्त राष्ट्र मिशन में सेवारत भारतीय शांति रक्षक मेजर अभिलाषा बराक को 'मिलिट्री जेंडर एडवोकेट ऑफ द ईयर' पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान महिलाओं और लड़कियों के सशक्तिकरण तथा शांति सैनिकों के लिए लैंगिक संवेदनशीलता प्रशिक्षण में उनके योगदान के लिए दिया गया है।**





**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**दिल्ली।** लेबनान में संयुक्त राष्ट्र मिशन में सेवारत भारतीय शांति रक्षक मेजर अभिलाषा बराक को विश्व संस्था द्वारा मिलिट्री जेंडर एडवोकेट आफ द ईयर अवार्ड से सम्मानित किया गया है। पश्चिम एशियाई देश में तैनाती के दौरान महिलाओं और लड़कियों के सशक्तिकरण के लिए उनके प्रयासों के लिए इस पुरस्कार से उन्हें नवाजा गया है।संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन ने शुक्रवार को कहा, 'यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि मेजर अभिलाषा बराक को 2025 का यूएन मिलिट्री जेंडर एडवोकेट आफ द ईयर अवार्ड से सम्मानित किया गया है। उन्हें महिलाओं और किशोरियों के लिए उनके सामुदायिक जुड़ाव और सामुदायिक गतिविधियों तथा शांति रक्षकों के लिए लैंगिक संवेदनशीलता प्रशिक्षण के लिए सम्मानित किया जा रहा है।' बराक लेबनान में संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल (यूएनआइएफआइएल) में महिला सहभागिता दल (एफईटी) की कमांडर के रूप में भारतीय बटालियन में सेवारत हैं।

**भारत के लिए गर्व की बात**

वह भारतीय सेना की पहली महिला लड़ाकू हेलीकाप्टर पायलट भी हैं। उन्हें संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में सम्मानित किया जाएगा, जब विश्व निकाय 29 मई को प्रतिवर्ष मनाए जाने वाले संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों के अंतरराष्ट्रीय दिवस का आयोजन करेगा। भारत के लिए गर्व का क्षण है, क्योंकि बराक देश की तीसरी प्राप्तकर्ता हैं जिन्हें यह पुरस्कार दिया जा रहा है। उनसे पहले मेजर सुमन गवानी और मेजर राधिका सेन को संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों में उनके सराहनीय कार्य के लिए सम्मानित किया गया था।

## श्रीभूमि जिले के भेटारबंद चिकित्सालय की बदहाल स्थिति से स्थानीय लोगों में रोष








**● प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप की मांग**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**श्रीभूमि :** श्रीभूमि जिले के दुल्लभछड़ा क्षेत्र स्थित भेटारबंद राजकीय चिकित्सालय की जर्जर स्थिति को लेकर स्थानीय लोगों ने गहरा रोष व्यक्त किया है। आरोप है कि लंबे समय से अस्पताल भवन के कई हिस्से टूट-फूट की स्थिति में पड़े हैं। साथ ही अस्पताल परिसर में जलभराव, गंदगी और अस्वच्छ वातावरण के कारण मरीजों और आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग इलाज के लिए इस चिकित्सालय में आते हैं, लेकिन पर्याप्त साफ-सफाई और रखरखाव के अभाव में अस्पताल की स्थिति दिन-प्रतिदिन खराब होती जा रही है। अस्पताल की दीवारों में दरारें, टूटे हुए दरवाजे-खिड़कियां और गंदा वातावरण लोगों की चिंता बढ़ा रहा है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि इस संबंध में कई बार संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। इससे आम जनता में नाराजगी लगातार बढ़ती जा रही है। स्थानीय लोगों ने चिकित्सालय की जल्द मरम्मत, नियमित साफ-सफाई और आवश्यक विकास कार्यों की मांग की है। साथ ही प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री से मामले में हस्तक्षेप कर शीघ्र आवश्यक कदम उठाने की अपील की है।

## अर्जुन तेंदुलकर का आखिरकार हो गया डेब्यू, आखिरी मैच में लखनऊ ने दे दिया मौका



**दिल्ली।** सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर को आखिरकार आईपीएल 2026 में खेलने का मौका मिला है। उन्हें सीजन के दौरान अब तक एक भी मैच में खेलने का मौका नहीं मिला था लेकिन सीजन के आखिरी मैच में उन्हें मौका मिला है। अर्जुन को लखनऊ सुपर जायंट्स ने 30 लाख रुपए में अपने साथ जोड़ा था। अब पंजाब किंग्स के खिलाफ मुकाबले में अर्जुन को प्लेइंग 11 में शामिल किया गया है। लखनऊ की टीम पहले ही प्लेऑफ की रेस से बाहर हो चुकी है। उनकी टीम अंक तालिका में 10वें स्थान पर है। एलएसजी पिछले कुछ मैचों में बेंच पर बैठे खिलाड़ियों को आजमा रही है और इसी कड़ी में तेंदुलकर को भी शामिल किया गया है। अर्जुन इस मुकाबले के जरिए लखनऊ के लिए अपना डेब्यू कर रहे हैं। इससे पहले वे मुंबई के लिए खेल चुके हैं।

## लातेहार व्यवहार न्यायालय में डिजिटल न्याय व्यवस्था की नई शुरुआत

**वरिष्ठ अधिवक्ता लाल अरविंद नाथ शाहदेव ने बताया ऐतिहासिक पहल**



**लातेहार, झारखंडः-** व्यवहार न्यायालय में न्यायिक प्रक्रिया को आधुनिक और सुगम बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शेषनाथ सिंह के प्रयास से शुक्रवार से न्यायालय में हाईब्रिड मोड पर कार्य की शुरुआत की गई। इस नई व्यवस्था के तहत अधिवक्ता अब ऑनलाइन माध्यम से भी न्यायालयीन कार्यों में भाग ले सकेंगे। हाईब्रिड मोड के तहत जमानत मामलों की सुनवाई ऑनलाइन माध्यम से संपन्न हुई। इस दौरान बार एसोसिएशन अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता लाल अरविंद नाथ शाहदेव ने सक्रिय रूप से ऑनलाइन बहस में भाग लेते हुए इस पहल को न्यायिक व्यवस्था में एक ऐतिहासिक बदलाव बताया। ऑनलाइन सुनवाई में अधिवक्ता मिथलेश सिंह, डालटनगंज से महेंद्र गिरि एवं अरविंद गुप्ता, लातेहार स्टेशन से विवेक गुप्ता तथा कुमार अमित ने भी भाग लेते हुए अपनी दलीलें प्रस्तुत कीं। वरिष्ठ अधिवक्ता लाल अरविंद नाथ शाहदेव ने कहा कि हाईब्रिड मोड न्यायिक व्यवस्था को नई दिशा देगा। इससे दूरदराज क्षेत्रों के अधिवक्ताओं और आम लोगों को काफी सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि अब अधिवक्ता अपने घर या कार्यालय से ही न्यायालयीन कार्य कर सकेंगे, जिससे समय की बचत होगी और न्याय प्रक्रिया अधिक प्रभावी बनेगी। उन्होंने इस पहल के लिए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शेषनाथ सिंह के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह व्यवस्था लातेहार न्यायालय के लिए एक मील का पत्थर साबित होगी। नई व्यवस्था की शुरुआत के बाद अधिवक्ताओं में उत्साह का माहौल देखा गया। वहीं तकनीकी सहयोग के लिए न्यायालयकर्मी अभय कुमार सिंह की भूमिका भी सराहनीय रही।

## जलते घर में घुसकर शाहदरा पुलिस ने 1 साल के बच्चे समेत तीन लोगों की बचाई जान, लपटों से घिर गया था परिवार

**दिल्ली।** शाहदरा जिले में दिल्ली पुलिस के जवानों ने बहादुरी दिखाते हुए एक जलते हुए मकान से एक साल के बच्चे समेत तीन लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। गैस सिलिंडर में रिसाव से आग लगी थी। अजीत नगर इलाके की गली नंबर-नौ में एक में आग लगी थी। आग उस वक्त लगी जब महिला खाना बना रही थी। गैस सिलेंडर में लीकेज होने के कारण अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरे कमरे को अपनी चपेट में ले लिया और अंदर मौजूद परिवार फंस गया।

इसी दौरान इलाके में बीट पेट्रोलिंग कर रहे शाहदरा पुलिस के एएसआई कुलदीप, हेड कांस्टेबल राहुल, कांस्टेबल विपिन और कांस्टेबल सनी ने धुआं और लोगों की चीख-पुकार सुनी। बिना समय गंवाए पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और अपनी जान जोखिम में डालकर आग से घिरे मकान के अंदर दाखिल हो गए। पुलिस टीम ने पहली मंजिल पर फंसे तीन लोगों 34 वर्षीय अरशद अली, 28 वर्षीय अर्शाना और 1 वर्षीय म अरमान अली को सुरक्षित बाहर निकाला। आग और धुएं के बीच पुलिसकर्मियों की सूझबूझ और साहस से बड़ा हादसा टल गया।

## पकौड़ी खाई, फिर 1000 के लिए रेता बहन-भांजे का गला; पुलिस मुठभेड़ में मौसेरा भाई गिरफ्तार

**● दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के गोविंदपुरी में मां-बेटे की हत्या के आरोपी सौरभ को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग की, जिसके जवाब में पुलिस ने उसके पैर में गोली मारकर काबू किया।**



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**दिल्ली।** दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के गोविंदपुरी इलाके में मां और बेटे की सनसनीखेज हत्या के मामले में पुलिस ने मुठभेड़ के बाद कातिल को गिरफ्तार कर लिया। ये कोई और नहीं बल्कि मृतका शारदा का मौसेरा भाई है। जिसने बेरहमी से अपनी बहन और भांजे को मौत के घाट उतार दिया। वह वारदात के बाद से फरार था। पुलिस के अनुसार मुठभेड़ के दौरान आरोपी ने पुलिस टीम पर चार राउंड फायरिंग की, जिसके जवाब में पुलिस ने उसके पैर में गोली मारकर काबू किया। उसने 20 मई को गोविंदपुरी में शारदा और उनके बेटे की हत्या कर दी गई थी। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक जांच में सामने आया कि वारदात को अंजाम देने वाला शारदा का मौसेरा भाई सौरभ है, जो संगम विहार में रहता है और साप्ताहिक बाजार में रेहड़ी लगाने का काम करता है। आरोपी नशे का आदी बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार सौरभ के खिलाफ पहले से भी कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। प्रारंभिक जांच में पता चला कि घटना वाली रात सौरभ शारदा के घर पहुंचा था। शारदा ने उसे पकौड़ी बनाकर खिलाई थी। इसी दौरान आरोपी ने एक हजार रुपये मांगे। पैसे को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि गुस्से में सौरभ ने शारदा के बाल पकड़कर रसोई में रखे चाकू से उनका गला काट दिया। शोर सुनकर जब उनका बेटा किचन में पहुंचा तो आरोपी ने उस पर भी ताबड़तोड़ हमला कर उसकी हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी घर में रखे करीब 10 लाख रुपये लेकर फरार हो गया था। मामले की जांच में जुटी दक्षिण-पूर्वी जिले की एंटी नारकोटिक्स टीम को सूचना मिली कि आरोपी घाटी पार्क इलाके में बैठा है और स्मैक पी रहा है। पुलिस टीम ने इलाके की घेराबंदी कर उसे सरेंडर करने को कहा, लेकिन आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी।जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने आरोपी के पैर में गोली मार दी, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। घायल आरोपी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले में आगे की जांच कर रही है।

## IPL 2026 में बिहार का डंका! ये 3 खिलाड़ी मचा रहे तबाही, अकेले पूरी टीम पर पड़ रहे भारी

**● IPL 2026 अब अपने अंतिम पड़ाव में पहुंच चुका है। प्लेऑफ की 3 टीम तय हो गई हैं और चौथे स्थान के लिए 3 ही टीमों के बीच जंग हो रही है।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 अब अपने अंतिम पड़ाव में पहुंच चुका है। प्लेऑफ की 3 टीम तय हो गई हैं और चौथे स्थान के लिए 3 ही टीमों के बीच जंग हो रही है। 26 मई से प्लेऑफ के मुकाबले खेले जाएंगे और फाइनल 31 मई के होगा। आईपीएल में अलग-अलग राज्य के प्लेयर अपने प्रदर्शन का लोहा मनवा रहे हैं। 19वें सीजन में बिहारी प्लेयर्स का भी डंका बज रहा है। 3 खिलाड़ी गेंद और बल्ले से तबाही मचा रहे हैं। अगर इनका दिन होता है तो यह मैच का रुख ही पलट देते हैं और अकेले विक्षपी टीम पर भारी पड़ते हैं। इन प्लेयर्स में पटना के ईशान किशन, समस्तीपुर के वैभव सूर्यवंशी और गोपालगंज के तेज गेंदबाज साकिब हुसैन शामिल हैं।

**वैभव सूर्यवंशी-** पिछले सीजन में आईपीएल डेब्यू कर चर्चा में आने वाले वैभव सूर्यवंशी ने आईपीएल 2026 में तबाही मचा रखी है। सामने जसप्रीत बुमराह हों, भुवनेश्वर कुमार या पैट कमिंस, वैभव हवाई फायर करने में किसी भी गेंदबाज के साथ कोई भेदभाव नहीं कर रहे हैं। मौजूदा सीजन में अब तक खेले 13 मैच की 13 पारियों में वैभव ने 44.54 की औसत और 236.33 की स्ट्राइक रेट से 579 रन बनाए हैं। IPL 2025 में 35 गेंदों पर शतक जड़कर इतिहास रचने वाले वैभव ने 19वें सीजन में 36 गेंदों पर सैकड़े के आंकड़े को छुआ। वह अब तक 1 शतक के साथ ही 3 फिफ्टी भी ठोक चुके हैं।

**ईशान किशन-** अपनी कप्तानी में बिहार को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी दिलाने वाले ईशान किशन ने इसके बाद पीछे मुड़कर नहीं देखा। न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज और विश्व कप में ईशान ने जलवा बिखेरा। अब आईपीएल 2026 में ईशान छाए हुए हैं। शुरुआती कुछ मुकाबलों में सनराइजर्स हैदराबाद की कप्तानी करने वाले ईशान ने मौजूदा सीजन में अब तक 569 रन बनाए हैं। अब तक खेले 14 मैच में उनकी औसत 40.64 की और स्ट्राइक रेट 178.37 की रही है। ईशान 19वें सीजन में अब तक 6 फिफ्टी जड़ चुके हैं।

**साकिब हुसैन-** तेज गेंदबाज साकिब हुसैन ने अपनी रफ्तार से सभी को प्रभावित किया है। शुक्रवार को आरसीबी के खिलाफ मैच में साकिब ने विराट कोहली की पारी का अंत किया। यह उनके लिए किसी सपने के साकार होने जैसा था। मौजूदा सीजन में साकिब ने अब तक 10 मैच खेले हैं और 15 विकेट चटकाए हैं। अहम बात यह है कि उन्होंने इस सीजन खेले सभी मैच में कम से कम 1 विकेट तो लिया ही है। वह आईपीएल इतिहास में अपने डेब्यू के बाद से लगातार पहले 10 मैचों में विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बन गए हैं।